ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 25 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-39 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल.... पेज 10 पर

गागर में सागर

झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज 27 व 28 नवंबर को छाए रहेंगे बादल

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा। 27 और 28 नवंवर को बादल छाए रहेंगे। बादल छंटते ही तापमान में गिरावट आएगी। मौसम केंद्र रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में 26 नवंबर को लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसका असर राजधानी रांची में भी होगा। साथ ही धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला समेत अन्य जिलों में असर दिखेगा। 25 नवंबर तक मौसम साफ और शुष्क रहेगा। 26 नवंबर से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण हवा की दिशा में बदलाव होगा। इस दौरान पूरे राज्य में पुरवइया हवा चलने की संभावना है। जिसमें नमी महसूस की जाएगी। इसका असर मुख्य रूप से राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में होगा।

जागरूकता के लिए मिनी मैराथन 27 को

रांची। स्वयंसेवी संस्था सीसा के तत्वावधान में रांची में 27 नवंबर को मिनी मैराथन का आयोजन होगा। सीसा की मैनेजर स्वति मालाकार, आयोजन से जुड़े फिनी सामुएल और सोलोमन जॉन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मिनी मैराथन अभिभावकों के लिए जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है। दरअसल आजकल अभिभावकों के पास बच्चों के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं होता है और इससे बच्चें भी काफी ज्यादा दबाव महसूस करते हैं। इस मिनी मैराथन के जरिए संस्था यह जागरूकता फैलाना चाहती है कि आपके बच्चों का भविष्य आपके हांथ में है।

एनएचएआई और डीएमआरसी के विशेषज्ञ सभी सुरंगों की करेंगे जांच

उत्तरकाशी (एजेंसी)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश की सभी निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करवाएगा। इसके तहत सामरिक दृष्टि से अहम चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के तहत निर्माणाधीन सुरंगें भी शामिल रहेंगी। देशभर में करीब 29 सुरंगों को चुना गया है। इनमें 12 सुरंगें हिमाचल प्रदेश की हैं। इन सुरंगों की कुल लंबाई 79 किमी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञ संयुक्त रूप से सभी सुरंगों की जांच करेंगे। निरीक्षण के बाद सात दिनों में रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली (एजेंसी)। आज शहीदी दिवस है। सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर मुगलों के खिलाफ खड़े हुए, और 1675 में औरंगजेब के आदेश पर उन्हें मार डाला गया। उन्होंने कमजोरों की सुरक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान करने और लालच पर काबू पाने के लिए आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है कि गुरु तेग बहादुर ने मानवीय मूल्यों और अधिकारों की रक्षा के लिए जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा है कि उनकी शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा करने और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं।

पलामू जोन में थानावार तैयार हो रही शिकायतों की सूची : आईजी

समीक्षा कर अधिकारी करेंगे कार्रवाई, फरियादियों का पहुंचना जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जोन में थानावार शिकायतों की सूची तैयार की जा रही है। बड़ी संख्या में फरियादी उच्च पुलिस अधिकारियों के पास फरियाद लेकर पहुंचते हैं। अधिकारियों ने एक रजिस्टर तैयार किया है। इस रजिस्टर में मुलाकातियों का पूरा ब्यौरा लिखा जा रहा है। इसमें मुलाकातियों के नाम-पता के साथ- साथ उनकी समस्याओं को भी दर्ज किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि यह

जानना कि पलामू जोन के कौन से इलाके में सबसे अधिक समस्या किस प्रकार की है एवं पुलिस अधिकारी समाधान के प्रति कितना सजग हैं। पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा भी अपने कार्यालय कक्ष में प्रतिदिन 50 से अधिक लोगों से मुलाकात कर समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं। आईजी ने फरियादियों की भीड़ को देखते हुए रजिस्टर मेनटेन करने की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए नई शुरूआत की गई है। इससे पता चल पाया कि कौन से इलाके के लोग उनके पास अधिक पहुंच रहे हैं। पूरे मामले में संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से बातचीत करेंगे व लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। आईजी के साथ-साथ पलामू, गढ़वा व लातेहार एसपी व डीएसपी के कार्यालय व आवासों में भी फरियादी पहुंच रहे हैं। कई जगह सुबह 11 से एक बजे का समय मुलाकात करने वालों के लिए निर्धारित किया गया है।

सिदो कान्हू पार्क भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का किया शुभारंभ, कहा

सूबे को विकसित बनाने को सरकार प्रतिबद्ध

- साहिबगंज जिले वासियों को मिली कई सौगातें
- अधिकारी तमाम योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जाएंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे
- बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं होगा
- युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, सरकार योजनाबद्ध तरीके से कर रही काम
- आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गोपलाडीह फुटबॉल मैदान, बरहेट, साहिबगंज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद -भैरव और वीरांगना फूलो -झानो को नमन कर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इन वीर शहीदों की पावन धरती बरहेट, साहिबगंज में इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते

हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी तमाम कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जाएंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे।

इस अभियान का पहला दो चरण काफी सफल रहा था : मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान का पिछला दो चरण काफी सफल रहा था। इस दौरान लाखों आवेदन मिले थे, जिनका निपटारा करने के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। इन दो अभियानों की सफलता के बाद हमारी सरकार ने फिर से इसे शुरू करने का निर्णय लिया। इसके तहत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक राज्य के सभी पंचायत में शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। उनकी समस्याओं का निराकरण होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

शिविर में मिलने वाले एक-एक आवेदन का रिकॉर्ड रखा जाएगा : मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पुरी की जाएगी।

राज्य का हो रहा समग्र विकास : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के हर क्षेत्र में बिजली- पानी- सड़क, फूल -पुलिया और स्कूल - कॉलेज बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। हमारा प्रयास है कि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकें।

नौकरी भी दे रहे हैं और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को मदद भी कर रहे : मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद दे रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

बच्चियों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बच्चियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। किसी भी कीमत पर बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बच्चियां अपनी पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है। अब इस शेष पृष्ठ 11 पर

आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का विदेश में पढ़ने का सपना हो रहा है साकार

मुख्यमंत्री ने कहा- अब राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। हमारी सरकार इन विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। दूसरी तरफ गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यहां के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिए मदद देने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। तमाम सरकारी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने के साथ यहां के रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अनाज और रसोईया के साथ सुरक्षा की भी व्यवस्था सरकार करेगी।

संगठनात्मक गतिविधियों सहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार में तेजी

चुनावी मोड में राजनीतिक दल व सरकार

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल व सरकार पूरी तरह चुनावी मोड में आ गये हैं। एक तरफ जहां विभिन्न दलों द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी इजाफा हुआ है। लोकतांत्रिक चुनावी शासन प्रणाली में वैसे तो राजनीतिक दलों को हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहना पड़ता है। क्योंकि दलों में जारी सत्ता संघर्ष के कारण कब किसकी सरकार गिर जाये। अथवा सत्ता परिवर्तन हो जाये। कोई नहीं जानता। किंतु सामान्य तौर पर चुनाव समीप आते ही चुनावी सरगर्मी बढ़ना आम बात है। वर्ष 2024 के शुरूआत में ही लोकसभा

चुनाव संभावित हैं। ऐसे में केंद्र में सत्तासीन भाजपा सहित विपक्षी कांग्रेस सहित अन्य दलों की सक्रियता बढ़ गई है। सभी दल अपने-अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं। पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव से फुर्सत पाते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जहां प्रदेश प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी व संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से मंत्रणा कर अपने कार्यकारिणी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वहीं पुत्र की शादी से खाली होकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के भी शीघ्र झारखंड आगमन की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश की गठबंधन सरकार में बड़े भाई की भूमिका निभा रहे झामुमो अध्यक्ष व सीएम हेमंत सोरेन लगातार प्रमंडलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क साध रहे हैं। इसी के साथ ही आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से राज्य तो जागरूकता रथ के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी जोरों पर है।

सभी दलों का बूथों पर फोकस

चुनाव में बूथों की महत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय दल भाजपा, कांग्रेस के साथ जदयू, राजद, आजसू जैसे क्षेत्रीय दल भी इस बार बूथ गठन पर फोकस किये हुए हैं। सभी दलों के पदाधिकारी बूथ जीतने को लेकर व्यूह रचना बनाने में जुटे हैं।

पहली महिला चीफ जस्टिस से भी नोएडा अथॉरिटी वालों ने मांगी थी घूस

कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। देश के सबसे भ्रष्ट होने के आरोप जिन विभागों पर लगते रहे हैं, उनमें विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग,आयकर विभाग, खनन विभाग सहित अन्य कई चर्चा में रहते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय की पहली महिला जज और दिल्ली हाई कोर्ट की पहली मुख्य न्यायाधीश लीला सेठ की आत्मकथा से इसका प्रमाण मिल जाता है। जो प्रसिद्ध उपन्यासकार विक्रम सेठ की मां थीं। लीला सेठ का जन्म 20 अक्टूबर 1930 को और देहांत 5 मई 2017 को हुआ। लेकिन उनकी आत्म कथा 'घर और अदालत' इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। पेंग्विन बुक्स से

प्रकाशित 'घर और अदालत' में एक अध्याय है- 'अपना घर'। जिसमें जस्टिस लीला सेठ ने दिल्ली में घर न बनवाकर, दिल्ली से सटे नोएडा में बनवाने के कारण बताई हैं। उसमें यह भी लिखी हैं कि नोएडा के घर का कंप्लीशन सर्टिफिकेट लेने में क्या - क्या परेशानी हुई। नियम के अनुसार घर बन जाने के बाद भी किस तरह से नोएडा अथॉरिटी के अफसर कंप्लीशन सर्टिफिकेट देने के लिए घूस मांगते रहे । यह बताने पर भी कि वह दिल्ली हाई कोर्ट की जज रही हैं, नोएडा प्राधिकरण के अफसरों ने संदेश भेजवाया, आप

- संदेश भेजवाया, आप खुद को समझती क्या हैं? हम राजदूतों, कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों जैसों तक से पैसे ले चुके हैं
- जस्टिस लीला सेठ ने सवाल भी पूछा है- इस तरह की परेशानियों से बचने के लिए यदि कोई घूस देकर पीछा छुड़ा लेता है, तो क्या उसे दोष दिया जा सकता है?

खुद को समझती क्या हैं? हम कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों और ऐसी अन्य जानी-मानी हस्तियों से शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड में नहीं बदला 'ऑटो' राज

सुनील बादल

23 साल के युवा झारखंड को अब तक जिम्मेदार बनकर भूगर्भ में मौजूद देश की लगभग 40 प्रतिशत बहूमूल्य भू संपदा और यहां के लगभग सवा तीन करोड़ मानव संसाधन के बलबूते एक आदर्श उपस्थित करना था पर राजनीति की प्रयोगशाला बनकर माननीय और अधिकारियों की बड़ी फौज के साथ सवालों के कटघरे में खड़ा है कि बिहार से अलग किन कारणों से हुआ था और क्या तब की स्थितियों में बदलाव हो गया?

बिहार के जमाने के जंगल राज की तुलना में सुधार अवश्य हुआ पर बिहार सहित देश के अन्य भागों में भी बाहुबली और माफियायों की समाप्ति के दौर में यहां इसे बड़ी उपलब्धि नहीं कहा जा सकता। पहली

बार झारखंड आने वाले और दशकों बाद अपने राज्य को देखने वाले दोनों आश्चर्यचकित होते हैं सड़कों पर कब्जा कर दुकानें लगाना,बिना लाइसेंस या परमिट जब जहां इच्छा हो बाजार सजा देना,नो एंट्री में अनगिनत ऑटो रिक्शा,दबंग बस मालिकों की अवैध स्लीपर बसें,सड़क पर खड़े वाहन और सबसे बड़ी बात मनमाना किराया वसूलना, सबकुछ पहले भी होता था और कुछ कड़क पुलिस अधिकारियों की धमक को अपवाद मान लिया जाए तो अभी भी जारी है।

पड़ोसी राज्य बंगाल और ओड़िशा में कभी भी जाएं तो सड़क और दुकान में स्पष्ट अंतर दिख जाएगा पर झारखंड की राजधानी रांची से लेकर सुदूरवर्ती कस्बों तक यही दृश्य पहले भी दिखते थे और आज भी दिखते हैं। कुछ अधिकारियों ने प्रयास किया भी पर माननीयों ने उनके कदम रोक दिए। माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा। जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोड़कर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है । हवाई अड्डे से लेकर सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग करते और यात्रियों पर झपट्टा मारते टैक्सी वालों या ऑटो वालों ने जो बोल दिया सो किराया हो गया! जबकि किसी भी शहर की सभ्यता संस्कृति की तरह नियंत्रित और सुरक्षित सार्वजनिक यातायात व्यवस्था उसकी सभ्यता की पहचान होती है। रांची से अनेक समानताओं वाले नगर बंगलुरु ने ऑटो के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव : अरुण उरांव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ उरांव ने प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि हेमंत सरकार सोची समझी रणनीति के तहत सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव ला रही है। इनकी मंशा आदिवासी समाज के कल्याण की नहीं है। आदिवासी समाज के किसी सामाजिक धार्मिक संगठन ने सीएनटी एक्ट में संशोधन की बात नहीं उठाई है। आनन-फानन में लाया गया प्रस्ताव जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगातार अपने पद और पावर का दुरुपयोग करते हुए गरीब आदिवासियों की जमीन को अपने और अपने परिवार के नाम करवाया है। रांची, रामगढ़, बोकारो से लेकर दुमका तक शिबू सोरेन परिवार ने जमीन लिए हैं, जो सीएनटी एसपीटी का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने इस अवैध जमीन के नियमितीकरण के लिए टीएसी को हथियार बनाया है।

उन्होंने कहा कि टीएसी को हेमंत सरकार ने राज्यपाल की भूमिका हटाकर पहले ही अपने अधिकार में कर लिया है ताकि अपने हिसाब से निर्णय कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चार वर्षों के बाद आज सीएनटी में संशोधन की याद आ रही जबकि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के संशोधन पर जमीन आसमान एक करने वाले यही झामुमो कांग्रेस और राजद के लोग शामिल थे। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार यदि परिवर्तन चाहती है तो पहले इस संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक विमर्श कराए। सीएनटी मामलों से जुड़े विधि विशेषज्ञों से सलाह ले तभी संशोधन का प्रस्ताव लाए। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट में संशोधन केवल आवास निर्माण के लिए ही दिए जाने तक विचारणीय हो तथा व्यावसायिक उपयोग की छूट नहीं दी जाए। पांच से दस किलोमीटर की सीमा तथा पांच से दस डिसमिल जमीन खरीद का प्रस्ताव ही किया जाना चाहिए। पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बिंदेश्वर उरांव एवं रोशनी खलखो भी मौजूद रहे।

गागर में सागर

ग्रामीण क्षेत्रों में जल-नल योजना पहले ही दिन से ठप

नावा बजार। विश्रामपुर प्रखंड के ग्रामीण अंचलों में हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना पूरी तरह फेल साबित हो रही है। भंडार ग्राम मे जल-नल योजना के तहत लगभग एक दर्जन डीप बोर कराये गये हैं। घरों तक पाइप भी पहुंचा दिया गया है। किंतु लीकेज के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों के बार-बार ध्यान दिलाने के बाद भी लीकेज ठीक करने वाला मिस्त्री का कोई अता-पता नहीं है। और तो और जिनके घर के बाहर डीप बोर हुआ है। वे उसका प्रयोग खेती का पटवन करने के लिए कर रहे हैं। कई स्थानों पर तो अभी घरों तक पाइप ही नहीं पहुंच पाया है। लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच स्थित कायस्थ मुहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र में निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार व पूर्व पार्षद अजय गुप्ता ने लगातार बढ़ रहे ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण बच्चों के बीच किया गया है।

कोयल नदी से बालू लेकर आ रहा था ट्रैक्टर, पुलिस छानबीन में जुटी

बालू लदे ट्रैक्टर का ट्रॉली पलटने से मजदूर की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला थाना क्षेत्र में शुक्रवार भोर में चार बजे अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का ट्रॉली पलटने से जहां एक मजदूर की मौत हो गयी। वहीं एक अन्य मजदूर घायल हो गया। ट्रैक्टर मालिक मामले को रफादफा करने में जुटा है वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मृतक के परिजनों से अभी कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही अग्रतर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र में कोयल नदी के किनारे ग्रासिम कम्पनी के इनटेक वेल के समीप से अवैध बालू लेकर आ रहे अभय सिंह के ट्रैक्टर का ट्रॉली पलटने से गढ़वा बेलचम्पा का एक मजदूर ललन पासवान की मौत मौके पर ही हो गयी। जबकि उसी गांव के ही कबीर पासवान को भी गंभीर चोटें आयी है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं घायल मजदूर को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों ने बताया कि रेलवे की तीसरी लाइन विस्तारीकरण के कार्य में कोयल नदी के किनारे से मिट्टी उठाया गया था। वहीं से अवैध उत्खनन कर बालू निकाला जा रहा था। वहां मिट्टी की निचली सतह में प्रचुर मात्रा में बालू है। बालू निकालने के क्रम में मिट्टी का चाल धंसने से मजदूर की मौत मलबा में दबने से हो गयी। जबकि दूसरे ट्रैक्टर पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि कोयल नदी से बालू का उठाव कर लौट रहे ट्रैक्टर की ट्राली पलटने से मजदूर की दबकर मौत हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

भावी योजनाओं की जानकारी देना कार्यक्रम का उद्देश्य : डीसी

शिशु का अन्नप्राशन, गर्भवती की गोदभराई

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंसा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का विधिवत उद्घाटन पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अलावा भावी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर कई योजनाएं चला रही है। जिससे उनकी पढ़ाई में आर्थिक कमी बाधा नहीं बने। न्यूनतम ब्याज दर पर उन्हें पढ़ाई के लिए कर्ज देने की व्यवस्था है। वह नौकरी के बाद उसे आसान किस्तों में चुका सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा-युवती रोजगार से जुड़ना चाहते हैं। उन्हे भी कर्ज देकर रोजगार शुरू कराया जा रहा है। कम वर्षा की वजह से कृषि को लेकर किसानों की परेशानी देखते हुए सरकार पशुपालन को प्रोत्साहित कर रही है। गाय, बकरी, मुर्गी, सूअर पालन के अलावा मत्स्य के क्षेत्र में किसानों को आगे लाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसमें सरकार अनुदान भी दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में एक लाख रुपए अतिरिक्त आमदनी कराने को लेकर काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे का अन्नप्राशन व गर्भवती माता की गोदभराई जिला पार्षद अंजू देवी व प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी ने की। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, सीओ रणवीर कुमार, बीपीओ चंद्रशेखर कुमार,बीई ओ महेन्द्र प्रजापति,उपप्रमुख नगीना सिंह,मुखिया विकास सिंह,कस्तूरबा विद्यालय वार्डेन राखी मुक्ता, युवा समाजसेवी अश्विनी सिंह,नीरज सिंह उपस्थित थे।

बारी में शिविर लगा दी गई योजनाओं की जानकारी

सतबरवा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बारी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, बीडीओ अभिषेक पांडेय, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, सहायक उप समाहर्ता रश्मि भारती, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, बारी मुखिया निरोत्तमा कुमारी, रिंकी यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास,आपूर्ति विभाग, कृषि, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आयुष्मान भारत कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व , शिक्षा विभाग समेत कुल 14 स्टॉल लगाए गए थे।

हैदरनगर के भट्ठी मोहल्ला आंगनबाड़ी पर बबली बनी सेविका

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय बाल विकास परियोजना अंतर्गत हैदरनगर पूर्वी पंचायत के भट्ठी मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर सेविका के रिक्त पद पर चयन को लेकर शुक्रवार को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में आमसभा की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी सीडीपीओ शुभम बेला टोपनो ने की। प्रारंभ में चयन कमेटी की संयोजिका सह महिला पर्यवेक्षिक शांति ठाकुर ने सेविका चयन के लिए विभागीय नियमावली को पढ़कर सुनाया। ओबीसी टू जाति बहुल पोषक क्षेत्र के लिए सेविका पद पर चयन के लिए आवेदन की मांग की गई। इसमें ओबीसी टू से बबली कुमारी, प्रगति देवी, अनिता कुमारी, चंदा देवी, पूजा कुमारी, नेहा देवी व सुनैना मेहता कुमारी ने आवेदन दिया। चयन कमिटी ने सर्वसम्मति से स्नातक उत्तीर्ण बबली कुमारी का चयन किया। चयन कमेटी में बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सिंह, एएनएम सीमा कुमारी, समाजसेवी डा. अजय जायसवाल, रविरंजन कुमार उपस्थित थे।

सोहदाग खुर्द पंचायत सचिवालय में आयोजन

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। प्रखंड क्षेत्र के सोहदाग खुर्द पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा, पंचायतीराज पदाधिकारी सरजू प्रसाद यादव ,मुखिया कमला देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सर्व पेंशन योजना, पशुधन विकास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री अबुआ आवास, आधार पंजीकरण, शिक्षा विभाग, मनरेगा, जेसीपीएल, खाद्य आपूर्ति, किसान क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बाल विकास परियोजना सहित 16 स्टॉल लगाकर पंचायत वासियों को महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा गया। बीडीओ ने कहा कि प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल, पोशाक, मनरेगा से 24 सिंचाई कूप निर्माण, 5 दीदी बड़ी योजना,10 जॉब कार्ड,120 कंबल,2 म्यूटेशन,9 मुख्यमंत्री पशुधन सहित बाल विकास परियोजना का प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। मौके पर दामोदर चौधरी,उप मुखिया मिस्टर अंसारी ,पंसस देवेंद्र सिंह, कनिय अभियंता लव कुमार, राजू कुमार, राजस्व कर्मचारी कुंदन कुमार, आंचल उप निरीक्षक निकसन कुमार, अमीन सुधीर कुमार, पंचायत सचिव शिवकुमार यादव, निर्मल यादव आदि मौजूद रहे।

उपायुक्त पहुंचे वार्ड भवन, ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद शहर के वार्ड 12 व वार्ड एक के लिए हरिहर चौक के समीप वार्ड भवन में शुक्रवार को शिविर लगाया गया। अभियान में भाग लेने के लिए पलामू डीसी शशि रंजन भी वार्ड भवन पहुंचे। उन्होंने शहरी जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचे। कई बार सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। इसलिए प्रशासनिक टीम अब शहरी ग्रामीणों तक पहुंच रही है। कार्यक्रम में शहर के वार्ड 1 व 12 के लोगों ने जन-समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टालों पर पेंशन, आवास व जमीन संबंधित समस्याओं के लिए 138 आवेदन आये। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने सभी से ऑनलाइन आवेदन करने व उसकी पावती लेने का आह्वान किया। ताकि उनके द्वारा दिये गए आवेदन को कभी भी ट्रैक किया जा सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, नपं कर्मी रविकांत पटेल, रुंजय कुमार, संजीत कुमार, विकास कुमार, एसएसपीएस के टीम लीडर राहुल चंदेल मौजूद थे।

कुसुआ में स्वर्वेद का अखंड पाठ व विश्व शांति वैदिक यज्ञ आज से

हुसैनाबाद। विहंगम योग संस्थान शाखा हुसैनाबाद के तत्वावधान में शनिवार से आध्यात्म की आत्मा स्वर्वेद का अखंड पाठ प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थान के पलामू जिले के पूर्णकालिक प्रचारक राजेश भारद्वाज ने बताया कि स्वर्वेद का अखंड पाठ17 घंटे तक अनवरत चलेगा। अखंड स्वर्वेद पाठ के समापन के पश्चात 25 नवंबर की प्रातः 10:00 बजे से एकल कुंडी विश्व शांति वैदिक हवन यज्ञ प्रारंभ होगा। जिसमें काशी में बन रहे विश्व के महानतम स्वर्वेद को समर्पित महामंदिर धाम उमराहा के यज्ञ पुरोहित प्रदीप कुमार शास्त्री एवं राजाराम जी द्वारा हवन यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात विशेष सत्संग में उच्च कोटि के साधकों द्वारा प्रवचन भजन के साथ स्वर्वेद सद्ग्रंथ का वितरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया जाएगा। उपदेष्टा रामआशीष सिंह, मुकुंद अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, चंदन मेहता, काशी प्रसाद गुप्ता, चंद्रमा चौधरी, योगेश कुमार, पूनम देवी आदि आयोजन की तैयारी में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर को हराकर पथरा अगले दौर में

हुसैनाबाद। अनुमंडलीय कर्पूरी मैदान में आयोजित कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को रोमांचक मैच देखने को मिला। यह मैच पथरा बनाम बिलासपुर टीम के बीच खेला गया। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में पथरा ने आक्रामक खेल खेलते हुए लवकुश कुमार के शानदार किक की मदद से गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उसके बाद कोई गोल नहीं हो सका और पथरा की टीम 1-0 से जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। मुख्य अतिथि कचरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि खेल को खेल भावना से खेलें व अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करें। कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि क्लब इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंगित कर रहा है। खेल शारीरिक, मानसिक विकास के साथ रोजगार के भी सशक्त माध्यम हैं।

समाहरणालय, लातेहार
(जिला भू-अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

अंचल–लातेहार जिला–लातेहार अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–*II*) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत ***Design Ch.-97+515 km*** से ***Ch.-147+ 540*** तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्ध रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित **भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र** एवं **वंशावली** निर्गत हेतु राजस्व कागजात 1. आवदेन पत्र, 2. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति, 3. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 4. आपसी सहमति पत्र, एवं 5. आधार कार्ड के साथ **अंचल–कार्यालय, लातेहार** में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय, मौजावार तिथि निम्नवत है।

क्र0 सं0	अंचल का नाम	तिथि	शिविर का स्थान	मौजा का नाम	अभियुक्ति
1.	लातेहार	07.12.2023	**अंचल कार्यालय, लातेहार**	1. उदयपुरा 2. कढीमा 3. नावाडीह	
2.	लातेहार	12.12.2023	**अंचल कार्यालय, लातेहार**	1. कुरा 2. पाण्डेपुरा 3. डुडंगीकाला	
3.	लातेहार	14.12.2023	**अंचल कार्यालय, लातेहार**	1. ईचाक 2. होटवाग 3. पतकी 4. मतनाग	

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

PR 311890 Land Reforms(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–**05/RI/2023-24/RWD/CHATRA** दिनांक– **24.11.2023**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र॰ सं॰	आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल सं॰
1	RWD/ CHATRA/ 2023-24/24	हण्टरगंज	नावाडीह	नावाडीह	एन॰एच॰–99 से रजी अहमद के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण	19,10,300.00	उन्नीस लाख दस हजार तीन सौ मात्र	01 माह	द्वितीय
2	RWD/ CHATRA/ 2023-24/25	हण्टरगंज	नावाडीह	खुटीकेवाल कला	गहरी नदी से उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण	19,98,300.00	उन्नीस लाख अन्ठानबे हजार तीन सौ मात्र	01 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **01.12.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **08.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **09.12..2023 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR **311972** (Rural Work Department) 23-24 (D)

Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

E-Procurement very short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/NET-MAHOTSAV/MWSS-10/23-24

Date – 24.11.23

01	बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	28.11.23 अपराहन 04:30 बजे तक।
02	निविदा प्राप्ति (आर्न लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय	:–	04.12.23 अपराहन 05:00 बजे तक।
03	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0–03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि	:–	04.12.23 अपराहन 05:00 बजे तक।
04	तकनीकी बीड खोलने की तिथि	:–	05.12.23 अपरान 02:00 बजे तक।
05	तकनीकी बीड खोलने का स्थान	:–	कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार।
06	निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	:–	ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार।
07	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0	:–	9199154542 – 6201242103

Detail of work;-

Sl No	Name of work	Group No	No of Scheme	Estimated Cost	Earnest Money	Cost of Boq	Time of Completion
1	Water Supply Arrangement at Neterhat for Neterhat Mahotsav 2023 under DW & S Div Latehar for Yr 2023-24	Gr No-01	03	2177000	45000	5000	21 days
2		Gr No-02	02	1451000	30000	2500	21 days

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR.NO.311894 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला– 835207

E-mail ID- scogumla6@gmail.com

आम सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड राँची, राज्यादेश सं0 56 दिनांक– 06.11.2023 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषकों/महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य को **90 प्रतिशत** अनुदान पर पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** वितरण हेतु **1.5–3.0** हार्स पावर तक के पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** के लिए अधिकतम रू0 **20000**/– (बीस हजार)रूपये तथा **3.5–5.0** हार्स पावर तक के पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** के लिए अधिकतम रू0 **30000**/– (तीस हजार)रूपये एवं **1.00** हार्स पावर सोलर पम्प सेट (ट्राली माउंटेड मोवेबल टाईप) के लिए अधिकतक रू0 **90000**/–(नब्बे हजार)रूपये अनुदान देय होगा।

कृषक समूह पैकेज योजना लागत **6.25 (छः लाख पच्चीस)**रूपये का **80 प्रतिशत** अनुदान अधिकतम 5.00 लाख (पाँच लाख)रूपये एवं व्यक्तिगत कृषक पैकेज योजना लागत 2.00 लाख (दो लाख)रूपये का 80 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार)रूपये देय होगा। दोनों ही योजना में लाभुक का चयन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूपेन भरे हुए आवेदन के आधार पर जिला स्तरीय चयन कमीटी के द्वारा किया जायेगा।

लाभुक का चयनः–

1. पम्प सेट वितरण– **मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों एवं आम बागवानी** के लाभान्वित कृषकों के लाभान्वित के साथ–साथ **भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों** को उक्त योजना का लाभ दिया जाएगा।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक– झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह एवं जलछाजन समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. स्वयं सहायता समूह एवं जलछाजन समूह के पास अनुदान के रूप में न्यूनतम 1.25 लाख खाता में संधारित होना आवश्यक है।

क्र0स0	जिला का नाम	पम्पसेट (1.5-3.0 HP)	पम्पसेट (3.5-5.0 HP)	सेलर पम्पसेट (1.0 HP)	(छोटे कृषि उपकरण बैंक) SHG समूह के पैकेज का भौतिक लक्ष्य	व्यक्तिगत कृषक का भौतिक लक्ष्य
1	2	4	5	6	7	8
1	गुमला	**300**	**20**	**8**	**10**	**5**

नोटः–

1. विगत वर्षों में किसी भी विभाग द्वारा यदि पम्प सेट का लाभ लिया गया है तो वैसे लाभुक को इस योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा ।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्य का होना आवश्यक है।
3. माननीय स्थानीय विद्यायक से अनुशंसा प्राप्त कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स को प्राथमिकता दी जायगी।
4. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
5. विहित प्रपत्र मे आवेदन झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) गुमला से केवल उपकरण बैंक का आवेदन प्राप्त किया जा जाएगा है पम्प सेट का **आवेदन आपकी योजना– आपकी सरकार– आपके द्वार** कार्यक्रम दिनांक **24.11.2023** से **26.12.23** तक संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा भूमि संरक्षण कार्यालय में पूर्ण रूपेन भरा हुआ आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला। संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड,गुमला – 835207

विश्वासभाजन
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला।

PR **311941** (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

गागर में सागर

शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव को मांग पत्र सौंपा

मेदिनीनगर। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दांडेल से मुलाकात कर शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा। प्रधान सचिव ने मांग पत्र की समीक्षा कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 दिनों के बाद पुनः सभी बिंदुओं पर बात की जायेगी। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देना, विभागीय पत्रांक 866 दिनांक 14 नवंबर 2023 के आलोक में प्रधानाध्यापकों को एफआर 22(1)ए1 के तहत वेतन निर्धारण करना ,सभी ग्रेडो में प्रोन्नति देना, सरप्लस शिक्षकों की त्रुटिपूर्ण सूची से स्थानांतरण पर रोक लगाकर आवश्यक लोगों का स्थानांतरण करना, अंतर जिला स्थानांतरण के नियम को सरल करना, वर्ष 2015-16 में नियुक्त वर्ग 1 से 5 के शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु वर्ग6 से 8 के टेट परीक्षा पास करने की अनिवार्यता को खत्म करना,विभाग में एनजीओ की बेवजह दखलअंदाजी पर रोक लगाना, पुराना समय सारणी विद्यालयों में बहाल करना आदि शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में हरिद्वार महतो,मैनेजर प्रसाद सिंह, निरंजन कुमार, किशोर भगत एवं महेश सोनी शामिल थे।

अचानक लगी आग, गुमटी जलकर खाक

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के सुदना में शुक्रवार की दोपहर एक गुमटी में अचानक आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट कुमार महतो, टाइगर मोबाइल के जवान बंटी सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। टीओपी प्रभारी की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। इससे पूर्व गुमटी जलकर खाक हो गई थी।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह सदर थाना की पुलिस ने बसना गांव निवासी देव पांडे उम्र 65 वर्ष का शव बरामद किया है।। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। मृत व्यक्ति की पहचान बसना गांव निवासी मुनवर पांडे के पुत्र देव पांडे उम्र 65 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है।

कचहरी परिसर के शौचालय निष्प्रयोज्य, लोग परेशान

मेदिनीनगर। कचहरी परिसर में स्थापित शौचालयों के निष्प्रयोज्य होने से आनेवाले वादकारियों सहित अधिवक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि कचहरी परिसर में प्रतिदिन विभिन्न कामों से हजारों लोगों का आगमन होता है। कहने को तो परिसर में चार शौचालय स्थापित हैं। किंतु किसी के भी दुरूस्त अवस्था में नहीं होने से लोगों को उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर वादकारी लघुशंका के लिए इधर-उधर जगह तलाशते सहज ही देखे जा सकते हैं। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

प्रभु श्रीराम से सीखें जीवन जीने की कला : प्रेम कुमार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के साहित्य समाज चौक के पास स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित्र मानस नवाह्पारायण पाठ के दौरान पूरा क्षेत्र मानस की चौपाइयों के संगीतमय गायन से गुंजायमान हो रहा है। पाठ के पांचवें दिन पंडित प्रेम कुमार द्वारा श्रीराम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। अयोध्या नगरी से आये पंडित मधुसूदन त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत झांकी श्रद्धालुओं का मन मोह रही है। प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जंग बहादुर पांडे का स्वागत किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा राम दरबार की परिक्रमा की जा रही है। आयोजन में अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष इं. भारत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, धर्म गुरू सत्यकेतु संजय,कोषाध्यक्ष रवि शंकर उपाध्याय, बलिराम शर्मा, विनोद उदयपुरिया, संतोष शंघाई, राजकुमार हरलालका ,रामनरेश वर्मा, मुरली मनोहर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मनोहर लाली, संजय केजरीवाल, हर्ष तुलस्यान, गिरधारी गर्ग, रवि शंकर पांडे, राजकुमार अग्रवाल, विनोद सिंह, प्रकाश सिंह, सुनीता देवी, पूजा भिवानिया, रेखा किरण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जिले में चल रहा नसबंदी अभियान

नसबंदी से पुरुषों की कार्यक्षमता नहीं होती प्रभावित : डा. राजीव रंजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नसबंदी को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां व्याप्त हैं। जोकि पूरी तरह से निर्मूल है। नसबंदी से पुरुषों की कार्यक्षमता पर किसी भी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज के चिकित्सा प्रभारी डा. राजीव रंजन ने उक्त जानकारी साझा करते हुए बताया कि पलामू में इस समय पुरुष नसबंदी का अभियान चल रहा है। यह अभियान 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के तहत वैसे पुरुष जिनके दो या दो से अधिक बच्चे हैं। वे अपना नसबंदी करा सकते हैं। इसके लिए शासन की तरफ से 3000 रूपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। साथ ही जो व्यक्ति किसी पुरुष को तैयार कर-के नसबंदी के लिए अस्पताल लाते हैं। उन्हें भी 400 रू. बतौर प्रोत्साहन राशि दी जाती है। नसबंदी बिना किसी चीरफाड़ अथवा टांका लगाये बिना होता है। इसमें कोई तकलीफ नहीं होती है। डा. राजीव रंजन ने महिलाओं की प्रशंसा करते हुए बताया कि महिलाएं पुरुषों से ज्यादा समझदार व जागरूक है। क्योंकि व महिला बंध्याकरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि पलामू जिले में 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। प्रत्येक केंद्र को एक महीने के अभियान में 25-25 नसबंदी करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि पुरुषों की अरूचि को देखते हुए इसे भी हासिल करना कठिन प्रतीत हो रहा है।

महज तीन प्रतिशत है नसबंदी की औसत दर

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पांचवी रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में पुरुष नसबंदी की औसत दर केवल तीन फीसद है। पलामू में भी इसी तरह का औसत दर है। पलामू के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने बताया कि टीम द्वारा नागरिकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

हाउसिंग कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा में बोले महाराज

बुद्धि विपरीत होने पर अच्छी बातें लगती हैं खराब : देवकीनंदन ठाकुर

धरती पर जन्म लेने वाला हर एक जीव यहां यात्रा करने आया है : देवकीनंदन ठाकुर

सभी कामना करते हैं कि हमारी बेटी किसी के यहां जाए तो रानी बनकर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बुद्धि विपरीत हो जाए तो अच्छी बातें भी खराब लगती है। इससे बचने का एक ही तरीका है कि श्रीमद् भागवत पुराण की कथा सुनी जाये। उक्त बातें भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शुक्रवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी स्थित कथा पंडाल में श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि धरती पर जन्म लेने वाला हर एक जीव यहां यात्रा करने आया है। किसकी यात्रा कितने दिनों की है कोई नहीं जानता। शर्त यह है कि बुरी यात्रा व अच्छी यात्रा कौन करेगा। ऐसे में राधा-कृष्ण को प्यार करें। उनकी भक्ति में लीन हो जाएं। श्रीमद् भागवत कथा में राजा परीक्षित की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि जिन्हें 7 दिनों के बाद मरना निश्चित हो वह क्या करें। उसे भागवत की कथा सुननी चाहिए। जो मांगेंगे वही मिलेगा। जिसे मुक्ति चाहिए उसे मोक्ष मिलेगा। एक प्रसंग की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि अपूजनीय की कभी पूजा नहीं करनी चाहिए। जो सच्चा सनातनी होगा वह पीर पर चादर नहीं चढ़ाएगा। वह हनुमान पर सिंदूर चढ़ाएगा। असली हिंदू परमात्मा की पूजा करते हैं। सर कटा दें लेकिन विधर्मी के सामने सर ना झुकाएं। पीर पर चादर कभी नहीं चढ़ाए। कहा अगर दीपावली में राम-राम नहीं बोलोगे तो हम ईद पर भी ईद मुबारक नहीं कहेंगे। बेटी-बहु में अंतर के मामले में उन्होंने कहा कि सभी कामना करते हैं कि हमारी बेटी किसी के यहां जाए तो रानी बनकर। लेकिन किसी की बेटी को हम बहू बनाकर अपने घर ले आए उसे नौकरानी, ऐसा क्यों, ऐसी चाहत क्यों। सभी सासू मां बहू को अपनी बेटी जैसा सम्मान दें। सभी सनातनी अपनी सोच को बदलें। चर्चा करते हुए कहा कि बिस्तर पर बैठकर ना तो पढ़ना चाहिए और न ही खाना। टूटे बर्तन में भोजन करना अपशगुन होता है। अन्न का अपमान नहीं करना चाहिए। पृथ्वी पर बैठकर ही भोजन करें।

अयोध्या तो सिर्फ झांकी है, मथुरा अभी बाकी है

मेदिनीनगर। वृन्दावन के प्रख्यात भागवत कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम लला अपने नवनिर्मित भव्य मंदिर में बिराजेंगे, जिसके बाद वे मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण की दिशा में बड़ा व कड़ा कदम उठायेंगे। उन्होंने देश के हर एक सनातनी से कोर्ट व सरकार के समक्ष मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग करने का आह्वान किया। कहा कि वे पिछले सोलह वर्षो से अयोध्या में राम मंदिर व मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग अपने हर भागवत कथा के मंच से उठाते रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को स्थानीय मुख्य डाकघर के पीछे स्थित दीपू सिंघानिया के आवास पर आयोजित वार्ता में कहा कि 1670 में औरंगजेब ने मथुरा के मंदिर से कृष्ण के विग्रह को उखाड़ कर जामा मस्जिद की सीढ़ियों में गाड़ दिया है। विधर्मी उस पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं। वे अपनी कथा मंचों से लगातार सनातनियों को जगाने व श्रीकृष्ण जन्मभूमि की आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मैकाले ने पूरे भारत में पाश्चात्य संस्कृति को फैलाने का काम किया। इसके कारण भारत में सनातनी संस्कृति खतरे में पड़ गई है। अधिकतर सनातनी अपनी संस्कृति को इग्नोर कर रहे हैं। ना तो सनातनियों के मस्तक पर तिलक है, ना सिर पर शिखा। कई सनातनियों की कलाई पर कलावा भी नहीं दिखता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के माता -पिता भी अपने को मॉडर्न बताकर अपने ही संतानों को खराब कर रहे हैं। माता-पिता व गुरुजनों का पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है। हिंदू राष्ट्र के माध्यम से ही रामराज्य की कल्पना की जा सकती है। कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की राशि से प्रत्येक जिले में पांच-पांच गुरुकुलम की स्थापना होनी चाहिए। जाति की बात कहकर वोटों के ध्रुवीकरण का प्रयास करने वाले नेताओं को चुनाव लड़ने से वंचित करने की जरूरत है। मौके पर परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पाण्डेय ऊर्फ गुरु पांडेय व अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत आशुतोष पांडेय लक्की, आशीष भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

गरीबों को आज बाटेंगे गर्म वस्त्र : विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट पलामू के दो प्रखंडों के दो गांव में गरीबों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण करेगा। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर अपने हाथों से वस्त्र का वितरण करेंगे। इसकी जानकारी स्वयं देवकीनंदन ठाकुर ने दी। शनिवार को चैनपुर प्रखंड के बुढ़ीवीर मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे से व सदर प्रखंड के सुआ में 10.30 बजे से जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण करेंगे।

शहीदों की प्रतिमाओं के अपमान पर झामुमो उपाध्यक्ष ने उठाये सवाल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के गौरव राजा मेदनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा कुछ दिनों पहले कचहरी परिसर में लगाई गई है। प्रतिमा लगाने के तरीके को लेकर आम जनमानस में काफी रोष है। ह्यूम पाइप के ऊपर छोटी सी प्रतिमा लगाना पलामू वासियों को पसंद नहीं आ रहा है। झामुमो पलामू के उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य राकेश कुमार सिन्हा ने दुःख जताते हुए कहा हमारे शहीदों व पूर्वजों की आदमकद प्रतिमा लगनी चाहिए। इस तरीके से प्रतिमा का लगना उचित नहीं है। नाले में इस्तेमाल होने वाले पाइप के ऊपर प्रतिमा स्थापित किया जाना समझ से परे है। कचहरी परिसर में प्रशासन के लगभग सभी मुख्य पदाधिकारियों का दफ्तर है। इसके बाद भी किसी की इस पर नजर न पड़ना चिंतनीय है। उन्होंने तत्काल भव्य व आकर्षक चबूतरे का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित करते हुए समुचित सम्मान दिये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन व नगर निगम कार्रवाई नहीं करता है तो 30 नवंबर को सीएम के आगमन पर उनसे शिकायत की जायेगी।

अमानत नदी तट पर तीन दिवसीय कार्यक्रम

पलामू में 10 दिसंबर से लगेगा बाबा बागेश्वर का दरबार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का दरबार पलामू में सजने वाला है। 10 दिसंबर से तीन दिनों तक अमानत नदी तट पर बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बताते चलें कि आयोजन समिति ने कुछ दिनों पहले पलामू जिला प्रशासन से धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर अनुमति मांगी थी। लंबे समय के बाद कार्यक्रम की अनुमति दी गई है। बुधवार को सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर बैठक की। एसडीएम ने बताया कि धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर अनुमति दी गई है। कार्यक्रम सदर थाना क्षेत्र के खनवा में अमानत नदी के तट पर आयोजित होना है। कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल पर बुधवार को हनुमत पूजा का भी आयोजन किया गया था। सदर एसडीएम के साथ बैठक में हनुमंत कथा समिति के अध्यक्ष शरद शरण, दीनानाथ राय, अतुल कुमार अखौरी, नितेश सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई। दरअसल आयोजन स्थल मेदिनीनगर शहर से करीब सात से आठ किलोमीटर दूर नदी के किनारे है। इसमें लाखों लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है। कार्यक्रम को लेकर कई जगह टेंट सिटी भी बनाए जाने की योजना है।

कार्यक्रम जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान शुरू, पहले दिन आये 11,936 आवेदन

अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडो के पंचायतों में शुरू हो गया है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा पंचायत से इस अभियान की विधिवत शुरूआत हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलित कर की। इसमें प्रखंड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में 11,936 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का है। अभियान के माध्यम से आपके अधिकारों को आपके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को लखपति बनाया जाये। इसके पश्चात उपायुक्त ने उंटारी रोड के लुम्बा सतबहिनी, हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 व छतरपुर के सुशीगंज में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। पंसा के ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त ने पंसा से हैदरनगर मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु पहुंच पथ जल्द बनवाने का भरोसा दिया। पहले दिन मोहम्मदगंज प्रखंड के पंसा पंचायत के अलावा हैदरनगर के परता, हुसैनाबाद के देवरी खुर्द, पिपरा के सरैया पंचायत , हरिहरगंज के कुलहिया पंचायत, नौडियाबाजार के लक्ष्मीपुर, छतरपुर के सुशीगंज, पांडु के तीसीबार कला, उंटारी रोड के लुंबा सतबहिनी, विश्रामपुर के सिगसीगी, नावाबाजार के सोहदाग खुर्द, पंडवा के छेछौरी, चैनपुर के रबदा, रामगढ़ के बेड़मा बभंडी, सदर मेदिनीनगर के जोड़, पाटन के केलहार, मनातू के रंगैया पंचायत मुख्यालय, तरहसी के सेलारी, नीलांब-पीतांबरपुर के जुरू, सतबरवा के बारी एवं पांकी प्रखंड क्षेत्र के सगालीम में भी शिविर का आयोजन किया गया। इधर मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड संख्या 22, 24, 29 एवं 30 में निवास करने वाले लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 स्थित वार्ड भवन में शिविर आयोजित कर वार्ड संख्या एक एवं 12 में निवास करने वाले लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान सोना-सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी,आगामी ठंड के मदेनजर लोगों के बीच कंबल, छात्रों के बीच साइकिल वितरण, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 6 बच्चियों को सांकेतिक रूप से चेक वितरण किया गया। उपायुक्त ने शिविर में आये सभी लोगों से अपना निबंधन अनिवार्य रूप से कराने की बात कही।

कार्यक्रम में इन विभागों के लगे थे स्टॉल

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना,आपूर्ति विभाग, प्रज्ञा केंद्र, आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन) सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गये थे।

सेवानिवृत शिक्षक का निधन अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक मुरारी पांडेय (75) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार अहले सुबह अपने पैतृक आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व.पांडेय सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के पिता थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र,दो पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। गांव के श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र श्याम किशोर पांडेय ने दी। अंतिम यात्रा में वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय,कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय कुमार चौबे, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा,विजय ओझा, विभाकर नारायण पांडेय, ईश्वरी पांडेय, धनंजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सुशील शुक्ला, संजय चौबे, चंदन गुप्ता सहित कई लोग शामिल हुए।

गागर में सागर

केतार में महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति बैठक में ले रहे हैं भाग

श्री बंशीधर नगर। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने पंचायतों में आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया है। लेकिन आज भी महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति या रिश्तेदार प्रतिनिधि बनकर कार्यों को अंजाम देने के साथ-साथ बैठक में भाग ले रहे हैं। प्रखंड कार्यालय केतार में गुरुवार को 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' के सफल आयोजन को लेकर प्रभारी बीडीओ नंदजी राम मुखिया, बीडीसी सदस्य और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। उक्त बैठक में महिला मुखिया और महिला पंचायत समिति सदस्यों के स्थान पर उनके पति और रिश्तेदार कुंडली मारकर बैठक में विराजमान थे। इनमें परसोडीह, बलिगढ़., लोहरगाड़ा पंचायत के मुखिया के स्थान पर उनके पति बैठक में शामिल हुए थे। वहीं परती कुशवानी पंचायत के पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य, परती कुशवानी पुर्वी के पंचायत समिति सदस्य, बलिगढ़, पूर्वी के पंचायत समिति सदस्य, परसोडीह, मुकुन्दपुर और केतार पंचायत समिति सदस्य के स्थान पर बैठक में उनके पति और रिश्तेदार ही शामिल हुए। सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जो आरक्षण महिलाओं के लागू किया गया है उसका खुलेआम उल्लंघन करते हुए उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। वहीं प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रमुख मुकदर्शक बन कर देखते रहे। हालांकि पंचायत समिति की बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति के बैठने पर बैठक में हंगामा मचाने वाले जनप्रतिनिधि भी खामोश बैठे रहे। इस संबंध में जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि बीडीओ को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करनी है, न कि उनके पति के साथ। उन्होंने कहा कि यह सरासर संविधान का उल्लघंन है। इसकी शिकायत जिला की बैठक में और उपायुक्त से करूंगा। इस संबंध में बंशीधर नगर एसडीओ रतन कुमार सिंह ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत करने पर कारवाई करेंगे।

'गैस सब्सिडी को बायोमेट्रिक अनिवार्य'

केतार। भारत पेट्रोलियम कापोरेंशन लिमिटेड के डीलरशिप केतार बाजार के बंग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर अंगद कुमार ने अपने सभी उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया है कि सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ लेने के लिए एक बार बायोमेट्रिक प्रमाणिक प्रकिया ई-केवाईसी से गुजरना होगा। उन्होंने बताया कि इसमें सभी उपभोक्ताओं को बंग्लामुखी भारत गैस ऐजेंसी के कार्यालय या उनके द्वारा लगाये जाने वाले शिविरों में अपना बायोमेट्रिक करना होगा ताकि उनको सब्सिडी का लाभ नियमित रूप से मिलता रहेगा। यह कार्य शुक्रवार से प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी उपभोक्ता अपना बायोमेट्रिक कराकर इसका नियमित लाभ उठायें। इसके लिए उनको किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना है। वहीं उज्जवला योजना के तहत छुटे हुए लाभुक ई-केवाईसी कराकर इसका लाभ ले सकते हैं।

जरासंध के मार्ग पर चलकर समाज में लाई जा सकती है क्रांति : सत्येन्द्रनाथ

गढ़वा। चंद्रवंशी समाज के तत्वावधान में गुरुवार को मेराल प्रखंड के राजहारा चंद्रवंशी टोला में मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5226वीं जयंती समारोह आयोजित कर मनाया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों की ओर से सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने किया। मौके पर तिवारी ने कहा कि महाराज जरासंध के बताए गए मार्ग पर चलकर समाज में नई क्रांति लाई जा सकती है। जरासंध महाराज के कारण ही आज भी सनातन जिंदा है। उन्होंने अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए कई अहम प्रयास किए थे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों को इतिहास की जानकारी मिलती है। लोगों को इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए। तभी जाकर पूर्व में लोगों से हुई गलतियों को सुधार करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि महाराज जरासंघ ने उन दिनों भी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम किया था। वह खुद के लिए नहीं बल्कि पूरे राज्य की जनता की चिंता करते थे, लेकिन वर्तमान समय में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौके पर आनंद चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, रामप्रवेश चंद्रवंशी, अनिल शर्मा, छोटू चंद्रवंशी, नरेश सिंह, शंभु चंद्रवंशी, ओमकार चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी सहित काफी संख्या चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

डंडई, मेराल, चिनिया, खरौंधी, श्री बंशीधर नगर व भवनाथपुर प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

अबुवा आवास व मनरेगा के स्टॉलों पर उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। डंडई
प्रखंड की सोनेहारा पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम मुखिया चंद्रावती देवी ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर में अबूवा आवास योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, बिजली विभाग, ई श्रम कार्ड, मुख्यमंत्री पशु धन योजना, मुख्यमंत्री गाड़ी योजना, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग, 15वें वित, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में एक विधवा महिला को ऑन द स्पॉट पेंशन मंजूर की गई। वहीं जसमुद्दीन अंसारी का म्यूटेशन करते हुए ऑनलाइन रसीद सौंपा गया। वहीं 6 मजदूरों को ऑन द स्पॉट जॉब कार्ड दिया गया। शिविर में 15 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं 10 किसानों के बीच ब्लॉक चेन के माध्यम से सरसों बीज का वितरण किया गया। 15 लोगों को धोती साड़ी दिया गया। शिविर में पूरे दिन विभिन्न स्टालों पर ग्रामीणों कि भीड़ लगी रही। ग्रामीणों की सबसे अधिक भीड़ अबुवा आवास योजना व मनरेगा योजना के स्टॉल पर देखी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का मुख्य मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। शिविर में जो भी लोग आवेदन सौंपे हैं उनका आवेदन ऑनलाइन कर दिया जाएगा। क्योंकि इस बार पोर्टल 48 घंटे के लिए खुला है। शिविर में अबुआ आवास से 450 आवेदन, मनरेगा से 50, केसीसी से 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना से संबंधित 30 आवेदन, बिजली विभाग से संबंधित 9 आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित 12 आवेदन, आधार पंजीयन से संबंधित 6 आवेदन, जाति निवास आय से संबंधित 20 आवेदन, सर्वजन पेंशन से संबंधित 23 आवेदन, जेएसएलपीएस से संबंधित 10 आवेदन, निर्वाचन से संबंधित 10 आवेदन, लघु कुटीर उद्योग से संबंधित 6 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर मुख्य रूप से प्रधान सहायक अभयानंद सिन्हा, जेई मुकेश दुबे, एई राहुल कुमार, बीपीओ अरविंद कुमार, डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह, बीटीएम सत्येंद्र कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, बीडीसी ललमुनी यादव, मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार, शिवकुमार यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामनाथ पासवान, दीनानाथ पांडे आदि उपस्थित थे।

श्री बंशीधर नगर : कार्यक्रम में 1078 आवेदन प्राप्त हुये

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड केभोजपुर पंचायत सचिवालय के निकट शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सबंधित कुल 1078 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें 249 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया, जबकि 829 योजनाएं लंबित रही। अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 702,आयुष्मान कार्ड के लिये 35, दो आवेदन 15 वें वित्त से, मनरेगा के तहत नये कार्य 2, नया जॉब कार्ड के लिये 44, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 6, विद्युत विभाग से सबंधित 2, धोती, साड़ी व लुंगी वितरण 36, कंबल वितरण 10, सर्वजन पेंशन 14, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 7, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 16, आधार पंजीकरण16, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 36, पेयजल 5, श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण 9, वन विभाग से फसल मुआवजा 18, आजीविका मिशन 35, कल्याण विभाग से 5, स्वास्थ्य जांच के 65, निर्वाचन के 8 व एक अन्य आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी एजाज अंसारी, बीडीओ विकास सिंह, प्रखंड बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, जिप सदस्य बाला रानी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार आदि उपस्थित रहे।

मेराल : अबुआ आवास के 1600 आवेदन

मेराल। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के पेंदली छठ घाट के पास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अबुआ आवास के 1600 तथा पेंशन सहित अन्य विभागों से कुल 200 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अंचल से संबंधित 89 आवेदन जमा किए गए। शिविर का उद्घाटन डीडीसी राजेश कुमार राय, बीडीओ जागो महतो, अंचलाधिकारी यशवंत नायक, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, झामुमो नेता करीब अंसारी, मुखिया मनीषा देवी आदि लोगों ने किया। शिविर में कुल 17 स्टाल लगाए गए थे, जहां लोगों ने आवेदन जमा किए। अबुआ आवास योजना स्ट्रॉल पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, पशुपालन, मनरेगा, पंचायती राज, श्रम, खाद्य आपूर्ति विभाग, पीएचडी के प्रतिनिधियों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर नाजीर सुनील कुमार, रिजवान अख्तर, अभिषेक कुमार, जितेंद्र चौबे, मुखिया प्रतिनिधि जग जीवन राम, बीपीओ फिरोज अंसारी, डॉक्टर अनिल कुमार, नौशाद आलम, सीआई कपिल देव माझी, मुरारी मिश्रा, सूरज कुमार, खादिम अंसारी, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

चिनिया : 21 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

चिनिया। प्रखंड के बरवाडीह पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत उप समाहर्ता परमेश कुमार कुशवाहा, बीडीओ कालिदास मुंडा, मुखिया पम्मी देवी, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार आदि ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में 21 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। पेयजल विभाग के चार, विद्युत विभाग के चार, श्रम विभाग में 10, सावित्रीबाई फुले योजना के दो, पशुपालन विभाग के चार, पेंशन से संबंधित 30, कल्याण से एक, आपूर्ति विभाग से 14, कृषि विभाग के 15, पंद्रहवें वित्त के एक, स्वास्थ्य विभाग के 51, मनरेगा के 69, राजस्व विभाग के 16, आयुष्मान कार्ड के 11, आवास के 350 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं अन्य योजनाओं के लिए आवेदन मिले, जिनकी कुल संख्या लगभग 1000 है। मौके पर बीपीओ अनुज कुमार, मोहम्मद फारूक, एई सुकेश कुमार अनिकेश कुमार, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे, अंचल निरीक्षक विनय कुमार, पंकज विश्वकर्मा, संतोष कुमार, अमित कुमार, उप मुखिया मनदीप कुमार यादव, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

खरौंधी : सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

खरौंधी। प्रखंड के चौरिया में शुक्रवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, मुखिया प्रमोद राम तथा बीड़ीसी पूर्णिमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गये थे। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने लोगों से कहा राज्य सरकार ने प्रखंड के सभी पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का आयोजन कर रही है ताकि इसके माध्यम से सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ लोगों को देना है। उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने हेमंत सरकार की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में आवेदन देने पहुंचे वृद्ध ग्रामीण नेहाल चंद राम, मनु चौधरी ने बताया कई साल से आवास के लिए मुखिया, ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं। जब से राज्य सरकार उक्त कार्यक्रम का आयोजन कर रही है तब से आवेदन दिए लेकिन आवास नहीं मिला। लोग इसमें आवेदन सिर्फ करते हैं। पदाधिकारी की लापरवाही से लोगों का काम नहीं होता है। सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है। वहीं आवास के लिए आवेदन देने आए दिव्यांग हरिचरण यादव तथा दिव्यांग इंद्रदेव साह ने भी ऐसा ही कहा। इस दौरान पूर्व अरंगी मुखिया शिवकुमार यादव, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, बीपीओ कमलेश पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, आनंद गुप्ता, पंचायत सचिव उमेश राम, विनोद पासवान जेएसएलपीएस बीपीएम मोनिका कुमारी, लेखपाल अशानंदन राम, पंचायत, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

भवनाथपुर : मकरी पंचायत में हुआ कार्यक्रम

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, मुखिया सरिता देवी, एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के ने संयुक्त रूप से किया। विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये। मौके पर सीआई विभूति नारायण सिंह, जेई श्याम चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, चंदन कुमार, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, शशि कुमार, मनोज गुप्ता, अजीत सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, सुनील तिवारी, बीपीएम नीरज कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गणपत राम, चंदन कुमार, विष्णु उरांव, कर्मचारी गौरव, मानस कुमार, सुमित देव आदि उपस्थित थे।

जिप बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंचे कई अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

सदस्यों ने जताई नाराजगी बैठक में तीन अहम प्रस्ताव पारित किए गए

जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दो चार विभाग के पदाधिकारी को छोड़कर शेष पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए। इस पर जिला परिषद के सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। जिला परिषद सदस्यों ने कहा कि पहले तो जिला परिषद बोर्ड की बैठक विलंब से होती है। बैठक होती भी है तो उसमें पदाधिकारी नहीं पहुंचते हैं। साथ ही समस्या का समाधान भी नहीं किया जाता। जिला परिषद सदस्यों ने कहा कि पिछली बैठक में जो भी समस्या को रखा गया था उस पर आज तक किसी तरह की पहल नहीं की गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में तीन अहम प्रस्ताव पारित किए गए हैं, जिसमें जो पदाधिकारी बोर्ड की बैठक में नहीं आते हैं उनके खिलाफ राज्य सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रत्येक महीने की 28 तारीख को जिला परिषद बोर्ड की बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिला परिषद की पहली बोर्ड की बैठक प्रखंड में होगी। वहीं दूसरी बैठक जिला कार्यालय में होगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में जिला परिषद पूरी तरह से हाईजेक हो गई है। जिला परिषद की बैठक में सदस्यों द्वारा मनरेगा और 15वें वित्त में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को उठाते हैं लेकिन जिला परिषद सदस्यों की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बार जांच का मामला उठता है। अधिकारियों द्वारा जांच करने के बजाय टालमटोल किया जाता है। बैठक में जिप सदस्य सुमन देवी, कांडी सदस्य सुषमा देवी, नगर उटारी सदस्य बाला देवी, बरडीहा जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश आदि उपस्थित थे।

प्रेमी ही निकला युवती का हत्यारा, गिरफ्तार

दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में युवक को पुलिस ने भेजा जेल, फांसी की सजा की मांग

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

पुलिस ने युवती की दुष्कर्म के हत्या के मामले में शुक्रवार को आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार जेल भेज दिया। युवती के परिजनों की ओर से दी गई लिखित शिकायत पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने उक्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि कहा मृतक युवती और आरोपी विवेक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के दिन विवेक ने फोन कर को घटना स्थल पर बुलाया। उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसने उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

बताते चलें कि बुधवार सायंकाल के समय युवती का शव रारो पंचायत के बगिझरिया टोला से पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। घटनास्थल पर शराब की अनेकों बोतलें, खाने का सामान बरामद किया गया था। कई जगहों पर खून के निशान मिले थे। उधर युवती की सगी बहन ने बताया कि घटना से पूर्व मंगलवार रात्रि उसक छोटा भाई और उसकी बहन एक कमरे में सोए हुए थे। शौच करने को लेकर जब मेरा भाई घर से बाहर निकल कर पुनः उस कमरे में गया तो बहन को नहीं देखा। उसके बाद उसने इसकी जानकारी घर वालों को दी। इसके बाद उसकी खोजबीन में हम सभी जुट गए लेकिन कहीं भी उसका आता पता नहीं चला। बुधवार को सायंकाल में उसका शव घर से हजार फीट की दूरी पर होने की जानकारी मिली। बताया कि घटना से चार दिन पूर्व विवेक कुमार नामक युवक से बहन को फोन पर बात करते देखा था। उसके बाद उससे बात करने को लेकर हम लोगों ने अपनी बहन को मना कर दिया था। इसी बीच, विवेक का दोस्त कृष्णा घर आकर धमकी देने लगा कि आप उससे बात करने से नहीं रोक सकते हैं। अगर पुनः ऐसा करेंगे तो इसका अंजाम बुरा होगा। विवेक के साथ उसकी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन उसकी हत्या सिर्फ उसके द्वारा ही नहीं की जा सकती है, बल्कि उसके कई दोस्तों का भी इस घटना में हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा कि उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उसकी बहन पूरी तरह नग्न अवस्था में पड़ी थी और उसके अगल-बगल की मिट्टी पूरी तरह खून से लथपथ हो चुकी थी। उसका कपड़ा भी इधर-उधर फेंका पड़ा था। पीड़िता के परिजनों ने मामले में हत्यारों को फांसी की सजा की गुहार लगाई है।

उड़सुगी में वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव निवासी कामेश्वर भुइयां (60) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार को उसका शव गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव में रेलवे लाइन के बगल में पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने इसकी जांच के लिए डाग स्क्वायड का भी सहारा लिया है। लेकिन इस मामले का पदार्फाश अभी नहीं हो सका है कि कामेश्वर भुइयां की मौत कैसे हुई। हालांकि मृतक के मुंह में खून का धब्बा लगा हुआ है। इससे उसकी हत्या का भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। पुलिस उसके शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल ले गई है। कामेश्वर भुइयां की शादी गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया गांव में हुआ था। दंपती को एक पुत्र संतोष कुमार है। लेकिन कुछ दिनों बाद कामेश्वर भुइयां ने पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया था। इसके बाद उसकी पत्नी अपने बेटे संतोष कुमार के साथ महुलिया गांव स्थित मायके में रहती थी।कामेश्वर भुइयां उड़सुगी गांव में ही रहता था। वह मजदूरी का अपना जीवन-बसर करता था। इस संबंध में मृतक के पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि उसे शुक्रवार की सुबह 10 बजे सूचना मिली थी कि उसके पिता का शव रेलवे लाइन के बगल में मिला है। इसके बाद वह उड़सुगी गांव में पहुंचा था। उसने बताया कि उसे किसी पर कोई संदेह भी नहीं है। लेकिन कामेश्वर भुइयां की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

खेलकूद

अंतर जिला यूथ बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन 16 मैच खेले गए

गढ़वा ने पश्चिमी सिंहभूम की टीम को 2-0 से दी मात

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक -बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग के कुल 16 मैच आयोजित किए गए।

भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा के मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार, उप प्रबंधक राजेश जायसवाल, सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास, पुलिस अवर निरीक्षक सहदेव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राम प्रसाद इंदौर ने बारी-बारी से मैचों का उद्घाटन किया। बालक वर्ग में लातेहार बनाम रामगढ़ के खेले गए मैच में रामगढ़ की टीम 2-0से विजय हुई। इसी तरह हजारीबाग बनाम पूर्वी सिंह भूम के बीच खेले गए मैच में हजारीबाग 2-0 से विजय रही। देवघर बनाम बोकारो के मैच में देवघर 2-0 से विजई हुई। गुमला बनाम पश्चिम सिंहभूम के खेले गए मैच में पश्चिमी सिंहभूम 2-0 से विजयी रही, जबकि रांची बनाम पाकुड़ के खेले गए मैच में रांची 2-0 से विजय रही। धनबाद बनाम गोड्डा के बीच खेले गए मैच में धनबाद 2-0 से विजती रह। इसी तरह खूंटी बनाम पलामू के बीच खेले गए मैच में खूंटी की टीम 2-1 से विजय रही। लोहरदगा बनाम कोडरमा के बीच खेले गए मैच में लोहरदगा 2-0 से विजई रही। पूर्वी सिंहभूम बनाम लोहरदगा के बीच खेले गए मैच में पूर्वी सिंहभूम 2-0 से विजयी हुई। रांची बनाम खूंटी के बीच खेले गए मैच में रांची 2-1 से विजय रही, जबकि धनबाद बनाम लातेहार के बीच खेले गए मैच में धनबाद की टीम 2-1 से विजई रही। बोकारो बनाम गुमला के बीच खेले गए मैच में बोकारो 2-0 से विजय रही। रामगढ़ बनाम सरायकेला के बीच खेले गए मैच में रामगढ़ की टीम विजय रही। खूंटी ने भी अपना मैच जीता। गढ़वा वर्सेस पश्चिमी सिंहभूम के बीच खेले गए मैच में 2-0 से गढ़वा विजय रही। हजारीबाग बनाम कोडरमा के बीच खेले गए मैच में हजारीबाग की टीम 20 से विजय रही। सभी मैच इंटरनेशनल रेफरी संजय कुमार, संजय ठाकुर, सुनील राय, राजीव मिश्रा, उत्तम राज, धन रंजन शर्मा, अमन खालको, स्टेट रेफरी अरशद, देवाशीष झा, बसंत नायक, चंचल कुमार की देखरेख में आयोजित किये जा रहे हैं। मौके पर संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक, सचिव ओम प्रकाश तिवारी, विधायक खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, अंशु दुबे, विशाल पांडे, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, प्रशांत ओझा, कमलेश पांडे, रमाशंकर सिंह, विकास कुमार उपस्थित थे।

बैंक ने बीमा राशि का चेक महिला के पति को सौंपा

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मेराल शाखा प्रबंधक उज्जवल कुमार ने खाता धारक प्रमिला देवी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके पति उदय उरांव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि मेराल प्रखंड के बाना गांव के रामबांध टोला निवासी प्रमिला देवी ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सीएसपी केंद्र बाना गांव में खाता खुलवाया था, जिसका संचालक मोहम्मद एजाज अंसारी है। उस खाते से प्रमिला देवी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना के तहत 436 रुपये सालाना प्रीमियम कराई थी। महिला का पहला वर्ष था। 2022 के दिसंबर माह में बीमा कराया था। प्रमिला देवी की 37 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। प्रमिला देवी के परिजनों द्वारा सभी आवश्यक कागजात बैंक दिये गये। डेथ क्लेम आवेदन के आधार पर बैंक ने जांच की प्रक्रिया पूरा कर 24 नवंबर को मृतक के पति को बैंक शाखा बुलाकर 2 लाख का चेक दिया गया। मौके पर बैंक कैशियर उमेश कुमार, जितेंद्र कुमार, बना पंचायत के वार्ड सदस्य शिवनाथ राम, अशोक मिश्रा इत्यादि मौजूद थे।

गागर में सागर

मयूरहंड प्रखंड के दिवंगत पूर्व प्रमुख पंचतत्व में विलीन, पिता ने दी मुखाग्नि

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड के दिवंगत भाजपा मंडल अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख विक्रम कुमार सिंह का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कदगावा खुर्द के शमशान घाट में किया गया। जहां अपने दिवंगत युवा पुत्र को मुखाग्नि पिता धनजंय सिंह ने भरी मन से दिया और दिवंगत का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। वहीं अपने युवा नेता के अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल होकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि दिवंगत का पार्थिक शरीर देर रात उनके घर लाया गया। श्रद्धांजलि देने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक जनार्धन पासवान, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, भाजपा नेता उदयभान सिंह, उज्ज्वल दास, सुजीत भारती, जिप सदस्य देवेंद्र चन्द्रवंशी, राजद नेता मनोज चंद्रा, अशोक शर्मा, भाजपा नेता अभिषेक रामाधीन, मुखिया अशोक कुमार, शिव कुमार सिंह, भोला प्रसाद सिंह, राजेश कुमार सिंह, मनजीत सिंह, रामनाथ यादव, आदि पहुंचे थे। दिवंगत अपने पीछे बारह वर्षीय एक पुत्री व दस वर्षीय एक पुत्र को छोड़ गए। बताते चले कि पूर्व प्रमुख अपने निजी कार्य को लेकर बुधवार को मध्य प्रदेश के रीवा जा रहे थे। तभी उत्तरप्रदेश के मिजार्पुर के समीप सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी थी।

बिशप थियोडोर डाल्टनगंज ने 200 छात्रों को गिफ्ट किया कंबल

महुआडांड़। संत जेवियर हाई स्कूल गोठगांव में शुक्रवार को डाल्टनगंज धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास एस एफ एक्स द्वारा गरीब बच्चों को कंबल बांटा गया। बिशप ने बच्चों से कहा कि अच्छी पढ़ाई के द्वारा जीवन में आगे बढ़ें। आप उन सभी शुभ चिंतकों के लिए प्रार्थना करें जो उदारता पूर्वक जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं। सभी बच्चे कंबल पाकर बहुत खुश थे। 100 कंबल स्ट्रीट प्रोविडेंट एन जी ओ गोवा और 100 कंबल पुनित पोडार के द्वारा दिया गया। इस वितरण समारोह में बिशप स्वामी के अलावा फा. सुमन निरंजन मिंज मैनेजर गोठगांव पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित फादर मनोरंजन कच्छप, हाई स्कूल हेडमास्टर फादर मैक्सीमिलियन टेटे,भुसार शेल्टर होम के निदेशक फादर प्रदीप पन्ना, फादर अमरदीप केरकेट्टा एवं ब्रदर सुमन कुजूर उपस्थित थे।

फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

बारियातु। प्रखंड के टोंटी पंचयात अंतर्गत ग्राम पिपराडीह मे गुरुवार को विकास यादव के जमीन के प्लॉट पर सिंजेटा कम्पनी के द्वारा फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सिंजेटा कम्पनी के द्वारा एस 4003 धान की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर सिंजेटा कम्पनी के चतरा प्रखंड क्षेत्र के टेरिटरी सेल्स मैनेजर गौरव सिंह, बलूमाथ के एमडीओ, प्रदुमन सिंह तथा बारियातु एमडीओ पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

छात्राओं में सेनेटरी नैपकिन का वितरण

बालूमाथ। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड की ओर से संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र की अपराजिता महिला समिति के द्वारा शुक्रवार को बालूमाथ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिविर लगाकर 200 छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन एवं सैनिटाइजर का वितरण किया गया। किशोरियों की कल्याण गतिविधि के अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन और सैनिटाइजर किट वितरित किए गए। समूह की सदस्यों ने बताया कि छात्राओं को जागरूक करने एवं उनके व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित प्रदर्शन और बातचीत भी आयोजित की गई। मौके पर अपराजिता महिला समूह की बिभानाथ, ममता सत्यनारायण सदाला, हसबुन निशा, अंजू बिनोद कुमार, प्रमिला सिन्हा, श्वेता प्रियदर्शी, दीप्ति चटराज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के प्राप्त हुए 179 आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बालूभांग पंचायत सचिवालय के समीप शुक्रवार को मुखिया केदार गंझु की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, मुखिया केदार गंझु पंसस राजेश राम, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना के 179, पेंशन योजना 25, जेएस एलपीएस 9, 15वीं वित्त के 6 आवेदन प्राप्त किए गए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक कहा कि राज सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास के अलावा भी कई सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर सभी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। वहीं कई गरीब असहाय के बीच 600 धोती-साड़ी का भी वितरण किया गया। मौके पर शशि पूनम कुजूर, वार्ड सदस्य मनोज राम आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम में योजनाओं की दी गई जानकारी

लातेहार। प्रखंड के परसही पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिले की सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आपकी समस्याओं से रूबरू होंगे तथा उनका निष्पादन करेंगे। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा गया कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में 4 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 5 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 6 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 6 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी, 7 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी आदि उपस्थित थे।

आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों आवेदन हुए प्राप्त

चंदवा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पहले दिन शुक्रवार को हुटाप पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन लातेहार एलआरडीसी उदय कुमार, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, हुटाप मुखिया सुखनारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। अधिकारियों ने विशेष रूप से अबुआ आवास योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी। शिविर के माध्यम से ऑन स्पॉट कई आवेदनों का निष्पादन करते हुए मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, पेंशन योजना, जॉब कार्ड, ई श्रम कार्ड, स्वास्थ्य, आधार कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र आदि विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए। मौके पर ही कई आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका निष्पादन भी किया गया। मौके पर प्रभारी एमओ रामनाथ यादव, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, कुशध्वज कुमार, जेएसएलपीएस के मुजीब आलम, सेठी सिंह, प्रखंड कर्मी आदि मौजूद थे।

अबुआ आवास को लेकर उमडी भीड़

चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के कदगावांकला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत क्षेत्र के वृद्धजनों के संग मुखिया अशोक कुमार भुईयां तथा बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मनरेगा, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, बिजली, स्वास्थ्य, बाल विकास, जेएसएलपीएस, राजस्व विभाग, कृषि, पशुपालन विभाग समेत विशेष रुप से अबुआ आवास के लिए स्टॉल लगाया गया था। जहां पंचायत क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों ने जरुरत अनुसार अपना आवेदन जमा किया। जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग आवेदनों का निष्पादन किया गया। शिविर में सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास को लेकर लगी। अबुआ आवास का लगभग चार सौ आवेदन जमा किया गया। जिसमें डेढ सौ आवेदन को रजिस्ट्रेशन किया गया, शेष प्राप्त आवेदनों को कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा 48 घंटे के अंदर रजिस्ट्रेशन कार्य निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। स्टॉलों का निरीक्षण भू-अर्जन पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने किया औरग्रामीणों की समस्याओं को निष्पादन का निर्देश दिया। शिविर में स्कूल बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंदनी मुखिया अजय कुमार भुईयां, बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव द्वारा किया गया। वहीं ठंढ से बचाव को लेकर जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव सतिष कुमार मिश्रा, प्रधान सहायक जेपी शर्मा, मनरेगा जई उमेश उरांव, शंकर रजक आदि शामिल थे।

डीसी ने मोकतमा पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

चतरा। जिले के प्रतापपुर प्रखंड के घोरीघाट पंचायत, हंटरगंज के नावाडीह पनारी, कान्हाचट्टी के बेंगोकला, चतरा के मोकतमा, इटखोरी के कोनी, मयुरहंड के कदगांवा कला, पत्थलगडा के नावाडीह, सिमरिया के जिरवाखुर्द व टंडवा प्रखंड के पदमपुर पंचायत में शुक्रवार को आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रखंड स्तर पर उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पहले दिन चतरा सदर प्रखंड के मोकतमा पंचायत में लगे शिविर का उपायुक्त श्री इमरान ने पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के साथ अबुआ आवास योजना शिविर का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित लाभुकों से मील उनके समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीब जनों के बीच धोती एवं साड़ी का वितरण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। पूर्व में भी इस तरह के कार्यक्रम दो बार चलाएं जा चुके हैं। कार्यक्रम का असर है कि जनता को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है और मामले का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा रहा है। पिछले दो सालों में इस कार्यक्रम को अपार सफलता मिली है। उपायुक्त ने आम जन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें और बिचौलियों की जानकारी प्रशासन को दें। अधिक से अधिक लोग नजदीकी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले। 25 नवंबर को लावालौंग प्रखंड के रीमी पंचायत, हंटरगंज के जबड़ा, गिद्धौर के मझगांवा में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अबुआ आवास को लेकर जमा हुए सर्वाधिक आवेदन

टंडवा (चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र में राज्य सरकार के चौथे कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे राज्यव्यापी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार का आयोजन शुक्रवार को पदमपुर पंचायत में किया गया। संबंधित जानकारी देते हुवे बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त 886 मामलों में सर्वाधिक 450 आवेदन अबुआ आवास से संबंधित है। इस दौरान बिरशा सिंचाई कूप योजना के 10, जाती प्रमाण पत्र के 30, आय प्रमाण पत्र के 20, राजस्व विभाग के 50, केसीसी के 34, धोती-साड़ी, लुंगी व कंबल वितरण से संबंधित 184 आवेदन ग्रामीणों द्वारा जमा किए गए। कइ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन करने के पश्चात लंबितों के त्वरित निष्पादन हेतु प्राथमिकता सूची में रखा गया है। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधी समेत विभागीय कर्मी मौजूद थे। प्रखंड के 19 पंचायतों में क्रमवार 26 दिसंबर तक आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 नवंबर को धनगडा.में लगाया शिविर। 26 दिसंबर को बचरा दक्षिणी में कार्यक्रम का समापन होगा।

मनरेगा : सामग्री मद की राशि नहीं मिलने से लाभुक परेशान

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा

कुंदा प्रखंड में मनरेगा कूप लाभुकों को सामग्री मद की राशी नहीं मिलने से स्थिती दैनीय हो गई है। लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि कूप निर्माण पूर्ण किए लगभग चार माह बीतने को है, लेकिन अभी तक मिस्त्री, मेठ व समाग्री मद की राशी नहीं मिल पाई है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कूप लाभुक किसानों ने आगे कहा कि कर्ज लेकर कार्य किए थे। ज्ञात हो कि बिरसा कूप योजना में लाभुकों को प्रति कूप पच्चास हजार रुपये सामग्री मद से सहायता

बीपीओ बोले, सामग्री मद की राशि का भुगतान का प्रयास किया जा रहा

राशि के रूप में देने का प्रवधान है वह भी अभी तक नहीं मिल पाया है। वहीं इस संदर्भ में मनरेगा बीपीओ ने बताया कि लाभुकों को राज्य राहत कोष से पच्चास हजार रुपये सहायता राशि के रूप में दिये जाने हैं। अभी तक कोई अस्पष्ट निर्देश न मिलने के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है। वहीं सामग्री मद की राशि का जल्द भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है।

सम्राट जरासंध महाराज की प्रतिमा का किया विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर(चतरा)

प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित समारोह में चन्द्रवंशी समाज द्वारा स्थापित चक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाराज की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ किया गया। विसर्जन जुलूस में शामिल चन्द्रवंशी समाज के लोगों के साथ पदाधिकारी व सदस्यों ने बाजे गाजे के साथ नृत्य करते हुये चक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाराज की जयजयकार लगाते नगर भ्रमण करते हुए जयप्रकाश डैम पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया। ज्ञात हो कि गुरूवार को प्रतापपुर हाई स्कूल मैदान मे चक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाराज की 5226वीं जयंती के साथ चन्द्रवंशी महासम्मेलन का आयोजन किया गया था। विसर्जन में अध्यक्ष विजय चन्द्रवंशी, महासचिव विश्वनाथ राम, दामोदर चन्द्रवंशी, रबिन्द्र कुमार राबो, निर्मल कुमार, सचिव मिथलेश कुमार सोनु, उमेश कुमार, रघुवीर राम, दीपक कुमार, सुकेश कुमार, साकेस कुमार, रौशन कुमार, प्राण कुमार, पंकज कुमार, अनुज कुमार, अजय राज, मोहित कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार वर्मा, संदीप कुमार आदि शामिल थे।

शिविर लगाकर बकायेदारों से की गई बिल की वसूली

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)

विद्युत विभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक में शिविर लगाकर शुक्रवार को बकायेदारों से बिजली बिल की वसूली की है। शिविर विभाग के विकास कुमार, संतोष कुमार, महावीर दांगी के संयुक्त नेतृत्व में लगाया गया। जिसमें लगभग 2 लाख 78 हजार 7 सौ 73 रुपए राजस्व की वसूली की गई। बताया गया कि प्रत्येक माह के 24 तारीख को शिविर लगाया जाएगा। मौके पर कई कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

पहल आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच ऊनी वस्त्र वितरित, बीडीओ ने कहा

अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का शीघ्र होगा निर्माण

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)

टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा ऊनी वस्त्र निःशुल्क वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिसका वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में नार्मांकित बच्चों के बीच क्रमवार किया का रहा है। शुक्रवार को कबरा पंचायत समिति सदस्य शशिबाला देवी ने सिसई के खूंटी टोला व खैल्हा आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर 20-20 बच्चों के बीच दो सेट आर्वटित स्वेटरों का वितरण किया। मौके पर सेविका कविता देवी, सुमन देवी, समाजसेवी उदय पांडेय समेत अन्य मौजूद थे। वहीं खूंटी टोला में जर्जर शौचालय तथा खैलहा में अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी की जानकारी दूरभाष पर बीडीओ देवलाल उरांव को दी गई तो उन्हों ने कहा कि मामले पर समुचित जांच के पश्चात अर्धनिर्मित भवन व शौचालय का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। ज्ञात हो कि अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी भवन वित्तीय वर्ष 2017-18 से लंबित है, जिसमें कुल 6,13,000 रुपये में से 4,13,000 रुपए की निकासी हो चुकी है। जबकि महज दो लाख रुपये आसीडीएस मद का शेष बचा है।

पारा शिक्षक संघ ने किया उपायुक्त व झामुमो जिला अध्यक्ष का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

लातेहार जिले के 30 पारा शिक्षकों को अंडर एज के नाम पर विगत आठ महीनों से मानदेय पर कार्यवाई के नाम पर रोक लगा दी गई थी जिससे पारा शिक्षक परेशान थे। शोषित पारा शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष बेलाल अहमद की अगुवाई में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया और भरोसा दिलाया गया कि हेमंत सोरेन की सरकार में किसी भी पारा शिक्षकों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उनकी अगुवाई में उपायुक्त को समस्याओं से रुबरु कराया गया। उपायुक्त ने इसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए विगत आठ माह से बंद पड़े मानदेय को दीपावाली पूर्व भुगतान करने का आदेश दिया, जो हो भी गया। गुरुवार की शाम पारा शिक्षकों ने लातेहार परिसदन में उपायुक्त एवं जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव आभार व्यक्त किया। मौके पर बेलाल अहमद, सत्यवान कुमार, आमोद कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, गणेश यादव, संजीत कुमार, दिलीप कुमार, राजू महतो, पंकज गंझू, बुधराम गंझू, रीता कुमारी, सुनैना कुमारी आदि मौजूद थे।

गागर में सागर

आपके द्वार कार्यक्रम में आलिया परवीन को मिली साइकिल योजना की राशि

लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में आलिया परवीन को साइकिल वितरण योजना अंतर्गत साइकिल क्रय हेतु राशि छात्रा के बैंक खाता में हस्तांतरित की गई। योजना का लाभ पाने वाली छात्रा आलिया परवीन ने बताया गया कि वे बेहद खुश हैं। आलिया इसी विद्यालय की छात्रा हैं और विद्यालय परिसर में ही योजना का लाभ मिलना बहुत सुखद अनुभूति है। बिना साइकिल के पैदल विद्यालय आने में कठिनाई होती थी जो अब दूर हो गई। योजना का लाभ पाने के बाद आलिया ने राज्य के मुख्यमंत्री माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

आपके द्वार कार्यक्रम में प्रीति कुमारी को मिली साइकिल योजना की राशि

लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कक्षा नौ की छात्रा प्रीति कुमारी को साइकिल वितरण योजना का लाभ प्रदान किया गया। इस योजना अंतर्गत साइकिल क्रय हेतु राशि छात्रा के बैंक खाता में हस्तांतरित की गई। छात्राओं के लिए इस योजना का लाभ दिये जाने पर प्रीति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया।

गढ़वा जिले के केतार प्रखंड को पच्चास क्विंटल गेंहू का आवंटन

केतार। कृषि विस्तार योजना के तहत केतार प्रखंड में किसानों के बीच वितरण करने के लिए पच्चास क्विंटल गेंहू का आवंटन प्राप्त हुआ है। इसकी जानकारी बीटीएम राकेश कुमार ने दी। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया की केतार प्रखंड के किसानों के लिए सरकार द्वारा रबी फसल के लिए गेंहू का आवंटन प्राप्त हुआ है। इस बार किसानों को समय से गेंहू मिलने से खेती कर उत्पादन कर सकेगें। उक्त गेंहू का वितरण पंचायत चयन होने के पश्चात जनप्रतिनिधियों और विभाग के उपस्थिति में किया जायेगा।

पलामू की पांडू थाना क्षेत्र की लड़की ने घरेलू विवाद पर खाया कीटनाशक

गढ़वा। पलामू की पांडू थाना क्षेत्र के लोवर पांडू गांव निवासी बंधु विश्वकर्मा की पुत्री चांदनी कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस पर चांदनी ने कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

शिविर लगाकर 25 बच्चों के बीच किया गया गर्म वस्त्र का वितरण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को शिविर लगाकर 25 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए दो-दो सेट का वितरण मुखिया बेबी देवी ने प्रत्येक बच्चे के बीच किया। इस दौरान मुखिया ने बताया कि ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। बच्चों को गर्म वस्त्र पहनकर आंगनबाड़ी केंद्र आने की अपील की। साथी ही आंगनबाड़ी सेविका को बेहतर संचालन करने का निर्देश दिया। मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार साव आदि उपस्थित थे।

भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत भवन के समीप आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

'सभी ग्रामीणों को मिले योजनाओं का लाभ'

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

प्रखंड के भीठा पंचायत भवन के समीप शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बिरिया देवी उपस्थित हुये। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों द्वारा मौके पर लगाये गये स्टाल का निरीक्षण किया और लोगों को सरकारी योजना का लाभ उठाने की अपील भी की। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में अंतिम पंक्ति के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसी उदेश्य से मुख्यमंत्री की अगुवाई में सरकार कार्य कर रही है। आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है कि ग्रामीणों के समस्याओ का निराकरण ऑन द स्पॉट किया जाय। सभी पंचायतों में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आपके समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा सके। प्रमुख बरिया देवी ने कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ मिले इसका विशेष रूप से ध्यान रखें।

बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों को नहीं होती है। ऐसे में इन योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने और लोगों को जागरूक करते हुए योजनाओं से जोड़ने के लिए आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। सीओ दिनेश प्रसाद ने कहा की कार्यक्रम के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर जरूरतमंदों को हमेशा ही सरकारी दफ्तरों का कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को इस तरह की समस्याएं ना हो, आपकी समस्याओं का समाधान आपके दरवाजे पर हो, इसी उदेश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के निर्देश के बाद राज्य में सर्वजन पेंशन योजना के लाभ से 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को लाभान्वित किया जायेगा। गरीब, निःशक्त और निराश्रित, जिनमें विधवा, एकल व परित्यक्ता भी शामिल हैं, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के दायरे में आयेंगे। इसके तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की विधवा महिला पेंशन के लिए पात्र होगी। मौके पर मुखिया टेले उरांव सहित प्रखंड व पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारी कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना व गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर फोकस करते हुए आवेदन लिया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा का आवेदन भी लिया गया। साइकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निबटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कंबल वितरण किया गया। स्वास्थ्य कैंप में स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा दी गई।

घाघरा में आयोजित आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन

घाघरा। प्रखंड के दिरगांव पंचायत में शुक्रवार को आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई लोगों की समस्याओं का निष्पादन भी किया। इस शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। अधिकारियों द्वारा सरकार की योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कई विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल में भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे। इस संबंध में बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार आम जनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शिविर में आम जनता से प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्र पर संबंधित अधिकारी समय-सीमा में कार्यवाही करके उचित निराकरण करेंगे। शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा इनका लाभ लेने के लिए अब जनता को भटकना नहीं पड़ेगा। शिविर में प्राप्त व्यक्तिगत तथा सामूहिक सभी आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण किया जायेगा। दिनेश कुमार ने कहा कि आम जनता शासन की योजनओं का लाभ उठाने के लिए आगे आये। सभी को पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ मिलेगा।

आदिवासी मूलवासी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

आदिवासी मूलवासी सद्भावना चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन रास जातरा के उपलक्ष में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के खेल मैदान में किया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भंडरा पंचायत के मुखिया इंद्रदेव ऊराव, उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली एवं गडरपो पंचायत के मुखिया सुमित उरांव ने संयुक्त रूप से किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच एजे स्टाइल एवं सबका टीम के बीच हुआ। इस मुकाबले में एजे स्टाइल टीम विजयी हुई। फुटबाल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग का खेल हो रहा है। इसमें कुल 32 टीमों भाग लिया है। इस टूर्नामेंट का फाइनल राइस यात्रा के उपलक्ष्य में 27 नवंबर को होगा। फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष शशिकांत उरांव पिंटू ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र में सद्भावना का माहौल बनाना है।

रामपुर में श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव आज से

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सदर प्रखंड के रामपुर गांव में आज से प्रारंभ होने वाले श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव 2023 को लेकर आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी किया जा रहा है।

आयोजन स्थल प्राचीन शिव मंदिर एवं दुर्गा पूजा स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। शनिवार सुबह 8:30 बजे शंकर एवं कोयल नदी के संगम तट पर स्थित प्राचीन उमानाथ मंदिर प्रांगण से 1101 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी। पश्चात यज्ञ वेदी में देवताओं का आवाहन एवं पूजन कर कलयुग के महामंत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का 72 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा। अखंड हरी कीर्तन का प्रारंभ रांची इस्कॉन टीम के द्वारा किया जाएगा। आसपास के सभी कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। 27 नवंबर को पवित्र कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि को रास पूर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर 1500 दीपों की दीपोत्सव का आयोजन भी किया गया है। 28 नवंबर को हवन पूणार्हुति एवं भंडारा के साथ इस महोत्सव का समापन होगा एवं नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक शंभू कुमार सिंह सहसंयोजक कृष्णा चौधरी, धनु साहू, बिगन महली, निरंजन साहू, अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, सचिव अमित कुमार सिंह, सह सचिव प्रवीण कुमार सिंह, बसंत लोहार, रितेश साहू, कोषाध्यक्ष रॉबिन साहू, गोवर्धन साहू, सह कोषाध्यक्ष ज्ञान प्रसाद साहू, मुख्य पुरोहित विभाकर पाठक, मुख्य संरक्षक प्रणव कुमार पाठक, संरक्षक नरेंद्र सिंह, राम लखन साहू, वीरेंद्र सिंह, बंधन उरांव, अमिंदर सिंह, उपाध्यक्ष फुलदेव लोहरा, शिवधान साहू, महली उरांव, कृष्णा साहू, सीताराम साहू , प्रचार प्रसार प्रमुख ऋतुराज गुप्ता, मीडिया प्रमुख रिशु कुमार गुप्ता समेत रामपुर खखपरता अरकोसा मनहो भटखिजरी ईरगांव मुंदो चीपो आदि गांव के ग्रामीण भाग ले रहे हैं।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर फुटबॉल मैदान में एकल अभियान अभ्युदय क्लब के द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने गुरुवार को दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों को जिप उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभियान के तहत प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200, व 400 मीटर दौड़, कबड्डी, कुश्ती, योगा खेल कराया गया।

इस दौरान बताया गया कि सभी खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी 26 नवंबर को दुमका में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम राणा ने किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मनोज कुशवाहा व मुखिया सहित अन्य उपस्थित थे।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने की बैठक

बारियातु। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुमारी ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्वेक्षकों को एसएसआर 2024 के क्रम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं वैसे बीएलओ जिनके द्वारा 60 से कम प्रपत्र की प्रविष्टि की गई है उन्हें फटकार लगाते हुए निर्धारित समय में प्रपत्र प्रविष्टि करने को निर्देशित किया। साथ ही 80+मतदाताओं को दो दिनों में सत्यापन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। मौके पर आलोक कुमार दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, बिमला कुमारी, प्रकाश यादव, विजय यादव, बीएलओ बबीता मौजूद थे।

गढ़वा के विशुनपुरा में वन पट्टा दिलाने के नाम पर पैसा उगाही की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा

विशुनपुरा थाना क्षेत्र ग्राम सारो के लगभग तीस लोगों ने गांव ही दो लोगो जगदेव सिंह पिता स्व. फाटा सिंह एवं विनोद सिंह पिता सशौधि सिंह के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि वन पट्टा दिलाने के नाम पर इन दोनों ने हम लोगों से लगभग दो लाख से ऊपर पैसा लिया है। पैसा देने वालों में मुसनी देवी, महेंद्र सिंह, शिव सिंह, गोरख सिंह, सुलखनी देवी, विदेशी वियार, राजा राम भुइयां, बरती कुंवर, अशोक कुंवर सहित कई लोगों ने थाना में आवेदन दिया है। वन पट्टा नही बनने पर पैसा मांगने पर धमकी देता है कि हम पैसा नही देंगे जहां जाना है जाओ सब देख लेंगे। इसको लेकर सभी गांव वालों ने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है।

20सूत्री अध्यक्ष ने किया हाई स्कूल का निरीक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का शुक्रवार को 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान के नेतृत्व में सदस्यों ने निरीक्षण किया गया। छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत हुए। प्रधानाध्यापक ने सदस्यों से विद्यालय में दो पेड़ सूखे होने की जानकारी देते हुए हटाने की मांग की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर का भी समिति ने जांच किया, जिसमें डॉक्टर राजेश कुमार अनुपस्थित पाए गए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें रंगरोगन कार्य ठीक नहीं पाया गया। कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में 20 सूत्री उपाअध्यक्ष रामदेव यादव, मनोज वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

पहल बहुत ही अल्प शुल्क में किया जाता है ऑपरेशन, दवाओं पर भी मिलती है छूट

भवनाथपुर, केतार व खरौंधी के लिए वरदान सद्भभावना हॉस्पिटल

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

भवनाथपुर बाजार के महेंद्र सिंह के भवन में स्थापित सद्भभावना हॉस्पिटल भवनाथपुर, केतार एवं खरौधी के लिए वरदान साबित हो रहा है। भवनाथपुर के लाल डॉ सुनील (जनरल सर्जन) के द्वारा बिगत दो वर्षों से स्थापित यह सद्भावना अस्पताल गंभीर रोग वाले मरीजों के लिए काफी सुविधायुक्त है। डॉ सुनील कुमार (ग्राम चचेरिया केतार) के डॉक्टर दिनेश्वर जायसवाल के पुत्र हैं। डॉ सुनील कर्नाटक से एमबीबीएस (एमएस) की पढ़ाई कर फिलहाल मारवाड़ी हिंदू हॉस्पिटल बनारस में कार्यरत है। डॉ सुनील कुमार विगत दो वर्षों से प्रत्येक रविवार भवनाथपुर,

केतार, खरौंधी, नगर ऊंटरी सहित कोण थाना क्षेत्र उत्तर प्रदेश और गढ़वा जिला के अन्य गांवों से आने वाले मरीजों को अपने सद्भावना अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा परामर्श देते हैं। डॉ सुनील कुमार द्वारा ब्रेन एवं हृदय को छोड़कर सभी प्रकार का ऑपरेशन यहां बहुत ही अल्प शुल्क में किया जाता है।

यहां दवाओं की खरीदारी में भी मरीजों को 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। लगभग 10 से 12 बेड वाले इस अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को यहां से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं होती है। वे कहीं से भी अपनी दवा खरीद सकते हैं। सद्भावना अस्पताल के बारे में पूछे जाने पर डॉक्टर सुनील कुमार (जनरल सर्जन) ने बताया कि मेडिकल की पढ़ाई करने के दौरान सोचा था कि अपने गृह क्षेत्र भवनाथपुर में एक स्वच्छ सुविधा वाला चिकित्सा अस्पताल पढ़ाई पूरी होने के बाद खोलेंगे और अपनी जन्म धरती में आम लोगों की सेवा भी करेंगे। फिलहाल डॉक्टर सुनील प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को 2 दिन बनारस से यहां आकर भवनाथपुर में मरीजो को चिकित्सा सेवा देते हैं, जिसमें रविवार को आने वाले सभी मरीजों को बिगत दो वर्षों से निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जा रहा है। इस अस्पताल में शेष दिन बनारस से आए चिकित्सक 24 घंटे सेवा देते हैं। इस अस्पताल के व्यवस्थापक सह प्रबंधक गुप्तेश्वर प्रसाद एवं कुणाल गुप्ता ने बताया कि यहां सस्ते दर पर सभी प्रकार की जांच एवं सभी जीवन रक्षक दवाएं और चिकित्सा सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहता है। प्रबंधक ने बताया कि आने वाले समय में डॉ सुनील द्वारा यहां पर अत्याधुनिक कंप्यूटराइज्ड एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड, खून जांच सहित अन्य कई सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। इस अस्पताल के खुल जाने से अब इस क्षेत्र के गरीब गुरुवा मरीजों को सस्ता और सुलभ इलाज मिल रहा है। अब उन्हें कई प्रकार के जटिल रोगों के ऑपरेशन के लिए रांची, बनारस या अन्य बड़े शहरों को नहीं जाना पड़ता है।

स्वास्थ्य केंद्रों में मना परिवार कल्याण दिवस

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर एवं साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जिसमें मकरी, कद वन, पचाडुमार, हरिहरपुर, अरंगी, अरसली एवं खरौंधी में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास के द्वारा योग्य दंपति को परिवार नियोजन के बारे में बताया गया एवं उन्हें परिवार नियोजन के साधन उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी। 6 योग्य दंपति को गिफ्ट वितरण किया गया। मौके पर डॉक्टर अभिनित विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार अरुण लकड़ा, अनुज कुमार धर्मजीत राम सहित सभी कर्मचारी एवं सहिया उपस्थित थे।

चीन में ठंडी हवा के चलते तापमान में भारी गिरावट

बीजिंग। चीन के मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार को तापमान में गिरावट आई और अगले 10 दिनों तक देश के विभिन्न हिस्सों में ठंडी हवा जारी रहने की संभवना है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, शीत लहर के इस दौर क्षेत्र का तापमान गिरा है।

शेयर बाजार 66000 के पार

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार की शुरूआत शुक्रवार को फिर सपाट लेवल पर हुई है और ये सिलसिला तीन दिन से चल रहा है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी मिक्स्ड ओपनिंग के साथ खुले हैं। ओपनिंग मिनटों में ही सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में आ गए हैं और सेंसेक्स ने 66000 पर खुलने के बाद 66044 के लेवल तक दिखा दिए। टीसीएस की एक्स बायबैक डेट आज है और इसके असर से टीसीएस के शेयरों में हलचल देखी जा रही है। स्टॉक मार्केट की ओपनिंग मिलेजुले ट्रेड के साथ हुई है और बाजार सपाट ही दिखाई दे रहा है। बीएसई का सेंसेक्स 17.52 अंक गिरकर ठीक 66000 के लेवल पर ट्रेड की ओपनिंग दिखा रहा था और एनएसई का निफ्टी 7.95 अंक की मामूली तेजी के साथ 19809 पर खुला है। निफ्टी के 50 में से 30 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है और 19 शेयरों में ही केवल तेजी है। इसके टॉप गेनर्स में सिप्ला, डीवीज लैब्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, हिंडाल्को और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर दिखाई दे रहे हैं। ओपनिंग के लगभग दो घंटे बाद निफ्टी 19,806 पर है और सेंसेक्स 66,023 के लेवल पर दिख रहा है। साफ है कि बाजार में कोई खास गतिविधि नहीं हो रही है और इंवेस्टर्स में उत्साह नहीं है। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के स्टॉक बढ़त के हरे निशान पर हैं जबकि 16 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर बढ़त पर हैं जबकि टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट आई है।

ग्लोबल संकेत भी हैं सुस्त : थैंक्सगिविंग के चलते अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बंद थे और आज ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 81.40 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था जिसके चलते शेयर बाजार के लिए बढ़ने की कोई वजह नहीं मिली। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 255.53 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।

20 घंटे की कार्य सीमा को हटाए कनाडा : विदेशी छात्र

टोरंटो। कनाडा की सरकार ने 15 नवंबर, 2022 से 31 दिसंबर, 2023 तक सीमा को अस्थायी रूप से हटाने की घोषणा की थी, लेकिन ये नियम अब फिर से वापस आ रहा है। नियोक्ताओं को कोविड के बाद आर्थिक सुधार के लिए लोग ढूंढने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक .....

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-13/ 2023-24** के ग्रुप संख्या 4 जिसका पी0 आर0 सं0 **PR 307279 Lohardaga (23-24)D** है, को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा ।

PR.NO.311938 Lohardaga(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
लोहरदगा ।

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सं0 – 01/2023-24/RWD/LOHARDAGA दिनांक 27.10.2023 PR No. 310076 (Lohardaga) 23-24*D & PR No. 310634 Lohardaga (23-24).D द्वारा प्रकाशित ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक– 2 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.11.2023 के स्थान पर 30.11.2023 ,क्रमांक– 3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 29.11.2023 अपराहन् 5.00 बजे के स्थान पर 11.12.2023 अपराहन् 5.00 बजे एवं क्रमांक– 4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय 01.12.2023 अपराहन् 3.30 बजे के स्थान पर 13.12.2023 अपराहन् 3.30 बजे पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का0 वि0
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR 311935 Lohardaga(23-24)D

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

- शुद्धि पत्र -

इस कार्यालय के पत्रांक 1894 / जि0प0, दिनांक 06.11.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–40 / 23–24 (PR No . 310821 District (23-24) # D) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि:– 25.11.2023 से 28.11.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय:–29.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन् में
6. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.311909 District(23-24):D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

e-Procurement Notice (2nd Call)

Short e-Tender Ref No.- 3/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 1175 (2nd Call) Dated:- 23.11.2023

1.	Name of Work	**Widening & Reconstruction of Kuti More (Chainpur) to Hutar Via Ramgarh Block Head Quarter (Total Length-24.103 Km) under Central Road Fund for the year 2022-23 (Job No.- CRF-JHR-2022-23/64)**
2.	Estimated Cost	**Rs. 92,93,32,519.80 (Rupees Ninety Two Crore Ninety Three Lacs Thirty Two Thousand Five Hundred Nineteen Rupees and Eighty Paise) Only.**
3.	Bid Security (Amount)	**Rs. 92,93,400.00 (Rupees Ninety Two Lac Ninety Three Thousand Four Hundred) Only.**
4.	Time of Completion	**24 Months**
5.	Date of Publication of Tender on Website	**30.11.2023, 10:30 AM**
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	**14.12.2023, 12:00 Noon**
7.	Date and Time of Bid opening	**19.12.2023, 12:30 PM**
8.	Pre Bid Meeting Date & Time	**08.12.2023, 15:00 PM**
9.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi.**
10.	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Daltonganj. 06562&225019**
11.	E-mail Id	**eercdmedini-jhr@nic.in**
12.	Helpline number of e Procurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 311900 Road (23-24)_D

उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला (मनरेगा कोषांग)
e-mail→mgnregagumla@gmail.com

इच्छा की अभिव्यक्ति का आमत्रंण

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 1218 दिनांक 13.10.2014 एवं सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक (N) 2558 दिनांक 13.09.2017 के अनुपालन में मनरेगा अंतर्गत गुमला जिले के सभी बारह (12) विभिन्न प्रखण्डों के 159 पंचायतों में कार्यान्वित योजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की आपूर्ति करने के लिए सुयोग्य आपूर्तिकर्त्ताओं / प्रतिष्ठानों का सूचीकरण (Empanelment) किया जाना है।

इच्छुक प्रतिष्ठान / आपूर्तिकर्त्ताओं से विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 10.12.2023 अपराह 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन विकास भवन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला में कार्यालय अवधि में जमा किया जा सकेगा।

इच्छुक प्रतिष्ठान एवं आपूर्तिकर्त्ता आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी दिनांक10.12.2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अथवा गुमला जिला के website: www.gumla.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला

PR.NO.311936 Rural Development(23-24:D

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त,गढ़वा

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधान सभा आम चुनाव 2024 अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 5903 दिनांक – 09.11.2023 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधान सभा आम चुनाव 2024 के निमित आवश्यक सामग्रियों का क्रय एवं भाड़े पर आपूर्ति प्राप्त करने हेतु विभिन्न कोटि के सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु निम्नवत् मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की गई है:–

1. निविदा सं0 01 / 2023–24 : मतदान सामग्रियों का क्रय हेतु
2. निविदा सं0 02 / 2023–24 : प्रपत्र / पंजी / बुकलेट का मुद्रण एवं आपूर्ति
3. निविदा सं0 03 / 2023–24 : लेखन सामग्री / स्टेशनरी एवं विविध सामग्री क्रय
4. निविदा सं0 04 / 2023–24 : टेन्ट / शामियाना आदि सामग्रियों की भाड़े पर आपूर्ति
5. निविदा सं0 05 / 2023–24 : नास्ता / भोजन आदि की आपूर्ति
6. निविदा सं0 06 / 2023–24 : विडियोग्राफी / सी0सी0टी0भी0 / वेबकास्टिंग कार्य हेतु

उपरोक्त विवरण के निविदाओं की प्राप्ति हेतु **दिनांक 20.12.2024 को 04:00 बजे** अपराहन तक इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जिला निर्वाचन कार्यालय में विहित शर्त्तों के अधीन अपना मुहरबन्द निविदा जमा कर सकते है।

निर्धारित समय तक प्राप्त सभी निविदाएँ **दिनांक 21.12.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे** निविदावार जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित शर्त एवं विस्तृत जानकारी, सामग्रियों की सूची का अवलोकन गढ़वा जिला के वेबसाईट http//garhwa.nic.in पर कर सकते हैं अथवा जिला निर्वाचन शाखा, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0 / –
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 311926 Election(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

डी0एम0एफ0टी0 अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– **31/2023-24** (अतिअल्पकालिक निविदा)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :01.12.23 से 03.12.23 तक कार्यालय अवधि में। **(राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)**
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :04.12.23 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.12.23 को 03:30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति / खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा / ग्रा0वि0वि0प्रमण्डल, चतरा कार्यालय।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र. सं.	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	चतरा	भेड़ी फार्म परिसर में पार्किंग हेतु बारबेड वायर फेसिंग कार्य।	4,80,200.00	9700.00	750	03 माह

निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 311921 (Rural Development)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–17/RII/2023-24/RWD/CHATRA
दिनांक–24.11.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल सं.
1.	RWD/ CHATRA/ 2022-23/09	हण्टरगंज	मीरपुर	जजलो	जजलो मुखिया पथ से गहरी नदी तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0. 820 कि.मी.)।	7926700.00	उनासी लाख छब्बीस हजार सात सौ मात्र	06 माह	तृतीय

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– **02.12.2023**
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **09.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **11.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR311973 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
वी०जे० इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा
Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)
(अति अल्पकालीन)
UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु Integrated Coaching Program हेतु पुर्ननिविदा सूचना (3rd Call)

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र / छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counseling हेतु Integrated Coaching Program के लिए ईच्छुक संस्था / एन0जी0ओ0 / फर्म / कम्पनी से कार्य / सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

I	इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	:	11.12.2023, अपराह्न 3.00 बजे तक
II	इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान	:	कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।
III	इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय	:	12.12.2023, अपराह्न् 12.00 बजे
IV	इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान	:	DRDA Conference Hall, Chatra

Name of Work	Target (न्यूनतम)
Coaching for UPSC-CSE/JPSC/BPSC	200

नोट :– उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.311927 School Education and Literacy(23-24):D

कार्यालय – झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढवा

विज्ञापन संख्या–JBAV/01/2023
झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना

विभागीय आदेश संख्या–QU/40/207/2022/3060 दिनांक–03.08.2023 के आलोक में जिला में संचालित 03 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्त्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 15.12.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, विकास भवन–बी, समाहरणालय परिसर, प्रथम तल गढवा में आमंत्रित किए जाते है:–

Sl. No.	Name of Post	Vacancy	Roster UR	BC-I	BC-II	SC	ST	Total
कक्षा 06 से 08								
1.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी)	3	2			1		3
2.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित	3	2			1		3
3.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान	3	2			1		3
4.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा0 विज्ञान	3	2			1		3
5.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – शारीरिक शिक्षा	3	2			1		3
कक्षा 09 से 12								
6.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी) प्रति विद्यालय 02 पद	6	3			2	1	6
7.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (फिजिक्स+गणित)	3	2			1		3
8.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (केमेस्ट्री+बायलोजी)	3	2			1		3
9.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिक विज्ञान	3	2			1		3
10.	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – अर्थशास्त्र	3	2			1		3

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते एवं अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक बेवसाईट– http://garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 311939 (Human Resource Developement)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/30/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड चतरा अंतर्गत भेड़ी फार्म परिसर में यात्री शेड एवं सिटिंग बेंच का निर्माण।	24,94,200.00	49,900.00	5000.00	03 माह
2	Construction of Driveway at Bhedi Farm, Chatra Part-1	24,63,600.00	49,300.00	5000.00	03 माह
3	Construction of Driveway at Bhedi Farm, Chatra Part-2	24,74,800.00	49,500.00	5000.00	03 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –**01.12.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**01.12.2023** से दिनांक–**07.12.2023** के अपराहन 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **08.12.2023** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 311919 (Rural Development) 23-24 (D)

समाहरणालय, लातेहार
(जिला भू–अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

अंचल–मनिका जिला–लातेहार अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–*II*) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत ***Design Ch.-97+515 km*** से ***Ch.-147+ 540*** तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्ध रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित **भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र** एवं **वंशावली** निर्गत हेतु राजस्व कागजात 1. आवदेन पत्र, 2. खतियान / निबंधित केवाला की प्रति, 3. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 4. आपसी सहमति पत्र, एवं 5. आधार कार्ड के साथ **अंचल–कार्यालय, मनिका** में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्गत कराना सुनिश्चित किया जाय, मौजावार तिथि निम्नवत है।

क्र0 सं0	अंचल का नाम	तिथि	शिविर का स्थान	मौजा का नाम	अभियुक्ति
1.	मनिका	28.11.2023	अंचल कार्यालय, मनिका	1. मनिका 2. नामुदाग	
2.	मनिका	30.11.2023	अंचल कार्यालय, मनिका	1. दून्दु 2. नदवेलवा 3. जमुना 4. लाली	
3.	मनिका	05.12.2023	अंचल कार्यालय, मनिका	1. सिंजो 2. एजामांड़	

ह0 / –
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

PR311889 (Land Reforms)23-24*D

लोस चुनाव को लेकर मगजमारी

लोकसभा चुनाव की बाबत मगजमारी को दौर शुरू है। उम्मीदवार चयन के लिए बीजेपी की कसरत जारी है। झारखंड में बीजेपी अगले चुनाव में कुछ नये चेहरे को मौका देने की तैयारी में है। ऐसा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य की राजधानी रांची में गृह मंत्री अमीत शाह और पीएम मोदी दहाड़ चुके हैं। बीजेपी तकनीक से संपन्न पार्टी है। संगठन की ओर से पार्टी के सभी सांसदों के कार्यों का मूल्यांकन को लेकर गुप्त सर्वे चल रहा है। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में सर्वे चल रहा है। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जनता और कार्यकताओं की नजर में योग्य उम्मीदवार की तलाश के लिए सर्वे कराया जा रहा है। पार्टी की ओर से कराये जा रहे सर्वे के बाद कई वर्तमान सांसदों का टिकट सकता हैं, वहीं कुछ नये चेहरे को मौका मिल सकता है। बताया जा रहा है कि बीजेपी तीन चरणों में रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है। अंतिम चरण का रिपोर्ट कार्ड दिसंबर में फाइनल हो जाने की संभावना है। सर्वे में सांसदों और उनके परिजनों का पूरा लेखा-जोखा, सांसद ने क्या काम किये, और जनता का फीडबैक क्या है, इसकी पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस सर्वे के कारण बीजेपी के कई वर्तमान सांसदों के होश उड़े हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने झारखंड में 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि एक सीट पर एनडीए में शामिल सहयोगी दल आजसू पार्टी को जीत मिली थी। जबकि एक सीट पर जेएमएम और एक सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को जीत मिली थी। अब बीजेपी के आंतरिक सर्वे के बाद कई संसदीय क्षेत्रों में उलटफेर की गुंजाइश बनती दिख रही है। किस सांसद को फिर से मौका मिलेगा और किनका पत्ता कटेगा, सर्वे में प्राप्त फीडबैक के बाद ही अंतिम फैसला होगा। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले को टिकट नहीं देने की अघोषित नीति से समझौता किया। 80 साल के उम्मीदवारों को भी टिकट मिला। लेकिन झारखंड में इस अघोषित नीति का किस तरह से पालन किया जायेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। हालांकि चर्चा है कि संताल परगना के एक सांसद का टिकट उनके परफॉरमेंस के कारण खतरे में पड़ने की संभावना है। पार्टी के अंदर चर्चा है कि दुमका के सांसद सुनील सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनकी लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ा है या नहीं, इसका आकलन पार्टी नेतृत्व की ओर से किया जा रहा है। दूसरी चर्चा केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की बीजेपी सांसद अन्नपूर्णा देवी को लेकर है। धनबाद में बीजेपी सांसद पीएन सिंह की जगह विधायक सरयू राय की दावेदारी की बात सामने आ रही हैं। हालांकि सरयू राय अभी निर्दलीय विधायक हैं, लेकिन रघुवर दास के झारखंड की सक्रिय राजनीति से दूर होने के बाद सरयू राय के फिर से बीजेपी में शामिल होने की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी के साथ नई दिल्ली में सरयू राय ने बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की थी। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को लेकर पार्टी के अंदर कई तरह की चर्चा हो रही है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि नौकरशाह से सांसद बने विष्णु दयाल राम की छवि आज भी क्षेत्र में एक आईपीएस अधिकारी के रूप में ज्यादा नजर आती है, आम कार्यकताओं को उनके सामने अपनी बात रखने में झिझक होती हैं, लेकिन अनुसूचित जाति सीट के लिए आरक्षित इस सीट में उनका विकल्प कौन बनेगा, इस पर मंथन जारी है।

राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में सर्वे चल रहा है। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जनता और कार्यकताओं की नजर में योग्य उम्मीदवार की तलाश के लिए सर्वे कराया जा रहा है। पार्टी की ओर से कराये जा रहे सर्वे के बाद कई वर्तमान सांसदों का टिकट सकता हैं, वहीं कुछ नये चेहरे को मौका मिल सकता है।

पुराने पैतरों पर फिर क्यों लौट रहा पाकिस्तान?

संघर्ष विराम के आये दिन उल्लंघन के बीच पाकिस्तान फिर पुराने पैतरों पर आ गया है। 2021 के बाद जम्मू-कश्मीर में बढ़ी आतंकियों की सक्रियता इसका स्पष्ट संकेत है। इस साल भी सर्दी शुरू होते ही आतंकियों के हमले तेज हो गये हैं। बीते पांच दिन में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की तीन बड़ी मुठभेड़ जाहिर करती हैं कि सीमा पार से घुसपैठ कराने की साजिश बड़े स्तर पर की जा रही है। साथ ही पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली से ध्यान हटाने के लिए भी परिवर्तन के दौर से गुजर रहे केंद्रशासित प्रदेश में माहौल सामान्य न होने का संदेश भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देना चाहता है। राजोरी में 28 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान बताता है कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने प्यादे को गद्दीनशीं करने के लिए आतंकियों को नये सिरे से खाद-पानी देने लगी है। फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है। पड़ोस में घुसपैठ और जनहानि के बूते अपने अवाम को प्रलोभन देना भी इसी का हिस्सा है। हालांकि राजोरी की मुठभेड़ में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकीकारी समेत दो आतंकियों को मार कर सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पराक्रम का परिचय दिया है। कारी ने पहली जनवरी को जिले के ढांगरी गांव में बच्चों समेत सात हिंदुओं की हत्या कर समूचे तंत्र को दहला दिया था। राजोरी में जिस तरह सेना पर हमला किया गया है, 13 सितंबर को अनंतनाग में भी यही तरीका अपनाया गया था। गौरतलब है कि राजोरी में अक्तूबर 2021 में भी नौ सैन्यकर्मियों ने आतंकियों से जूझते हुए शहादत दी थी। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में सेना ने कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश करते लश्कर-ए-ताइबा के पांच आतंकी मार गिराये थे। 16 नवंबर को कुलगाम की मुठभेड़ में भी लश्कर के ही पांच स्थानीय दहशतगर्द ढेर कर दिए गए थे। इसके अगले ही दिन राजोरी के बुद्धल इलाके में संदिग्ध आतंकियों से मुठभेड़ हो गई थी। हर मुठभेड़ में प्रशिक्षित आतंकियों की पराजय, स्थानीय लोगों की उनके प्रति बेरुखी और सुरक्षा बलों का पराक्रम पाकिस्तान को परास्त कर देता है। पाकिस्तान की बौखलाहट यूं ही नहीं है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद 31 अक्टूबर को पुनर्गठन के चार साल हो चुके हैं। पाकिस्तान के सीमावर्ती राजस्थान के विधानसभा चुनाव की सभाओं में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गर्व और आत्मविश्वास से बताते हैं कि 370 हटाये जाने पर जम्मू-कश्मीर में खूनखराबे की आशंका जताने वाल देश के राजनीतिक दलों और विदेश के नेताओं को देख लेना चाहिए कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यहां कितनी तेजी से तरक्की हो रही है। चार साल में नये जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन को ऐसे समझा जा सकता है कि यहां आजादी के बाद पहली बार विदेशी पूंजी का निवेश हुआ है। खाड़ी देशों समेत कुल 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव आये हैं। करीब दो हजार करोड़ का निवेश हो भी चुका है। दुबई का इमर समूह तो श्रीनगर में 500 करोड़ खर्च कर विशाल मॉल बना रहा है। यही नहीं, श्रीनगर में नाइट लाइफ शुरू हो गई है। स्थानीय लोग और सैलानी इसका लुत्फ उठा रहे हैं। जी20 के सफल आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। जल शक्ति का समुचित उपयोग कर यहां 20 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य 2026 तक हासिल होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां अधिकतम 3500 मेगावाट बिजली का ही उत्पादन हो रहा था। इस साल नियंत्रण रेखा पर टीटवाल में 75 साल में पहली बार दिवाली मनाई गई। सभी धर्मों के लोग इस आयोजन में शामिल हुए। पूजा-अर्चना की गई। दीये जलाये गये। सीमा पर तैनात जवानों ने भी उत्साह से दिवाली मनाई। नियंत्रण रेखा के नजदीक पुंछ में तो भजन-कीर्तन के साथ आतिशबाजी भी की गई। एक तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार सियाचिन में सेना के जवानों के साथ दिवाली मना कर इसका शुभारंभ किया था। श्रीनगर में 35 साल बाद पहली बार दशहरे पर शोभायात्रा निकाली गई और रावण दहन के कार्यक्रम में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा भी शामिल हुई। आतंकवाद का दौर शुरू होने के बाद के हालात कश्मीरी हिंदुओं और पंडितों के लिए ही दयनीय नहीं थे, मुसलमान भी इसका दंश झेल रहे थे। यह इससे जाहिर है कि शिया समुदाय के 25 हजार लोगों ने भी 33 साल बाद इसी साल मोहर्रम पर जुलूस निकाला। पाकिस्तान की चिढ़ के और भी कारण हैं। तीन साल में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 50 से अधिक सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। ये कर्मचारी आतंकी संगठनों को गोपनीय सरकारी सूचनाएं ही नहीं, आर्थिक मदद भी मुहैया कराते थे। यहां उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश बनने और केंद्रीय कानून लागू होने के बाद सरकारी एजेंसियों ने आतंकवाद और अलगाववाद में इस्तेमाल होने वाली अरबों रुपये की 500 से अधिक संपत्तियां भी जब्त की हैं। इनमें ज्यादातर संपत्तियां नशे और हथियारों की तस्करी कर बनाई गई थीं। आर्थिक तंत्र बिगड़ने से आतंकियों की कमर टूट गई है, वहीं सुरक्षा बल इनके नेटवर्क को आसानी से ध्वस्त कर रहे हैं। सीबीआई और ईडी ने चार साल के दौरान 75 से अधिक मामले दर्ज किये हैं। इसके पहले अनुच्छेद 370 के कारण पिछले 20 साल में सीबीआई चार मामले ही दर्ज कर पाई थी। उधर, एक साल में भारत में वांछित सात बड़े आतंकी पाकिस्तान में मारे जा चुके हैं। 14 नवंबर को जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मौलाना रहीमउल्लाह तारिक कराची में मारा गया। तारिक मसूद अजहर का करीबी थी। धार्मिक आयोजन में जाते समय उसे गोली मारी गई। पाकिस्तान इसे टारगेट किलिंग मान रही है। कुछ समय पहले ही लश्कर कमांडर अकरम गाजी की भी हत्या हुई थी। गाजी को 2018 में जम्मू के सुजवां हमले का एक मास्टरमाइंड माना जाता है। 11 अक्टूबर को जैश-ए-मोहम्मद के शाहिद लतीफ को सियालकोट में ढेर कर दिया गया। 2 जनवरी 2016 को पठानकोट एयरबेस पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों में शामिल था। वह 1999 के बहुचर्चित कांधार हवाई जहाज अपहरण कांड में भी आरोपी था। आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान में अज्ञात कारणों और अज्ञात हमलावरों द्वारा की जा रही हत्याओं के पीछे की ताकत पर वहां के हुक्मरानों पर ही सवाल उठ रहे हैं।

फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है।

इन दिनों

प्रदीप मिश्र

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि अत्री की कहानी

इस तरह से ऋषि अत्री के कहने पर माता अनुसूइया त्रिदेवों को मुक्त करती हैं। अपने स्वरूप में आने पर तीनों देव ऋषि अत्रि व माता अनुसूइया को वरदान देते हैं कि वह कालान्तर में उनके घर पुत्र रूप में जन्म लेंगे और त्रिदेवों के अशं रूप में दत्तात्रेय ,दुवार्सा और सोम रुप में उत्पन्न हुए थे।

वैदिक मन्त्रद्रष्टा

महर्षि अत्रि वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि माने गये हैं अनेक धार्मिक ग्रंथों में इनके आविर्भाव तथा चरित्र का सुन्दर वर्णन किया गया है। महर्षि अत्रि को ज्ञान, तपस्या, सदाचार, भक्ति एवं मन्त्रशक्ति के ज्ञाता रूप में व्यक्त किया जाता है।

ऋषि अत्रि और श्री राम

भगवान श्री राम अपने भक्त महर्षि अत्रि एवं देवी अनुसूया की भक्ति को सफल करने के लिए स्वयं उनके आश्रम पर पधारते हैं और माता अनुसूइया देवी सीता को पतिव्रत का उपदेश भी देती हैं। उन्हें दिव्य वस्त्र एवं आभूषण प्रदान करती हैं महर्षि अत्रि तीनों गुणों सत्त्व, रजस, तमस गुणों से परे थे, वह गुणातीत थे। महर्षि अत्रि सदाचार का जीवन व्यतीत करते हुए चित्रकूट के तपोवन में रहा करते थे। वेदों में वर्णित है कि ऋषि अत्रि को अश्विनीकुमारों की कृपा प्राप्त थी इस पर एक कथा भी प्राप्त होती है कि एक बार जब महर्षि अत्रि समाधिस्थ थे, तब दैत्यों ने इन्हें उठाकर शतद्वार यन्त्र में डाल देते हैं और जलाने का प्रयत्न करते हैं परंतु समाधी में होने के कारण इन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होता तभी उचित समय पर अश्विनीकुमार वहाँ पहुँचकर ऋषि अत्रि को उन दैत्यों के चंगुल से बचाते हैं यही कथा ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में भी बताई गई है।

(क्रमशः)

सशक्तिकरण के शोर में आधी आबादी असुरक्षित

दिल्ली का निर्भया कांड जिसने आधी आबादी पर होते जुल्म को देखकर गहरी नींद में सोने वाले संपूर्ण मानव समाज को झटके से जगाया था, वो समाज शायद अब फिर से सोने लगा है। झकझोर देने वाली उस घटना के बाद कुछ वर्षों तक तो लोगों में महिला जागरूकता को लेकर अच्छी खासी चेतनाएं रहीं, लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, लोग सब कुछ भूलते चले गये। देखकर दुख होता है जब भीड़ की मौजूदगी में भी हिंसक प्रवृति के लोग महिलाओं का सरेआम उत्पीड़न करते हैं और लोग तमाशबीन बनकर चुपचाप देखते रहते हैं। उस वक्त थोड़ा सा भी कोई विरोध नहीं करता। विरोध न करना ही, अपराधियों के हौसले बढ़ाना होता है। बीते सात-आठ महीनों में मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाएं इस बात का उदाहण हैं। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसक घटनाओं को रोकने की वकालतें तो पूरा जग-जमाना करता है। पर, ये तभी संभव हो पायेगा, जब जनमानस सामूहिक रूप से एकत्र होकर इस काम में आहुति देगा। कड़ाई से मुकाबला करना होगा। लज्जित होने वाली प्रत्येक महिलाओं को हमें अपनी मां-बहन समझना होगा। ये बातें आज 'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन' के खास दिवस पर करना इसलिए जरूरी हो जाता है, ताकि हम सभी संकल्पित हो सकें। बहरहाल, खास दिवसों को मनाने के पीछे कोई न कोई वजहें जरूर होती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के पीछे भी एक वजह है। बात कोई पांच-छह दशक पूर्व की है जब डोमिनिकन शासक 'राफेल ट्रूजिलो' के आदेशानुसार डोमिनिकन गणराज्य की तीन सगी बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबेल, मारिया अर्जेंटीना मिनर्वा मिराबल व एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबल की एक साथ सामूहिक निर्मम हत्या कर दी गई। तीनों बहनों का गुनाह मात्र इतना था उन्होंने ट्रूजिलो की दमनकारी और तानाशाही हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई थी। उस घटना की समूचे संसार में निंदा हुई, तभी महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने तीनों बहनों की मौत की सालगिरह पर हिंसा के खिलाफ ये खास दिन मनाने की रिवाज शुरू की। इसके बाद इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र से सरकारी मान्यता भी मिली। 17 दिसंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में नामित कर लिया। तभी से ये दिवस मनाया जाने लगा। वैसे, हुकूमती व्यवस्था में वूमेन क्राइम पर रोकथाम के लिए कानूनों की कमी नहीं, बहुतेरे कानून हैं और सामाजिक स्तर पर सजगता-जागरूकता की भी कोई कमी नहीं? महिलाओं पर बढ़ती हिंसक घटनाएं किसी भी सूरत में रूके इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारें धन खर्च करने में भी पीछे नहीं हटती। बावजूद इसके सभी कोशिशें नाकाफी साबित होती हैं। अगर गौर करे तो ये प्रयास मुकम्मल हो सकते हैं। इसके लिए समाज को गहरी नींद से जागना होगा, चुप्पी तोड़कर दुर्दांत व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठानी होगी। महिलाओं पर जुल्म ढ़हाने वाले भेडिये हमारे इर्द-गिर्द ही मंडराते हैं। उन्हें देखकर कई मर्तबा हम इग्नोर कर देते हैं, जो हमारी सबसे बड़ी भूल होती है। उसी भूल का ही अपराधी फायदा उठाते हैं। ऐसे तत्वों से मुकाबले के लिए अगर समाज एकजुटता हो जाय और उन्हें ललकारना शुरू कर दे, तो किसी की भी हिम्मत महिलाओं पर हिंसा करने की नहीं होगी? अपराधी हिंसा करने से पहले सौ बार सोचेंगे। ऐसा ही एक बेहतरीन उदाहण पंजाब के भठिड़ा में टांसजेंडर समुदाय ने पेश किया। कॉलेज के बाहर कुछ शरारती तत्व रोजाना कॉलेज की छात्राओं पर गंदे इशारे करते थे, एक दिन उन्हें पकड़कर ट्रंसजेंडरों ने अच्छी सुताई करी और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। ठीक इसी तरह समाज को चेतना होगा। बहरहाल, तेज गति से फैला वूमेन क्राइम सिर्फ हिंदुस्तान तक ही सीमित नहीं, बल्कि समूचे संसार में विकराल समस्या बन चुका है।



डॉ. रमेश ठाकुर

बीते सात-आठ महीनों में मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाएं इस बात का उदाहण हैं। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसक घटनाओं को रोकने की वकालतें तो पूरा जग-जमाना करता है।

असुरक्षा

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

काश, 'हलाल' पर सभी मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ' हो जायें!

उत्तर प्रदेश के अभी हाल ही में एक खबर आई और देखते ही देखते देश के 80 प्रतिशत लोगों के चेहरे खिल उठे। भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज लम्बे समय से यह मांग प्रशासन से कर रहा है कि आखिर देश में मुसलमानों की संख्या सिर्फ 15 प्रतिशत है तो बाकी की 85 फीसदी जनसंख्या को 'हलाल' के नाम पर सामान खरीदने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यहां मांसाहार में 'हलाल' का होना उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुसार समझ में आता है किंतु किसी भी कंपनी, संस्था या छोटे दुकानदार, वस्तु निर्माता को इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता कि यदि उसने 'हलाल' सर्टिफिकेट नहीं लिया है तो उसके सामान को बाजार के चलन में नहीं आने दिया जायेगा। भला, यह कैसी मनमर्जी है ? वास्तव में 'हलाल' प्रमाणपत्र के नाम पर ऐसा करनेवालों ने उन तमाम नियमों को भी एक झटके में ताक में रख दिया है, जो भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने फूड प्रोसेसिंग, नागरिक खाद् सुरक्षा के लिए अनिवार्य कि हैं। इसलिए ही आज इस गोरख धंधे को तुरन्त बंद कर देने की अवाज उठाई जा रही है। यह पूरा खेल हर कंपनी में 'हलाल' सर्टिफिकेट की आड़ में जबरन मुसलमानों को रोजगार दिलाने और एक अवैध समानान्तर अर्थव्यवस्था खड़ी कर लेने का है। जिससे कि आतंकवाद को पोषित करने का संदेह भी सामने आता रहा है। यह बेवजह नहीं है, इसके पीछे भी ठोस प्रमाण मौजूद हैं। मुंबई में हुए 26/11 के हमले के लिए अमेरिका के 'हलाल' प्रमाणित एक बूचड़ खाने से पैदा इकट्ठा किया गया था। इसका खुलासा तब हुआ जब इस आतंकी हमले की जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकयों डेविड हेडली (दाऊद गिलानी) और तहव्वुर राणा को गिरफ्तार किया गया। भारत में आतंकवादियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने में 'हलाल' सर्टिफिकेट से होनेवाली आय का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका यह प्रमाण देखिये, जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली कई केसों में आतंकवादियों को जेल से छुड़ाने के लिए काम कर रहा है। जर्मन बेकरी ब्लास्ट केस (मिर्जा हिमायत बेग बनाम महाराष्ट्र सरकार) - फरवरी 2010 में पुणे के जर्मन बेकरी ब्लास्ट में 17 लोगों की हत्या और 64 लोग घायल हुए थे। इस आतंकी हमले का दोषी इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी मिर्जा हिमायत बेग था। पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है। यह एक दूसरा केस है, (अब्दुल रहमान बनाम कर्नाटक सरकार), अब्दुल रहमान ने रावलपिंडी में लश्कर-ए-तोइबा के आतंकी कैंप में प्रशिक्षण लिया था। साल 2004 में वह अवैध तरीके से मुंबई आया और मस्जिदों में मुसलमानों को जिहाद के नाम पर भारत के खिलाफ लड़ने के लिए उकसाता था। इसी तरह से पलारीवत्तम आईएसआईएस केस (अर्शी कुरेशी एवं अन्य बनाम केरल सरकार) यह केस फिलहाल एनआईए के अधीन है। इसके अंतर्गत केरल के रहने वाले बेस्टिन विन्सेंट ने इस्लाम धर्म अपनाकर अपना नया नाम याह्या रख लिया था। याह्या साल 2017 में आईएसआईएस में शामिल होने के लिए अफगानिस्तान भाग गया था। या फिर यह जयपुर का आईएसआई केस (सिराजुद्दीन बनाम राजस्थान सरकार) देख लीजिए, जिसमें कि मूलतः गुलबर्ग, कर्नाटक का रहने वाला मोहम्मद सिराजुद्दीन जयपुर में आईएसआईएस के लिए भर्ती का काम देखता था। वहीं, 26/11 मुंबई ब्लास्ट (सईद जबूद्दीन बनाम महाराष्ट्र सरकार) - सईद जबूद्दीन का सम्बन्ध इंडियन मुजाहिद्दीन और लश्कर ए-तोइबा से है। वस्तुतः जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली द्वारा आतंकियों को महंगे वकील एवं अन्य कानूनी सहायता के मामले यहीं नहीं रुकते दिखते, 2011 पुणे ब्लास्ट (असद खान और अन्य बनाम महाराष्ट्र एटीएस)- पुणे की जेएम रोड आतंकी हमले में इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी असद खान मुख्य आरोपी है।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है।

हलाल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रीरामरेखा धाम मेला आज से शुरू

विकास साहु/ऋतु

झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा जिले में अवस्थित श्रीरामरेखाधाम सदियों से भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि त्रेतायुग में यहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के चरण यहां पड़े थे। उनके चरण रज से ही यह धाम पावन बन गया और कालांतर में यह श्रीरामरेखाधाम के रूप में विख्यात हुआ। यह पावन धाम सिमडेगा जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर पश्चिम दिशा में झारखंड व छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। सैकड़ों फीट ऊंची पर्वतमाला के बीच अवस्थित श्रीरामरेखाधाम न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यहां कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आज से विशाल धार्मिक मेला का शुभारंभ हो रहा है जिसका शुरूआत लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा किया जाएगा इधर आयोजन को लेकर रामरेखा धाम विकास समिति के द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

चट्टान के बीच बनी है विशालकाय गुफा

चट्टान के नीचे बनी विशालकाय गुफा की छत पर बनी लंबी रेखा ही रामरेखा कही जाती है। इस धाम में भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता की प्रतिमा के साथ-साथ अन्य देवी- देवताओं की प्रतिमा भी स्थापित है। धाम परिसर में पौराणिक शिवलिग, श्याम वर्ण के शंख, गुप्त गंगा, धनुष आकृति में बना धनुष कुंड, सीता चौका, सहता चूल्हा, अग्निकुंड, रामरेखाबाबा का समाधि स्थल आदि कई ऐसे दिव्य व दर्शनीय स्थल हैं जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच लाते हैं।

भारत सरकार के 232 तीर्थस्थलों की सूची में शामिल

भारत सरकार की 232 तीर्थस्थलों की सूची में शामिल है सिमडेगा का श्रीरामरेखाधाम सिमडेगा के लिए यह गौरव की बात है कि भारत सरकार द्वारा बनाई गई 232 तीर्थस्थलों की सूची में श्रीरामरेखाधाम भी शामिल है। यही कारण है कि 24 मार्च 2022 को श्रीलंका की अशोक वाटिका से चल कर अयोध्या जाने के क्रम में श्रीराम वनगमन काव्य यात्रा रामरथ छत्तीसगढ़ जशपुर के रास्ते सिमडेगा के रामरेखाधाम भी पहुंची थी। बता दें कि काव्य रथ यात्रा उन सभी 232 स्थानों पर पहुंची थी जहां वनवास काल के दौरान भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण और माता सीता ने अपने चरण रखे थे।

1916 से श्रीरामरेखाधाम में लग रहा है कार्तिक पूर्णिमा मेला

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रीरामरेखाधाम में भव्य मेला लगता है। श्रीरामरेखा धाम में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का इतिहास काफी पुराना है। श्रीरामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेले का इतिहास 1916 में राम मेला के साथ शुरू हुआ था।

राजा हुकूमसिंह ने की थी यहां मेले की शुरूआत

गौरतलब हो बीरूगढ़ के तत्कालीन राजा स्व. हुकूम सिंहदेव ने की थी। मेला से पूर्व दर्शन-पूजन के लिए पवित्र गुफा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगभग 17 वीं शताब्दी से ही प्रारंभ हो गया था। तब पवित्र गुफा में स्वयंभू शिवलिंग और राम नाम की ध्वनि निकलने वाले अद्भुत शंख के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु यहां पहुंचते थे। स्व. राजा हुकूम सिंहदेव ने 1916 में यहां राधा-कृष्ण की धातु की प्रतिमा स्थापित करवाई और इसी वर्ष सर्वप्रथम रासमेला का आयोजन किया गया। इसके बाद 1942 में ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 श्री स्वामी जयराम प्रपन्नाचार्य जी रामरेखा बाबा ने रास मेले को पूर्णतया धार्मिक परिवेश में बदला। उनके प्रयास से ही कार्तिक पूर्णिमा में रास मेले की जगह अखंड हरिनाम यज्ञ, सत्संग प्रवचन आदि का अनुष्ठान प्रारंभ कराया गया। पूज्य बाबा के अलौकिक अध्यात्मिक शक्ति का प्रभाव दिनोंदिन श्रद्धालुओं में बढ़ता गया। श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों की सेवा में न केवल रामरेखाधाम विकास समिति के सदस्य वरन प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता योगदान देते हैं।

पड़ोसी राज्यों से भी सैकड़ों में पहुंचते हैं श्रद्धालु

ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार व बंगाल से भी पहुंचते हैं श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा एवं माघ पूर्णिमा मेले में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार व बंगाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचते हैं। रामरेखाधाम की प्रसिद्धि को देखते हुए अब राज्य सरकार ने भी इसके विकास का निर्णय लिया है। धाम परिसर में रोपवे लगाने का प्रस्ताव है। फिलहाल छोटी गाड़ियां पहाड़ के ऊपर तक पहुंच जातीं है।

रामरेखा में कई अन्य दर्शनीय स्थल

रामरेखा के प्रमुख दर्शनीय स्थल पवित्र गुफा में स्थित मंदिर में भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण, राधा-कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा, पौराणिक शिवलिंग, श्याम वर्ण शंख के अलावे गुरु गद्दी में ब्रह्मलीन पूज्य देवराहा बाबा, ब्रह्मलीन पूज्य रामरेखा बाबा की प्रतिमा, गुफा की छत में भगवान द्वारा खींची गई लकीर आदि के दर्शन कर श्रद्धालु खुद को धन्य समझते हैं। धाम परिसर में श्रद्धालु पंचममुखी हनुमान मंदिर, गरुड स्तंभ, गुप्त गंगा, धनुष कुंड, सीता चौका, सीता चूल्हा, अग्नि कुंड, समाधि स्थल के भी दर्शन करते हैं।

भगवान श्रीराम की उपस्थिति का होता है एहसास : अखंडदासजी

रामरेखाधाम के महंत अखंडदासजी महाराज ने कहा कि रामरेखा धाम में भगवान श्रीराम की उपस्थिति का एहसास होता है। कई साधु संतों की तपस्या से रामरेखा धाम तपोभूमि बन गई है, और इस भूमि पर भगवान की विशेष कृपा है। रामरेखाधाम विकास समिति के संरक्षक दुर्गविजय सिंहदेव ने कहा कि उनके पूर्वजों के द्वारा रामरेखा धाम की खोज की गई थी। रामरेखा धाम पूरे राज्य के लिए धार्मिक महत्त्व वाला केंद्र है। पूरे राज्य में रामरेखा धाम ही एकमात्र ऐसी जगह है जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी रामरेखाधाम में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामरेखा धाम की महिमा का गुणगान सभी लोग करते हैं।

ग्रामीण जयप्रकाश गुप्ता, अनमोल मांझी, धाम के सचिव उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि रामरेखा धाम की महिमा अलौकिक है। उन्होंने कहा कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर विशाल धार्मिक मेला का आयोजन होता है जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु कुंड में स्नान करते हुए भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं गुफा में अन्य देवी देवताओं के दर्शन करते हैं मेला का शुभारंभ आज से हो रही है जहां पर लोग दूर-दूर से पहुंचेंगे।

स्टमक फ्लू होने पर दिखाई देते हैं ऐसे लक्षण, कैसे करें बचाव

पाचन तंत्र में सूजन की वजह से या फिर पेट में इंफेक्शन की वजह से स्टमक फ्लू हो सकता है। यह एक गंभीर बीमारी है। स्टमक फ्लू की स्थिति में मरीज के पेट में ऐंठन, उल्टी और दर्द की शिकायत होने लगती है। कई बार हमारा खान-पान गड़बड़ होने के कारण पेट संबंधी कई समस्याएं हमें घेर लेती हैं। ऐसी ही एक समस्या स्टमक फ्लू की होती है। इसको मेडिकल की भाषा में गेस्ट्रोएन्टराइटिस भी कहा जाता है। बता दें कि पाचन तंत्र में सूजन व पेट में इंफेक्शन के कारण यह समस्या होती है। हांलाकि यह एक गंभीर बीमारी है, जिसको नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। स्टमक फ्लू होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन बैक्टीरिया, परजीवी, वायरस या फिर दवाओं के रिएक्शन की वजह से स्टमक फ्लू का खतरा बढ़ जाता है।

जानिए क्या है 'स्टमक फ्लू'

इस बीमारी में मरीज के पेट में ऐंठन, दस्त और उल्टी की शिकायत होने लगती है। रोटावायरस, एस्ट्रोवायरस और नोरोवायरस आदि वायरस से यह रोग होता है। यह वायरस दूषित खाने व पानी में पाया जाता है। दूषित खाना-पानी खाने से यह हमारे पेट के अंदर पहुंच जाता है और संक्रमण फैलाना शुरू कर देता है। यह वायरस बच्चों से लेकर बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक तंत्र वाले व्यक्तियों में ज्यादा जल्दी फैलता है।

इन मौसमों में ज्यादा खतरा

बारिश और गर्मी के मौसम में स्टमक फ्लू होने का खतना अधिक होता है। क्योंकि इन दोनों ही मौसमों ने नमी और उमस के कारण स्टमक फ्लू के जीवाणुओं के पनपने का अनुकूल मौसम होता है। आपने भी देखा होगा कि गर्मी आदि के मौसम में फल, सब्जियां और खाना आदि जल्दी खराब हो जाता है। ऐसे में इन चीजों को खाने से यह बीमारी हो जाती है। वहीं इन जीवाणुओं को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने में मच्छर और मक्खी अहम रोल निभाते हैं।

'स्टमक फ्लू' के लक्षण

त्वचा में हल्की जलन होना, ठंड या कंपकपी लगना, ज्यादा पसीना आना, जोड़ों का अकड़ना, मांसपेशियों में दर्द, भूख कम लगना, पेट दर्द होना, जी मिचलाना, बुखार, उल्टी, दस्त।

जानिए इससे बचाव के तरीके

इस बीमारी से बचने के लिए व्यक्ति को गर्मियों में अधिक से अधिक पेय पदार्थों जैसे, पानी, फलों का जूस, ओआरएस और सत्तू आदि का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इसके अलावा आपको अधिक धूप में भी जाने से बचना चाहिए। वहीं ऊपर बताए गए लक्षणों के दिखते ही फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा

सूडोकु नवताल- 6894

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6893 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

दैनिक पंचांग

25 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृश्चिक में	धनु	08.02 बजे से
चंद्र	मेष में	मकर	10.07 बजे से
मंगल	वृश्चिक में	कुंभ	11.54 बजे से
बुध	वृश्चिक में	मीन	13.27 बजे से
गुरु	मेष में	मेष	14.57 बजे से
शुक्र	कन्या में	वृष	16.37 बजे से
शनि	कुंभ में	मिथुन	18.35 बजे से
राहु	मीन में	कर्क	20.49 बजे से
केतु	कन्या में	सिंह	23.05 बजे से
राहुकाल		कन्या	01.17 बजे से
9.00 से 10.30 बजे तक		तुला	03.27 बजे से
		वृश्चिक	05.42 ब.से

शनिवार 2023 वर्ष का 329 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
तिथि त्रयोदशी 17.23 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अश्विनी 14.56 बजे को समाप्त।
योग व्यतीपात 06.23 बजे तदनन्तर वरीयान 03.53 बजे रात्र को समाप्त।
करण तैतिल 17.23 बजे तदनन्तर गर 04.36 बजे प्रात: को समाप्त।
चन्द्रायु 11.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 20° 39'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871808
जूलियन दिन 2460273.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना जमादि उलावल
तारीख 10

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
काल	05.55 से	07.23 बजे तक		लाभ	05.37 से	07.10 बजे तक	
शुभ	07.23 से	08.51 बजे तक		उद्वेग	07.10 से	08.42 बजे तक	
रोग	08.51 से	10.19 बजे तक		शुभ	08.42 से	10.14 बजे तक	
उद्वेग	10.19 से	11.46 बजे तक		अमृत	10.14 से	11.47 बजे तक	
चर	11.46 से	01.14 बजे तक		चर	11.47 से	01.19 बजे तक	
लाभ	01.14 से	02.42 बजे तक		रोग	01.19 से	02.51 बजे तक	
अमृत	02.42 से	04.10 बजे तक		काल	02.51 से	04.23 बजे तक	
काल	04.10 से	05.37 बजे तक		लाभ	04.23 से	05.56 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7956

बाएँ से दाएँ

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान,इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद,नियामत-4
8. केश-2
10. कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी,स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम,केश-2
20. अधिकार,आरोप-2
21. सतह,स्तर,पटल-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. सभ्यीकरण,विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

ऊपर से नीचे

1. अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2. नया,नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन,प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल,कालकोठरी-4
18. शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20. ताप,शवदाह-2
22. यज्ञ,आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

शब्द पहेली -7955 का हल

	अ	न	ब	न		मौ		
	प		री		म	त	ल	ज
जि	रा	फ		द	म	न		ल
	ध	र	ती		झ		रा	ज
फि		क	मा	नी	दा	र		ला
त	न्हा		र		र	ह	म	
र		म	झ	री		ना	र	द
त	र	का	री		जा		घ	
		न		प	न	घ	ट	

आज का राशिफल

मेष राशि : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

वृष राशि : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मिथुन राशि : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

सिंह राशि : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

कन्या राशि : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

वृश्चिक राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

धनु राशि : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

मकर राशि : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

कुंभ राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

मीन राशि : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 10 दिनों के लिए बढ़ा दी। सिंह के वकील मोहम्मद इरशाद ने कहा कि जमानत याचिका अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई थी। जज ने जांच अधिकारी की इस दलील पर बेल नहीं दिया कि आरोपी के खिलाफ जल्द ही, निर्धारित समय के भीतर आरोप पत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। पिछली बार जज ने सिंह को सांसद के तौर पर विकास कार्यों से जुड़े कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की इजाजत दी थी। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को उन्हें पंजाब की एक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था, जब उन्हें सूचित किया गया था कि पंजाब के अमृतसर की एक अदालत से मानहानि के एक मामले में वारंट मिला है। इससे पहले, न्यायाधीश नागपाल ने सिंह को कुछ चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी थी।

राजौरी मुठभेड़ आतंकवाद के लिए बड़ा झटका : सेना कमांडर

दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने जम्मू में दी पुष्पांजलि

श्रद्धांजलि देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेजे गए

एजेंसी। जम्मू

उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि राजौरी मुठभेड़ में आतंकवादियों का मारा जाना राजौरी-पुंछ क्षेत्र में आतंकवाद और उसके पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। इन आर्तकियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित करके क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। राजौरी मुठभेड़ के दौरान कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, एनके संजय बिष्ट, पैराट्रूपर सचिन शहीद हुए हैं। बलिदान हुए दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को जम्मू में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और डीजीपी आरआर स्वैन सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह बलिदानी जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि

देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेज दिए गए। श्रद्धांजलि समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित थे। ऐसा लगता है कि उन्हें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने कहा कि दो कैप्टन सहित सेना के पांच जवानों के सर्वोच्च बलिदान से सैनिकों का मनोबल बढ़ा है और सभी जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीर पंजाल रेंज में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या के बारे में सेना कमांडर ने कहा कि राजौरी मुठभेड़ में दो उच्च प्रशिक्षित आतंकवादियों के मारे जाने से क्षेत्र में आतंक और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा झटका लगा है। उत्तरी सेना के कमांडर ने कहा कि इलाके में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या और भी हो सकती है, क्योंकि पुंछ और राजौरी राजमार्ग से जुड़े हुए हैं। अभी भी क्षेत्र में कम से कम 20 से 25 आतंकवादी सक्रिय हैं। पुलिस और मानव खुफिया के सक्रिय समर्थन की मदद से हम एक साल के भीतर क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में सक्षम होंगे। सुरक्षाबलों के साथ राजौरी के बाजीमल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। इन आतंकवादियों में से एक की पहचान पाकिस्तान के शीर्ष लश्कर-ए-तैयबा कमांडर कारी के रूप में हुई। यह आईईडी विशेषज्ञ था और गुफाओं और जंगलों में छिपने के लिए प्रशिक्षित स्नाइपर था।

मेरे लिए प्रदर्शनी मत लगाओ भाई

मेरे शुभम को बुला दो : शहीद की मां

आगरा। जम्मू -कश्मीर के राजोरी में आतंकियों से लोहा लेते हुए आगरा के लाल शुभम गुप्ता ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका पार्थिव शरीर एयरफोर्स स्टेशन से अंतिम दर्शन के लिए प्रतीक कॉलोनी ले जाया गया। पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होना था।शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के घर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पहुंचे। शहीद के परिजन को 50 लाख की सहायता राशि का चैक सौंपा। इस दौरान जब कैप्टन की मां को ये चेक दिया जा रहा था, तो वहां भारी भीड़ी थी। कैमरों के चमक के बीच मां की आंखें शायद अपने लाल को खोज रहीं थीं। वो बोलीं- 'मेरे लिए प्रदर्शनी मत लगाओ भाई, मेरे बेटू शुभम को बुला दो'। मां के ये शब्द सुनकर मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी निशब्द रह गए।आतंकी मुठभेड़ में बलिदान हुए अमर बलिदानी कैप्टन शुभम के पिता आगरा जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) फौजदारी पद पर तैनात हैं।

सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए ड्रोन व एआई रोबोट का हुआ इस्तेमाल

एजेंसी। नई दिल्ली

जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन में भी ये बड़े काम आते हैं। उत्तरकाशी में 11 दिनों से चल रहे ऑपरेशन सिलक्यारा में भी ड्रोन और रोबोट का भी उपयोग किया गया । रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन ने बंगलूरू से दो एडवांस ड्रोन मंगाए थे। इन ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए एक्सपर्ट भी बुलाए गए थे। उत्तरकाशी में चल रहे ऑपरेशन सिलक्यारा के लिए बंगलूरू की स्क्वाड्रोन इंफ्रा के छह टनलिंग-माइनिंग विशेषज्ञ इंजीनियर की टीम यहां पहुंची थी। टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से सुरंग के अंदर के हालात रिकॉर्ड किए हैं और फिर एआई की मदद से डाटा इकट्ठा किए। टीम ने कहा है कि इन डाटा से बचाव अभियान को काफी मदद मिली। ड्रोन के दो एडवांस ड्रोन, छह माइनिंग इंजीनियर, ड्रोन पायलट और जियोटेक्निकल एक्सपर्ट उत्तरकाशी पहुंचे थे । जिन ड्रोन को सुरंग के अंदर भेजा गया है वे राडार सेंसर और जियोफिजिकल सेंसर से लैस थे। ये ड्रोन इतने एडवांस हैं कि किसी भी तरह के मलबे के भीतर की पूरी स्कैनिंग कर सकते हैं। राहत और बचाव कार्यों में रोबोट-ड्रोन का इस्तेमाल हुआ आम बचाव और रहात कार्यों में ड्रोन और रोबोटिक्स का इस्तेमाल अब आम हो गया है। इसका ताजा प्रमाण सिलक्यारा सुरंग में डीआरडीओ टीम द्वारा इसका इस्तेमाल है। इनका फायदा यह होता है कि खराब मौसम और खतरनाक वातावरण में भी ये प्रवेश कर सकते हैं जो मनुष्यों के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। ये ड्रोन किसी भी सुरंग के अंदर जा सकते हैं। इन ड्रोन में कैमरा के साथ-साथ कई तरह के सेंसर, एलईडी लाइट्स होती हैं।

उत्तरकाशी सुरंग खुदाई में फिर आई बाधा

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में 41 श्रमिकों की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। पिछले 13 दिनों से इन्हें सही सलामत निकालने का प्रयास जारी है। सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला जाएगा। इसके लिए सभी तरह की तैयारियां की गई है। वहीं अस्पताल और डॉक्टर्स भी अलर्ट पर हैं। उम्मीद की जा रही है कि आज इन 41 श्रमिकों को सही सलामत रेस्क्यू कर लिया जाएगा। उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि अगर दोबारा अमेरिकी ऑगर मशीन ठीक से काम नहीं करेगी तो वे सभी आधुनिक उपकरणों की मदद से मैनुअल ड्रिलिंग ही करेंगे। इसके लिए साफ तौर पर बताया गया है कि पहले ऑगर मशीन निकलेगी जिसमें करीब 1 से 2 घंटे का समय लगेगा और उसके बाद सिर्फ मैनुअल खुदाई शुरू होगी। वहीं अब अभियान शनिवार तक के लिए रोक दिया गया है। अब यह शनिवार सुबह ही शुरू होगा और दोपहर तक श्रमिकों के बाहर निकल आने की उम्मीद है।

चीन के बच्चों में फिर सांस संबंधी बीमारियों में तेजी, भारत सतर्क

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तरी चीन में बच्चों में एच9एन2 मामलों के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी से भारत में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय चीन में फैली श्वसन संबंधी बीमारियों पर बारीकी से निगरानी कर रहा है। शुक्रवार को मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि चीन से रिपोर्ट किए गए एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के साथ-साथ श्वसन संबंधी बीमारी से भारत को कम खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत किसी भी प्रकार की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के लिए तैयार है।

इसके साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान के लिए एक समग्र और एकीकृत रोडमैप अपनाने के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण पर काम कर रहा है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद से स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में भी महत्वपूर्ण मजबूती आई है। इसके अलावा, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के पास कोरोना महामारी के दौरान चुनौतीपूर्ण स्वास्थ्य स्थितियों से निपटने का समृद्ध अनुभव है।

मंत्रालय के मुताबिक चीन निमोनिया के बढ़ते मामलों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी एक बयान जारी किया है। मंत्रालय के मुताबिक वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के आधार पर पिछले कुछ हफ्तों में चीन में श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं। बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी के सामान्य कारणों का पता लगाया गया है और किसी असामान्य कारणों की कोई पहचान नहीं की गई है। मंत्रालय ने कहा कि एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के खिलाफ तैयारी पर चर्चा करने के लिए हाल ही में डीजीएचएस की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी गई थी।

एनएचएआई और डीएमआरसी के विशेषज्ञ सभी सुरंगों की करेंगे जांच

पड़ोसी हिमाचल में निमार्णाधीन सुरंगों का होगा सुरक्षा ऑडिट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश की सभी निमार्णाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करवाएगा। इसके तहत सामरिक दृष्टि से अहम चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के तहत निमार्णामीन सुरंगें भी शामिल रहेंगी। देशभर में करीब 29 सुरंगों को चुना गया है। इनमें 12 सुरंगें हिमाचल प्रदेश की हैं। इन सुरंगों की कुल लंबाई 79 किमी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञ संयुक्त रूप से सभी सुरंगों की जांच करेंगे। निरीक्षण के

बाद सात दिनों में रिपोर्ट तैयार की जाएगी। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी भी निमार्णाधीन सुरंग का निरीक्षण कर प्रपत्र में निरीक्षण नोट व रिपोर्ट सौंपेंगे । इसके अलावा किसी जरूरी कार्य की भी टाइमलाइन का उल्लेख इसमें किया जाएगा। अकेले पंडोह बाईपास टकोली प्रोजेक्ट के तहत कुल 10 में से 8 टनलें बनकर तैयार हो गई हैं। इनमें से पांच में यातायात चल रहा है। दो टनलों में इन दिनों खोदाई कार्य चल रहा है। दोनों टनलों की खोदाई समानांतर चलने के साथ हर 300 से 500 मीटर पर दोनों टनलें आपस में जुड़ी हुई हैं। यदि कोई आपातकालीन स्थिति पैदा होती है तो यहां क्रॉस पैसेज टनल से होकर आसानी से दूसरी टनल के जरिये बाहर निकला जा सकता है। इसके अलावा टनल खोदाई के दौरान एग्जॉस्ट, सुरक्षा संबंधी सभी उपकरण और एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई है।

भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा : राजनाथ

कीसरा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा की सरकार आने पर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा। शुक्रवार को मेडचल जिले के कीसरा मंडल के रामपल्ली में भाजपा की ओर से आयोजित विजय संकल्प सभा में राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार हम तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनाएंगे। दस साल में सीएम केसीआर ने जनता से कई वादे किए लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। हमने 27 वर्षों तक गुजरात को देश में एक मॉडल के रूप में विकसित किया है। क्या आप केसीआर से सवाल कर रहे हैं कि तेलंगाना का विकास क्यों नहीं हुआ? भारत सरकार और केसीआर परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भाजपा सत्ता में आने पर परिवारवाद के खिलाफ काम करती है। वाजपेयी से लेकर मोदी तक भाजपा सरकार और नेताओं पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। घरेलू कामगारों को नौकरी देने का वादा करने वाली भारत सरकार ने धोखा दिया और पेपर लीक कर दिया। राजनाथ सिंह ने इस बात की आलोचना की कि किसी भी दलित को तीन एकड़ जमीन नहीं दी गई। बैठक में मेडचल से भाजपा उम्मीदवार एनुगु सुदर्शन रेड्डी, जिले के नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

हर्ष लिम्बाचिया 'सा रे गा मा पा' के फिनाले एपिसोड को करेंगे होस्ट

हर्ष लिंबाचिया सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' के फिनाले एपिसोड

में आदित्य नारायण के साथ होस्ट करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आदित्य नारायण के साथ होस्टिंग करना आनंददायक और मनोरंजक दोनों है। अपने चार महीने के सफर के दौरान, यह शो जल्द ही 26 नवंबर को अपने 'फिनाले एपिसोड' के साथ एक रोमांचक समापन पर पहुंच जाएगा। टॉप-5 फाइनलिस्ट में अल्बर्ट, निष्ठा, स्नेहा, रनिता या सोनिया शामिल हैं। इस एपिसोड को आदित्य के साथ फनीमैन हर्ष को-होस्ट करेंगे। टीवी इंडस्ट्री के दो सबसे प्रतिभाशाली होस्ट निश्चित रूप से सीजन के आखिरी एपिसोड में ढेर सारी मस्ती, हंसी और मनोरंजन लाएंगे। इस बारे में बात करते हुए, हर्ष ने कहा, मैं जी टीवी पर वापस आकर बहुत खुश हूं, वह भी आदित्य के साथ जो मेरे लिए भाई जैसा है। उनके साथ होस्ट करना आनंददायक और मनोरंजक दोनों है। इस सीजन में टैलेंट अविश्वसनीय है, सभी सिंगर अद्भुत हैं।" उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हर कंटेस्टेंट विजेता है। यहां तक कि जब मैंने भारती के साथ सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स को होस्ट किया था, तो हम टैलेंट की क्वालिटी देखकर दंग रह गए।

मैं अपनी भूमिकाएं कभी घर नहीं ले जाता : रणवीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म की खूब चर्चा हो रही है। ट्रेलर में बेटे और पिता के बीच का रिश्ता, उस रिश्ते में उतार-चढ़ाव और खून-खराबा देखने को मिला। यह एक रोमांचकारी ट्रेलर है। फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल जैसी दमदार स्टारकास्ट है और यह 1 दिसंबर को रिलीज होगी। ट्रेलर देखने के बाद फैंस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रणबीर और पूरी टीम फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है। इसी तरह रणबीर कपूर ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान खुलासा किया था कि राहा का जन्म 'एनिमल' की शूटिंग के दौरान हुआ था। इस कार्यक्रम में बॉबी देओल, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और निमार्ता भूषण कुमार भी मौजूद थे। रणबीर कपूर पूरे काले कपड़े पहनकर वहां पहुंचे।

रिवेंज थ्रिलर सीरीज 'अक्का' में राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश होंगी आमने-सामने

एक्ट्रेस राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश यशराज फिल्म्स की अपकमिंग रोमांचक थ्रिलर फिल्म 'अक्का' में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। एक सूत्र ने कहा, कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे को आज भारत की दो सबसे प्रतिभाशाली महिला अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वे अविश्वसनीय रूप से स्वाभाविक कलाकार हैं और स्क्रीन पर एक के बाद एक अविश्वसनीय प्रदर्शन

देने वाले टूर डी फोर्स के रूप में उनकी सराहना की जाती है! फैक्ट यह है कि कीर्ति और राधिका को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो 'अक्का' को वर्तमान में देश में बनाई जा रही सबसे दिलचस्प स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स में से एक बनाता है! इस प्रोजेक्ट का निर्देशन नवोदित लेखक और निर्देशक धर्मराज शेट्टी द्वारा किया जा रहा है। अक्का के प्रति उनके दृष्टिकोण ने आदित्य का ध्यान खींचा और 'अक्का' को वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की अब तक की सबसे बड़ी टेंटपोल सीरीज में से एक बनाने के लिए आदि की संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रोजेक्ट को तुरंत हरी झंडी दे दी गई।"

देश की सुरक्षा **नौसेना-वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय को भेजे करोड़ो के प्रस्ताव**

युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी

एक और विमानवाहक पोत, 97 तेजस व 156 प्रचंड की मंजूरी को सरकार तैयार

डीएसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में प्रारंभिक मंजूरी मिलने की संभावना

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार एक और विमानवाहक पोत, 97 तेजस और 156 एलसीएच प्रचंड के लिए प्रारंभिक मंजूरी देने को तैयार है। इन तीन बड़ी रक्षा परियोजनाओं को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में आवश्यकता को स्वीकार (एओएन) करने की संभावना है। नौसेना और वायु सेना ने इन परियोजनाओं के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव पहले ही रक्षा मंत्रालय को भेज दिए हैं।

भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच इस युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी। 'विक्रांत' को नौसेना में शामिल किये जाने के बाद से ही नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार 'मेक इन इंडिया' के तहत इस दूसरे विमानवाहक पोत की जरूरत बता रहे थे। इसी के मद्देनजर नौसेना ने 'आईएसी-2' की मेगा डील को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेज रखा है। भारत के लिए इस तरह के तीन विमानवाहक पोतों की जरूरत बताई जा रही है।

भारतीय वायु सेना को 4.5 पीढ़ी का पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1ए फाइटर जेट अगले साल फरवरी-मार्च तक मिल जाएगा। इसी सौदे का पहला ट्रेनर विमान वायु सेना को दस दिन पहले 04 अक्टूबर को सौंपा जा चुका है। फरवरी, 2021 में किये गए सौदे के मुताबिक एलसीए तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद अतिरिक्त 97 विमानों के सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इसके लिए रक्षा खरीद बोर्ड ने पहले ही मंजूरी दे दी है। इस महीने के अंत में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में इस बारे में फैसला लिया जाएगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन को तेजस एमके-1ए के लिए निर्धारित किया गया है।

दुनिया का पहला लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भारतीय सेना और वायु सेना के लिए नई ताकत बनकर उभरा है। पिछले माह 30 अक्टूबर को इस हेलीकॉप्टर से पहली बार 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की दिन और रात के समय फायरिंग की गई। आर्मी एविएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके सूरी ने एलसीएच स्क्वाड्रन की आयुध क्षमता के वास्तविक समय सत्यापन के लिए तीन हमलावर हेलीकॉप्टरों से गोलीबारी देखी। सेना को 05 और वायु सेना को 10 हेलीकॉप्टर मिल चुके हैं, जिनका इस्तेमाल दोनों सेनाएं कर रही हैं। इन हेलीकॉप्टरों की अटैक क्षमता देखने के बाद सेना और वायु सेना ने 156 और एलसीएच 'प्रचंड' की जरूरत जताई है। दोनों सेनाओं के लिए यह संयुक्त अधिग्रहण प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 66 भारतीय वायु सेना को और 90 भारतीय सेना को मिलेंगे। सेना को एलसीएच 'प्रचंड' मिलने के बाद अलग-अलग पहाड़ी इलाकों में सात यूनिट्स बनाई जाएंगी। एचएएल को ऑर्डर दिए जाने के बाद दोनों सेनाओं को हर साल 25 एलसीएच प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी।

एक नजर

भाजपा पंचायत समिति की कार्यशाला

रांची । भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला का आयोजन किया गया है. पार्टी के सांसद, विधायक समेत प्रदेश पदाधिकारी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं. बैठक में नेताओं को पंचायत समिति सद्स्यों के जरिये आम जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उसका लाभ दिलाने संबंधी चर्चा हो रही है. बैठक में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद पीएन सिंह, संजय सेठ, वीडी राम, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही, अपर्णा सिंह गुप्ता, विधायक नीरा यादव समेत कई प्रदेश पदाधिकारी मौजूद हैं.

रनिया प्रखंड में फसल कटाई दिवस का आयोजन

खूँटी । कोटेर्वा एग्रीसाइंस पायोनियर बीज कंपनी द्वारा रनिया प्रखंड अंतर्गत गांव डहु में किसानों के बीच फसल कटाई दिवस मनाया गया दो नंबर जमीन पर पायोनियर 27,37 और अन्य हाइब्रिड धान को 55= 25 वर्ग मीटर क्षेत्र काटकर दिखाया गया जिसमें पायोनियर 27ढ37 का 21 किलोग्राम अन्य हाइब्रिड धान का 18 किलोग्राम आया प्रति एकड़ जिसमें 30 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन के चार गुण 1लम्बी बालियां ,2 वजन बालियां,3 हर मौसम ज्यादा उपज 4 सुबह पकाओ शाम तक खाओ , यही चार गुण की चलते 5 क्विटंल प्रति एकड़ अन्य हाइब्रिड से पायोनियर शंकर धान 27,37 का ज्यादा उत्पादन हुआ आमदनी का बात करे तो सात से आठ का मुनाफा होगा मौके पर रांची रीजन के सर और टेरेटरी मैनेजर टिंकू कुमार बेमिसाल किसान को शॉल मेडल पहना कर सम्मानित किया क्षेत्रीय प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह डबल आय करने जानकारी प्राप्त दिया गया फ्फअ्र्सर अन्य सब्जी की फसल में लगने दवा के बारे में जानकारी दिया गया क्षेत्रीय प्रतिनिधि जितेन्द्र राम , पौलुस सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की पहल

टीटीपीएस के एमडी ने पुनः इसके विस्तारीकण का प्रस्ताव भेजा

टीटीपीएस का अब होगा विस्तारीकरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अपनी लाइफ खो चुके तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन के विस्तारीकरण को लेकर समय-समय पर कई घोषणाएं, निर्णय और फैसले होते रहे, मगर वो अब तक धरातल पर नहीं उतर सकीं. झारखंड के एकमात्र अपने थर्मल पावर प्लांट के विस्तीकरण को लेकर पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की कई घोषणाओं और कैबिनेट के निर्णयों के बावजूद अब तक कुछ नहीं हो सका. मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार में फिर से इसके विस्तारीकरण के प्रयास शुरू हुए हैं. गत 6 एवं 7 दिसंबर को दिल्ली में हुए ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में यह मसला उठा. झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के समक्ष यह मसला उठाया. इसके बाद केंद्र सरकार ने इसमें मदद करने का आश्वासन दिया. इसके बाद टीटीपीएस के एमडी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को इसके विस्तारीकरण का प्रस्ताव बना कर भेजा है. जिसमें 660-660 मेगावाट की दो यूनिटों से उत्पादन शुरू करना शामिल है. वर्तमान में टीटीपीएस की क्षमता 210-210 मेगावाट है. इस बार भी इस पावर स्टेशन का भविष्य संवरेगा या नहीं. यह देखने वाली बात होगी.

अंतिम सांसें गिन रहा टीटीपीएस प्लांट : टीटीपीएस की स्थापना 1972 में तत्कालीन बिहार सरकार के समय हुई थी. एक थर्मल पावर प्लांट की अधिकतम आयु 35 साल होती है. मगर 51 वर्ष का ये प्लांट हो चुका है. हालत इतनी खराब है कि मुश्किल से ही एक महीने में दोनों यूनिट चल पाती हैं. वर्तमान में दो यूनिट की क्षमता 210-210 मेगवाट है. मगर मुश्किल से दोनों यूनिट चलने के बाद 200 से 250 मेगावाट ही बिजली का उत्पादन हो पाता है. मगर इस दिशा में अब तक जो भी प्रयास हुए, उनेके सार्थक परिणाम नहीं निकल पाए.

टीटीपीएस के विस्तारीकरण का बड़ा पेंच अब तक फंसा है : टीटीपीएस के विस्तारीकरण में अब तक बड़ा पेंच फंसा हुआ है. क्योंकि इसके विस्तारीकरण को लेकर राजबार कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ था. मगर अब तक उसका परिचालन शुरू नहीं हो पाया है. इसमें 500 मिलियन टन कोयले का अनुमान लगाया गया है. हालांकि इसका माइनिंग प्लान भी केंद्र को भेज दिया गया है. लेकिन खनन का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है.

रघुवर सरकार ने विस्तारीकरण को लिया था कैबिनेट से फैसला

रघुवर सरकार ने 2016 में टीटीपीएस के विस्तारीकरण को कैबिनेट से दी थी. खास बात यह है कि विस्तारीकरण के तहत मई 2021 तक पहले चरण का उत्पादन शुरू होने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक यूनिट स्थापित करने का काम भी शुरू नहीं हो पाया है.

कोयला खरीदने का भी पूरा पैसा नहीं : टीटीपीएस प्रबंधन के पास कोयला खरीदने के लिए पूरा पैसा जुगाड़ नहीं हो पा रहा है. एक दिन में दोनों यूनिटों को चलाने के लिए 7000 टन कोयले की जरूरत होती है. हर महीने 32 करोड़ का कोयला खरीदा जाता है. वहीं टीटीपीएस के अफसरों- कर्मियों को भी वेतन देने में लगभग छह करोड़ खर्च होते हैं. जेबीवीएनएल बिजली लेने के एवज में रेगुलर टीटीपीएस को पैसे का भुगतान नहीं करता. इसके कारण टीटीपीएस सीसीएल को पैसा नहीं दे पाता है. अभी हाल में दुर्गा पूजा में सीसीएल ने कोयले की आपूर्ति रोक दी थी. ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार की पहल पर सीसीएल ने कोयले की आपूर्ति शुरू की.

टीटीपीएस का फैक्ट

- टीटीपीएस की दोनों यूनिटों को चलाने के लिए हर माह 1.5 लाख टन कोयले की है जरूरत
- एक दिन में 7000 टन होती है कोयले की जरूरत
- टीटीपीएस हर महीने खरीदता है 32 करोड़ का कोयला
- एक यूनिट बिजली उत्पादन में 700 से 800 ग्राम कोयले की जरूरत
- बिजली उत्पादन के लिए जेड-8 और जेड-9 श्रेणी के कोयले का होता है उपयोग
- एक यूनिट बिजली उत्पादन में 3.50 रुपये प्रति यूनिट आता है खर्च
- एक माह में 20 करोड़ की बिजली का होता है उत्पादन
- प्रति माह डीजल में 3.5 करोड़ खर्च
- मेंटेनेंस में दो से ढाई करोड़ खर्च
- कर्मचारियों-अधिकारियों के वेतन में हर माह लगभग छह करोड़ खर्च

रेलवे स्टेशन की जमीन मामले में 3 सप्ताह में देना है जवाब

रांची । देवघर जिला के जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. इस मामले में कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर अतिरिक्त समय देने की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने तीन सप्ताह का समय प्रदान किया. पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने पहले जसीडीह स्टेशन के दक्षिणी इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने की बात स्वीकारी थी. अब सरकार की ओर से इस जमीन के लिए 57 करोड़ रुपए की मांग की जा रही है. प्रार्थी का कहना था कि जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो बनने से देवघर में बाबा बैजनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की. मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी.

झारखंड में नक्सली गतिविधियों को बढ़ावा के षड़यंत्र का पर्दाफाश

यूपी से गिरफ्तार नक्सलियों के पास बरामद दस्तावेज से हुआ खुलासा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उत्तरप्रदेश एटीएस ने बीते दिनों बलिया में गोपनीय बैठक कर रहे पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार किया था. इनके पास बरामद दस्तावेजों से नक्सलियों के बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है. बरामद दस्तावेज से यह खुलासा हुआ है कि ये सभी नक्सली केंद्रीय कमेटी के नेताओं के इशारे पर बलिया, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली को केंद्र बना कर यूपी में नक्सली गतिविधियां बढ़ा रहे थे. इसके अलावा यूपी के बलिया, मिजार्पुर, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों में नक्सली गतिविधियों को विस्तार देते हुए

भाकपा माओवादी का शासन स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी. उनके पास से बरामद डायरी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों के नाम और संगठन को होने वाली फंडिंग का ब्योरा भी मिला था. इस केस को अब एनआईए ने टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है.

केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा ने एडहॉक कमेटी बनाई थी

जांच में सामने आया है कि सीपीआई माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा (गिरफ्तार) एडहॉक कमेटी बनाई थी. संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिए लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती की जा रही थी. साथ ही, पूर्वांचल में किसी सरकार विरोधी आंदोलन को चुन कर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी. इसके लिए जंगल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था.

चंदा-लेवी वसूली व हथियार जमा कर रही थी तारा

गिरफ्तार नक्सली तारा देवी उर्फ मंजू उर्फ मनीषा 18 साल से नक्सली घटनाओं में शामिल रही है. वह नए सक्रिय सदस्यों की भर्ती के लिए नक्सल के एमओ (मास आर्गनाइजेशन) और मुखौटा संगठनों के साथियों के साथ मिल कर काम कर रही थी. पुराने भूमिगत सदस्यों के साथ नए लोगों की भर्ती कर रही थी. उनका उद्देश्य भारत सरकार के खिलाफ नक्सली विचारधारा के लोगों को जुटा कर सशस्त्र विद्रोह के जरिए सरकारी व्यवस्था को उखाड़ना था. वह नक्सलियों की सरकार स्थापित करने के लिए अपनी पार्टी भाकपा माओवादी के लिए चंदा व लेवी वसूलने व हथियार जमा कर रही थी.

पृष्ठ एक के शेष

सूबे को विकसित बनाने को...

योजना के तहत एक परिवार में जितनी भी बच्चियां होंगी, उसे इसका लाभ मिलेगा क्योंकि योजना का लाभ लेने के लिए एक परिवार से दो बच्चियों की बाध्यता को सरकार ने खत्म करने का निर्णय लिया है।

हर वर्ग के लिए हैं योजनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजना बनाई गयी है । यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जा रहा है। किसानों- पशुपालकों और मजदूरों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और फूलो झानो जल संवर्धन योजना समेत अनेकों योजनाएं चल रही है । अब सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाले पशुओं की बीमा भी कराएगी।

आदिवासियों के साथ खड़ी है सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का रिश्ता काफी पुराना है । लेकिन, उन्हें इस अधिकार से हमेशा वंचित करने का प्रयास होता रहा। हमारी सरकार ने अबुआ वीर दिशोम योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा दिया जा रहा है। हमारी सरकार आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है।

साहिबगंज जिले वासियों को मिली कई सौगातें : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपए की रुपए की 891 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें 62 करोड़ 97 लाख रुपए की 746 योजनाओं का उद्घाटन और 149 करोड़ 94 लाख 39 हजार 600 रुपए की 145 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। वहीं, 3 लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच 2 अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपए की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

किस योजना के कितने लाभुकों को मिला लाभ : इस अवसर पर जिन महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया उसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 1152, पीएम आवास योजना के 6812, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 2034, साईकल वितरण योजना के 6978, विभिन्न पेंशन योजना के 137293, प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना के 115962 , केसीसी के 1692 और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के 27976 लाभुक हैं। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, अबुआ वीर दिशोम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत कई और योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद श्री विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती मोनिका किस्कू, पूर्व मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे , संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल और साहिबगंज जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

पहली महिला चीफ जस्टिस से भी...

पैसे वसूल चुके हैं। दूसरी बात यह है कि यह दिल्ली नहीं, उत्तर प्रदेश है। अपने आत्म कथा में जस्टिस लीला सेठ लिखती हैं कि नोएडा अथॉरिटी के अफसरों ने उनके वास्तुविद के मार्फत मकान का कम्पलीशन सर्टिफिकेट देने के लिए घूस की मांग की और घूस मिलने पर बिना किसी औपचारिकता के सीधे कम्पलीशन सर्टिफिकेट ने की बात कह रहे थे। लेकिन सेठ ने यह पेशकश ठुकरा दी और अधिकारियों को संदेश भेजवाया कि वह दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज हैं और ऐसी बेवकूफियां बर्दाश्त नहीं करेंगी। लेकिन जस्टिस लीला सेठ के संदेश का नोएडा अथॉरिटी के अफसरों पर कोई असर नहीं हुआ। उल्टे उन अफसरों की ओर से संदेश आया कि वह अपने आप को समझती क्या हैं? वे (नोएडा अथॉरिटी वाले) कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों व ऐसी अन्य जानी-मानी हस्तियों से पैसे वसूल चुके हैं। दूसरी बात यह है कि यह दिल्ली नहीं, उत्तर प्रदेश है। लेकिन इसके बाद भी लीला सेठ ने घूस देने से साफ मना कर दिया। महीनों की खींचतान के बाद जस्टिस लीला सेठ के घर नोएडा अथॉरिटी वाले मुआयना करने आए। हर तरह से जांच कर लेने के बाद भी जब उन अफसरों को विरोध में रिपोर्ट लगाने लायक कोई कारण या गड़बड़ी नहीं मिली, तो उन्होंने दोबारा नाप-जोख शुरू किया। इस दौरान उन्होंने एक साफ्ट में त्रुटि निकाल कर कहा कि सॉफ्ट निर्धारित मापदंड से साढ़े तीन इंच छोटा है। इस पर लीला सेठ अपने वास्तुविद पर बहुत ही नाराज हुईं। क्योंकि उन्होंने अपने वास्तुविद से कह सका था कि मकान बनाने में किसी भी तरह की कोई छोटी गड़बड़ी भी नहीं होनी चाहिए। वास्तुविद ने हर तरह से नियम का पालन करते हुए निर्माण कराए और उसने ऐसा ही करने का भरोसा भी दिलाया था। वास्तुविद ने बताया कि यह कोई गंभीर मसला नहीं है, बल्कि कंडोनेबल है, और मामूली जुमार्ना भर कर सब ठीक हो जाएगा। लेकिन, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना था कि दिल्ली में यह 'कंडोनेबल' मसला हो सकता है, यहां ऐसा नहीं है। अफसरों ने कहा कि दीवार तोड़नी होगी। साथ ही, यह भी बता दिया कि दूसरा विकल्प (घूस देकर सर्टिफिकेट लेने का) हमेशा खुला है। जस्टिस लीला सेठ लिखती हैं कि उनको नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के रवैये पर बहुत गुस्सा आया और उन्होंने दीवार तोड़ कर बनाने का फैसला किया। उनके वास्तुविद ने बताया कि अफसर पांच हजार रुपए घूस मांग रहे हैं, दीवार तोड़ कर बनाने में दोगुना खर्च आएगा। फिर भी जस्टिस लीला सेठ ने दीवार तोड़ कर बनवाने का फैसला किया। जल्दी - जल्दी दीवार तोड़ कर कमी सुधारी गई। लेकिन उसके बाद नोएडा प्राधिकरण के अफसर दुबारा निरीक्षण के लिए आने को ही तैयार नहीं हो रहे थे। लीला सेठ लिखती हैं- उन्हें फिर से मुआयना करने के लिए राजी करने में महीनों लग गए, इसके बाद जाकर मुझे अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल सका। लेकिन इन सारी प्रक्रिया में एक साल से ज्यादा का समय लग गया।

झारखंड में नहीं बदला...

अलग लेन बना रखा है और वहां के सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक का फोटो लगा पहचान पत्र अनिवार्य है ताकि यात्री समस्या होने पर शिकायत कर सकें। यहां कोई भी ऑटो या टैक्सी चालक वर्दी नहीं पहनता और किसी के पास किराया चार्ट नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से यह खतरनाक है और किसी आपराधिक या आतंकवादी घटना के बाद ऐसे लोगों को पकड़ना संभव नहीं जो बिना टोकन नंबर या लाइसेंस नंबर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं।राजधानी सहित अधिकांश शहरों में जाम का बड़ा कारण बिना परमिट ऑटो हैं जो मौसमी रूप से पकड़े भी जाते हैं पर सामान्यतः बेरोकटोक चलते हैं। सबसे दुःखद यह है कि पड़ोसी बंगाल ,ओड़िशा या अन्य शहरों की तरह किराया तय करने के लिए कोई कमेटी नहीं बनी न ही सरकार का उसपर कोई नियंत्रण है। ऑटो और बस वाले खुद भाड़ा तय करते हैं जबकि अन्य राज्यों में पैसेंजर एसोसिएशन्स और प्रशासन शामिल होते हैं। कमोबेस यही स्थिति सरकारी कार्यालयों की है जिनमें झारखंड बनने के पहले भी अनधिकृत बिचौलिए मंडराते रहते थे और आज भी उनमें और सरकारी कर्मचारियों में अंतर समझना आसान नहीं। इसी प्रकार कहने को अनेक सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं पर अधिकांश मामलों में इसकी औपचारिकता सिर्फ निबंधन तक ही है फिर प्रार्थी को कागज लेकर हर टेबल पर बाबुओं की खुशामद करनी पड़ती है, भू राजस्व जैसे जनता से जुड़े कार्यालयों में इसी कारण सेवा का अधिकार सिर्फ सुनने की बात रह गई है। यही हाल सूचना के अधिकार का है ।सरकार भ्रष्ट कर्मचारियों को पकड़ती भी है पर इस प्रवृति पर पूरी तरह रोक नहीं लगी है। भ्रष्ट लोगों को पकड़ने वाले विभाग एसीबी के बारे आम जनता की जागरूकता पहले भी नगण्य थी और आज भी कमोबेस वही स्थिति है। बंगाल और ओड़िशा जैसे पड़ोसी राज्यों में सड़कों पर बिजली चोरी, भ्रष्टाचार और जनता से जुड़े हेल्पलाइन नंबर लिखे होते हैं जिससे आमजन में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। शोध से पता चलता है कि अनेक सरकारी योजनाएं इसलिए सफल नहीं हो पातीं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के अनपढ़,गरीब और कम पढे लिखे लोग इसके बारे में जानते नहीं और बिचौलिए उन्हें परेशान कर दोहन करते हैं।

वैसे इस पारंपरिक व्यवस्था में भी भ्रष्ट पकड़े भी जा रहे हैं और अनेक अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने विभागों में पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं। स्वयं युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनता से संवाद के कार्य हो रहे हैं पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ऑनलाइन चालान और सड़कों पर मशीन से जुमार्ना जैसे उपाय एक सुखद अनुभूति देते हैं कि सुधार के कदम उठाए जा रहे हैं पर यह भी सच है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है जिसके लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

नागा बाबा खटाल के दुकानदारों ने निगम कार्यालय के बाहर किया हंगामा

रांची। रांची के जाकिर हुसैन पार्क स्थित नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदार आज शुक्रवार दोपहर में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया. दुकानदारों का कहना है कि मार्केट के बाहर कई सब्जी विक्रेता बिना अनुमति के अवैध तरीके से अपनी दुकानें लगा रहे हैं. ऐसे में ज्यादातर ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं. इससे उनको हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है. विक्रेतोओं का कहना है कि नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाने की कई बार शिकायत की गयी. लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है.

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

क्र.सं. : 1, **ई–निविदा सं० :** 176-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./कोडरमा के अधीन रेमा एवं दुरईटांड सेक्शन के बीच में सुविधाओं की उपलब्धता द्वारा झारखंड धाम हॉल्ट का निर्माण। (श्रमदान के साथ) **06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 19,97,338.14

क्र.सं. : 2, **ई–निविदा सं० :** 177-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** लालगढ़ बिहार–टोलरा :– सहा. मं. अभि./डाल्टनगंज, पू.म. रेल, धनबाद मंडल के अधीन लालगढ़ बिहार–टोलरा के बीच में एलएचएस के द्वारा कि.मी.– 312/9–11 पर समपार फाटक एल.सी. सं. 3/सी/ई की समाप्ति। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 3,19,41,635.72

क्र.सं. : 3, **ई–निविदा सं० :** 178-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** बरकाकाना–गढ़वा रोड :– सहा. मं. अभि./डाल्टनगंज, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के अधीन बरकाकाना–गढ़वा रोड सेक्शन में डाल्टनगंज–केचकी के बीच कि.मी.– 286/19–21 पर 13/बी/टी अथवा 13/1बी/टी, डाल्टनगंज–केचकी केबीच कि.मी.– 295/23–25 पर 9/सी/टी तथा केचकी–राजहरा के बीच कि.मी.–302/39–41 पर 4/सी/टी (03 नं.) का सब–वे के द्वारा समपार फाटकों की समाप्ति। **15 (पंद्रह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 10,60,54,046.56

क्र.सं. : 4, **ई–निविदा सं० :** 179-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पतरातु–सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन पतरातु में 30 मी. चौड़े एफ.ओ.बी. का प्रावधान और पी.एफ. सं. 1 और 2 एवं 3 का विस्तार। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 4,69,16,544.60

क्र.सं. : 5, **ई–निविदा सं० :** 180-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** गोमो–बरकाकाना – आरसीसी बॉक्स/पाइप पूलों के द्वारा बदलना (छोटे पूल सं. 179, 181, 184 & 185)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 5,17,58,109.96

क्र.सं. : 6, **ई–निविदा सं० :** 181-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व. मं. अभि./सम./धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 50,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ. आर. पाकुड़ में लोडिंग। **08 (आठ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 7,27,27,500.00

ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 15.12.2023 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 15.12.2023 को 12:30 बजे से। वेबसाइट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद
पीआर/01739/डीएचएन/इंजी०/टी/23–24/80

झारखण्ड सरकार
वन पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन विभाग,
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

आम नीलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र एवं चिनियां बीट कार्यालय में जप्त आरामील, आरामील इंजन, रन्दा मशीन, फिटर मशीन, एवं अन्य उपस्कर जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक रंका स्थित रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय)/नगद गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोली दाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारण वश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना आवश्यक होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेषकर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते **https://garhwa.nic.in** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 –8789831419 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

क्रम संख्या	निर्मित लौट स्थल का नाम	नीलामी की तिथि	लौट की किस्म
1.	रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस	19.12.2023	05 लौट, आरामील इंजन/मील बड़ा/मील छोटा/आरीबलेड/रन्दा मशीन बड़ा
2.	रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस		02 लौट, रन्दा मशीन एवं फीटर मशीन
3.	चिनियां बीट कार्यालय परिसर, चिनियां		03 लौट, आराबलेड, आरापुली एवं आरामील भेट साव।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR.NO.311928 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 24वां एथलेटिक मीट संपन्न

आरएनएम। रांची

बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 24वां एथलेटिक मीट खेलगांव में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस दौरान खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन ऑडिट जनरल अनूप डुग-डुग ने किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों ने उपस्थित मेहमानों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चारों सदनों द्वारा शानदार

मार्च पास्ट से किया गया। प्रतियोगिता में बैंड डिस्प्ले और योगासनों की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। कराटे पर आधारित प्रस्तुति में छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा के अनेक तरीकों का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं द्वारा स्पेनिश डांस, आदिवासी डांस की प्रस्तुति को सराहा गया। प्रतियोगिता में 100 मी और 200 मी दौड़, शटल रिले, 400 मी हैंडल्स रेस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, टग वार सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऑडिट जनरल अनूप डुग-डुग ने कहा कि शिक्षा और खेल का उचित संयोजन छात्राओं के समग्र विकास में सहायक होता है। मौके पर उपस्थित स्कूल के सेक्रेटरी रिवेनलेंट सिकंदर नाग ने कहा कि विद्यालय का चरित्र निर्माण और देशप्रेम की भावना जगाने का विद्यालय हमेशा प्रयास करता रहेगा। विद्यालय की प्राचार्य के एडविन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पनौती शब्द राजनीतिक मुद्दा : मो शमी

पीएम मोदी ने हमारा हौसला बढ़ाया, इससे हमें काफी हिम्मत मिली

एजेंसी। अमरोहा

विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले मो शमी इन दिनों अपने गांव अमरोहा के सहसपुर अलीनगर में हैं। विश्वकप के बाद वह अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। वह अपने फार्म हाउस पर गांव के कुछ युवाओं से भी मिले। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में सुविधाएं नहीं थीं। अभ्यास के लिए मुझे 25 किलोमीटर दूर साइकिल से जाना पड़ता था। आज सरकार ने हमारे गांव को मिनी स्टेडियम की सौगात दी है। मैं भी हमेशा से चाहता था कि यहां कोई बड़ी एकेडमी या स्टेडियम हो जो युवाओं को तैयार करे। बच्चों के लिए किसी खास

कोच का इंतजाम हो, अब सरकार ने मौका दिया है तो युवाओं को इससे भुनाना चाहिए।

स्टेडियम बनेगा तो मैं भी बच्चों को देंगे प्रशिक्षण

मोहम्मद शमी ने कहा कि गांव में स्टेडियम बन जाएगा तो मैं भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया करूंगा। अब घर आया हूं लेकिन बहुत अधिक समय नहीं है, फिर भी कोशिश करूंगा कि गांव के उन युवाओं से मिलूं जो क्रिकेट में रुचि रखते हैं। आगे बढ़ना चाहते हैं, यदि संसाधनों का अभाव है तो अपनी ओर से मदद के लिए भी तैयार हूं। मैंने जिन कठिनाइयों का सामना किया, वो प्रतिभावान युवाओं को न देखनी पड़ें। इसके लिए जो भी मदद की जा सकती है, मैं तैयार हूं। वह युवाओं को यह निर्णय लेना होगा कि हमें किस तरफ जाना है।

पनौती शब्द को राजनीतिक मुद्दा बताया

हाल ही में राहुल गांधी द्वारा दिए गए पनौती वाले बयान को लेकर शमी से पूछा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि टीम इंडिया एक पनौती के कारण मैच हार गई।

शमी ने इस बात को राजनीतिक मुद्दा कहकर टाल गए। उनका कहना था कि राजनीतिक लोग क्या बात करते हैं, इससे खेल का कोई मतलब नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम ने हमारा हौसला बढ़ाया, इससे हमें काफी हिम्मत मिली। वह क्षण हमारे लिए अविस्मरणीय था। इतनी बड़ी शख्सियत का ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर खिलाड़ियों से बात करना अच्छा लगा।

एक नजर

भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने गर्लफ्रेंड से की शादी

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने अपनी प्रेमिका स्वाति अस्थाना से शादी कर ली है। हरियाणा के रहने वाले सैनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम प्रोफाइल के माध्यम से इस खबर की घोषणा की है। सैनी ने 2019 में 30 साल की उम्र में भारत के लिए टी20ई में पदार्पण किया था। सैनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'आपके साथ, हर दिन प्यार का दिन है। आज, हमने हमेशा के लिए फैसला कर लिया है। हम अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं, इसलिए हम आपके आशीर्वाद और प्यार की कामना करते हैं।'

लॉरा वोल्वार्ट द अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी।

टी20 विश्व कप के लिए विराट-रोहित को चुना जाना चाहिए : वसीम अकरम

एजेंसी। नई दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 इंटरनेशनल भविष्य के बारे में अटकलों के बीच पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम का मानना है कि भारत को आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों अनुभवी सितारों को अपनी टीम में चुनना चाहिए। भारत के नवंबर 2022 में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से रोहित और विराट सबसे छोटे प्रारूप से गायब हैं। कप्तान रोहित के ज्यादातर अनुपस्थित रहने पर हार्दिक पांड्या ने 2023 में टी20आई में भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इससे पहले रोहित शर्मा ने इस साल की शुरूआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिककिंगडम अकादमी के अगस्त लॉन्च के दौरान टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया था। कई लोगों का मानना है कि यह इस बात का संकेत था कि वह इसमें खेलेंगे या नहीं। वसीम अकरम ने कहा, 'टी20 विश्व कप कुछ ही महीने दूर है। मैं दोनों (रोहित शर्मा और विराट कोहली) को चुनूंगा। वे

भारत के लिए मुख्य खिलाड़ी होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। टी20 में आपको थोड़े अनुभव की जरूरत है। आप केवल युवा खिलाड़ी पर भरोसा नहीं कर सकते।'

रोहित ने 148 मैचों में 3853 रनों का प्रभावशाली टी20आई रिकॉर्ड बनाया है जिसमें लगभग 140 रन हैं, जिसमें चार शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं, जबकि कोहली 115 मैचों में 4008 रन, एक शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ अग्रणी रन-स्कोरर हैं। भारत के पास शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा सलामी बल्लेबाजों की एक मजबूत श्रृंखला है जो आईपीएल में सिद्ध कलाकार हैं। हालांकि, यदि युवा प्रतिभाएं लड़खड़ाती हैं, तो चयनकर्ता या बीसीसीआई रोहित से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर सकते हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने रोहित को विश्व कप में न केवल एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक कप्तान के रूप में शामिल करने की वकालत की है। गंभीर ने कहा, 'उन्हें (रोहित और कोहली) दोनों को चुने जाने की जरूरत है, दोनों को चुना जाना चाहिए और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप में कप्तान के रूप में देखना चाहता हूं।'

पाक की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है। विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है। मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है। चैपल ने 'वाइड वर्ल्ड ऑफ' पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी। इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं।

जोकोविच की नोरी पर जीत के साथ सर्बिया सेफा में

एजेंसी। स्पेन

नोवाक जोकोविच ने मलागा में डेविस कप फाइनल्स में जीत के साथ अपनी उपस्थिति की घोषणा की, जिससे सर्बिया का इटली के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला सुरक्षित हो गया। 'डेविसकॉम.कॉम ' की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने अपना 40वां डेविस कप एकल मैच ब्रिटेन के कैमरून नोरी पर 6-4 6-4 से जीत के साथ जीता, जिससे शनिवार को इटली के जानिक सिनर के साथ एक और भिड़ंत का रास्ता साफ हो गया, दोनों के बीच ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स में चैंपियनशिप मैच लड़ने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद यह मुकाबला होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि जोकोविच सर्दी से पीड़ित थे, उन्होंने मुकाबले के बीच में अपनी नाक को पोंछने के लिए टिश्यू का उपयोग किया, फिर भी उन्होंने लेजर जैसे फोरहैंड विनर्स के साथ बेदाग गुणवत्ता और सटीकता का प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्हें जूझ रहे नोरी से आगे निकलने का रास्ता मिल गया। जोकोविच ने नोरी से मुकाबला एक घंटे 41 मिनट में जीता। इस जीत ने डेविस कप एकल मैचों में जोकोविच के अजेय क्रम को 21 तक बढ़ा दिया और, उल्लेखनीय रूप से, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च 2009 के बाद से प्रतियोगिता में कोई प्रतिस्पर्धी एकल मैच नहीं हारा है। जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, कैमरून नोरी एक महान खिलाड़ी हैं और उन्होंने वहां कड़ा संघर्ष किया। मैंने हाल ही में बहुत अधिक बाएं हाथ के खिलाड़ियों के साथ नहीं खेला है, इसलिए काम खत्म करना बहुत अच्छा है। अपने देश के लिए खेलना हमेशा सबसे बड़ा दबाव और प्रेरणा होता है। लंबे सीजन के बाद, हम इसे पैरों पर महसूस कर सकते हैं। अब हम इटली से खेलेंगे। वे बहुत मजबूत देश हैं। हम लड़ने जा रहे हैं और कोर्ट पर सबकुछ झोंक देंगे। जोकोविच ने मियोमिर केकमानोविच के शानदार प्रदर्शन के बाद सर्बिया के लिए जीत हासिल की, जिन्होंने एक कड़े मुकाबले में जैक ड्रेपर को 7-6(2) 7-6(6) से हराया।

दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी एआईएफएफ यूथ लीग

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को अंडर-17 संस्करण के साथ एआईएफएफ यूथ लीग की शुरूआत की घोषणा की, जो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी। निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के प्रयास में, एआईएफएफ आयु धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए एक व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-13 और अंडर-15 यूथ लीग के लिए टीडब्ल्यू3 टेस्ट आयोजित करेगा। इसमें 50 से अधिक टीमों के भाग लेने की उम्मीद है जिसमें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल), आई-लीग, आई-लीग 2 और एआईएफएफ अकादमी मान्यता के साथ एलीट अकादमियों की टीमों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। एआईएफएफ अकादमी मान्यता का पहला दौर पूरा हो गया, जिसमें विशिष्ट श्रेणी की 30 अकादमियों को विभिन्न मानदंडों को पूरा करने के आधार पर मान्यता प्रदान की गई। मानदंड में आवासीय सेटअप, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी, चिकित्सा और शिक्षा प्रावधान और अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताएं जैसे कारक शामिल थे। उन्नत और बुनियादी मानदंड मान्यता बाद में पूरी की जाएगी।

कैरेबियन दौरे से बाहर हुए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश

लंदन। संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे इंग्लैंड लायंस प्रशिक्षण शिविर के दौरान चोट लगने के बाद जोश टंग अगले महीने इंग्लैंड के कैरेबियन दौरे से बाहर हो गए हैं। 3 दिसंबर से एंटीगुआ में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मैथ्यू पॉट्स उनकी जगह लेंगे, लेकिन 12-21 दिसंबर तक होने वाले पांच टी20 मैचों के लिए अभी तक किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की गई है। यह चोट 26 वर्षीय टंग के लिए एक झटका है, जिन्होंने 2023 की घरेलू गर्मियों में लॉर्ड्स में अपने दो टेस्ट मैचों के दौरान प्रभावित किया था, और सभी प्रारूपों में सफेद गेंद से पदार्पण की उम्मीद कर रहे थे। 90 मील प्रति घंटे की गति से उछाल उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के साथ, इंग्लैंड सेट-अप के लिए टंग के मूल्य की पुष्टि पिछले महीने हुई थी जब उन्हें एक आकर्षक दो साल का ईसीबी केंद्रीय अनुबंध सौंपा गया था। टंग की तरह, पॉट्स को भी 2023-24 के लिए दो साल का ईसीबी अनुबंध प्राप्त हुआ था, जो 2022 में अपने पहले टेस्ट समर के दौरान उनकी कार्य नीति से प्रभावित हुए थे।

डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के 13वें संस्करण का समापन

गौरी मोंगा ने जीता खिताब

एजेंसी। नई दिल्ली

उषा द्वारा प्रस्तुत डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2023 का 13वां संस्करण शुक्रवार को दिल्ली गोल्फ क्लब में समाप्त हो गया। 3 दिवसीय गोल्फिंग इवेंट में 10 से 83 वर्ष की आयु के 102 प्रतिभागियों ने 54-होल डब्ल्यूएजीआर इवेंट में हिस्सा लिया। अंतिम होल तक बराबरी पर गौरी मोंगा (236) एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर पहले स्थान पर रहीं जबकि 16 वर्षीय अमरीन संधू (237) दूसरे स्थान पर रहीं।

यह पहला वर्ष है, जब डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप को डब्ल्यूएजीआर द्वारा मान्यता मिला है। आर एंड ए और यूएसजीए की देखरेख में विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में विशिष्ट शौकिया खिलाड़ियों की रैंकिंग शामिल है और इसमें 4,000 से अधिक आयोजनों में 10,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

पुरस्कार समारोह में उषा के प्रवक्ता ने कहा, आज का खेल

गोल्फ कौशल का एक शानदार प्रदर्शन था और यह दोहराता है कि डीजीसी के साथ हमारी साझेदारी सही है, जो अधिक से अधिक महिलाओं को गोल्फ खेलने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह सहयोग सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर जोर देते हुए उषा के मूल मूल्यों को आगे बढ़ाता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई।

डीजीसी की महिला कैप्टन निम्मी धीर ने कहा, ग्रीन ग्रास पर गोल्फ खेलना एक सुखद अनुभव था। उषा के अटूट समर्थन का धन्यवाद है, कि हम सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और देश में महिला गोल्फ के पथ को आकार दे रहे हैं। हर साल बढ़ती संख्या और 10 से 83 तक के प्रतिभागियों को देखते हुए, ये वर्ष वास्तव में उत्साहवर्धक हैं। डब्ल्यूएजीआर द्वारा मान्यता इस बात का प्रमाण है कि हमारे प्रयास सही दिशा में हैं। उषा ने जूनियर से लेकर महिलाओं तक विभिन्न प्लेटफार्मों पर गोल्फ का समर्थन करने के लिए चार दशकों से अधिक समय तक दिल्ली गोल्फ क्लब के साथ साझेदारी की है, जिससे पिछले कुछ वर्षों में कई होनहार गोल्फर उभर कर सामने आए हैं।

यौन उत्पीड़न का मामला

ब्राजील के फुटबॉलर के लिए 9 साल की जेल की मांग

मैड्रिड। स्पेन की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल एक महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी दानी अल्वेस के लिए अभियोजन पक्ष के वकीलों ने 9 साल की जेल की सजा की मांग की है। अल्वेस को 30 दिसंबर को बार्सीलोना के एक नाइट क्लब में महिला के साथ दुराचार करने के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अगस्त में इस मामले में दोषी ठहराया गया था और अदालत ने कहा था कि उनके खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत है। सुनवाई की तारीख अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। अल्वेस ने हालांकि किसी भी गलत काम से इनकार किया है, उन्होंने दावा किया है कि आरोप लगाने वाली महिला के साथ उन्होंने सहमति से यौन संबंध बनाए थे।

एफआईएच जूनियर विश्व कप | अमनदीप लकड़ा ने टूर्नामेंट से पहले कहा

खामियों की पहचान कर उस पर काम किया

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय रक्षापंक्ति के खिलाड़ी अमनदीप लकड़ा ने शुक्रवार को कहा कि टीम ने कुआलालंपुर में आगामी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले सभी खामियों की पहचान कर उसमें सुधार किया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक होगा, जिसमें भारत शुरूआती दिन पूल सी मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

लकड़ा ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा, टीम का तैयारी शिविर शानदार रहा। हमने अपनी सभी खामियों की पहचान

की और अपने खेल के सभी पहलुओं में सुधार करने के लिए कड़ा अभ्यास किया है।

इस युवा खिलाड़ी ने कहा, हमारे में से हर खिलाड़ी ने बहुत कड़ी मेहनत की है और शिविर में सबने अच्छे से एक-दूसरे का सहयोग किया। मैं इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा और उम्मीद है कि जूनियर विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण योगदान दूंगा। लाकड़ा ने कहा कि सीनियर पुरुष टीम की टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत ने उन्हें खेल में खुद को साबित करने और गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय टीम ने तोक्यो में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। लकड़ा ने कहा, मैंने उसी उपलब्धि (ओलंपिक पदक) को हासिल करने का सपना देखना शुरू कर दिया है। मैंने जब इसकी चर्चा अपने पिता से की तो उन्होंने कहा कि इसे हासिल करने का एकमात्र रास्ता कड़ी मेहनत करना है। लकड़ा हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की से प्रभावित होकर इस खेल से जुड़े। टिर्की भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, एक उभरते हुए खिलाड़ी के तौर पर मुझे महान दिलीप टिर्की से मिलने का मौका मिला, जिन्होंने मुझे बताया कि वह दिन में चार घंटे अभ्यास करते थे। लाकड़ा को 2021 में भारतीय जूनियर टीम के शिविर के लिए बुलावा आया था और उन्होंने 2022 सुल्तान जोहोर कप में पदार्पण किया था। भारत ने तब स्वर्ण पदक जीता था।

पहली बार रांची में साइकिलिंग की सबसे बड़ी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

आरएनएम। रांची

भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली और झारखंड साइकलिंग संघ, रांची द्वारा आगामी को 30 नवंबर से 04 दिसंबर तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिदो कान्हु वेलोड्रम में 75वां सीनियर, 52वा जूनियर, 38वा सब जूनियर महिला-पुरुष तथा बालक-बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसको सफल बनाने हेतु झारखंड साइकिलिंग संघ द्वारा ऑर्गेनाइजिंग कमिटी बनाई गई है।







मंत्री सहित अन्य अधिकारी आयोजन समिति में

मुख्य संरक्षक : मिथिलेश कुमार ठाकुर (मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार

चेयरमैन : विजय हांसदा (सांसद,राजमहल , लोक सभा)

वाइस चेयरमैन : डॉ मधुकांत पाठक

वाइस प्रेसिडेंट : राज महेस्वरम (उपसचिव, पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड, रांची), अम्लाम कुशुम सिन्हा, अजय मुकुल टोप्पो, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, विरेन्द्र कुमार, सी डी सिंह, एस के पांडेय, ब्रजेश सिंह (मुन्ना), चंदन तिवारी

आयोजन सचिव : शैलेंद्र कुमार पाठक

कोषाध्यक्ष : रणवीर सिंह

सदस्य : दिवाकर सिंह, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र महतो, दीपक हेमब्रम, शशि कांत पांडेय, ओम प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, सोमित्रों बोराल, सतविंदर कौर, सुश्री अनीता कुमारी, गुलाची बांद्रा, राहुल प्रकाश, सलिल कुमार, चंद्र बहादुर सिंह।